# नवबिहार टाइम्स

निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

• 29 मार्च 2025 शनिवार • बोकारो संस्करण • वर्ष : 08 • अंक : 304 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो व औरंगाबाद से प्रकाशित


**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1549 :** ब्राजील की पहली राजधानी सल्वाडोर द बहीया की नींव डली।

**1798 :** स्वीट्जरलैंड एक गणराज्य बना।

**1901 :** ऑस्ट्रेलिया में पहला संघीय चुनाव हुआ।

**1954 :** भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया।

**1967 :** फ्रांस ने पहली बार अपनी परमाणु पनडुब्बी की शुरआत की।

**2008 :** इराक में हुए अमेरिकी बम विस्फोट में लगभग 50 लोगों की मृत्यु।

### 8वें वेतन आयोग से पहले केन्द्र सरकार ने दी बड़ी सौगात

# केंद्रीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में बढ़ोत्तरी

**नवबिहा टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 फीसदी की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी। इस संशोधन के साथ महंगाई भत्ता (डीए) 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो जाएगा, जिससे सरकारी कर्मचारियों के वेतन में बढ़ोतरी होगी। पिछली डीए बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब इसे 50 फीसदी से बढ़ाकर 53 फीसदी किया गया था। केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में सरकार की ओर से ये फैसला लिया गया है।

**कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को कितना मिलेगा**

2 फीसदी की इस बढ़ोतरी के साथ ही अब डीए 53 फीसदी से बढ़कर 55 फीसदी हो जाएगा। पेंशनभोगियों के लिए महंगाई राहत में भी इतनी ही बढ़ोतरी होगी। अगर किसी कर्मचारी की बेसिक सैलरी 18,000 रुपये है तो उसे अब हर महीने 360 रुपये (18,000 रुपये का 2 फीसदी) ज्यादा मिलेंगे, यानी सालाना 4,320 रुपये का फायदा होगा। इसी तरह अगर किसी पेंशनभोगी की मूल पेंशन 9,000 रुपये है, तो उसे प्रति माह 180 रुपये अधिक मिलेंगे, जो एक साल में 2,160 रुपये बढ़ जाएंगे।




**क्या है महंगाई भत्ता**

डीए एक ऐसा भत्ता है जो सरकारी कर्मचारियों को महंगाई के प्रभाव को कम करने में मदद करने के लिए दिया जाता है। यह सुनिश्चित करता है कि बढ़ते खर्चों के बावजूद वेतन से अपनी खरीदने की शक्ति बनाए रखे। जबकि मूल वेतन हर 10 साल में वेतन आयोग द्वारा निर्धारित किया जाता है, महंगाई के रुझान के लिए डीए को समय-समय पर संशोधित किया जाता है।
8वें वेतन आयोग की घोषणा के बाद यह पहली डीए बढ़ोतरी है। सरकार ने 16 जनवरी, 2025 को 8वें वेतन आयोग के गठन की घोषणा की थी, जो 1 जनवरी, 2026 से लागू होगा। नई सिफारिशें आने में कम से कम एक साल लग सकता है, जिसका मतलब है कि इस साल के अंत में दिवाली के आसपास होने वाली अगली डीए बढ़ोतरी (जुलाई-दिसंबर 2025 चक्र के लिए) 7वें वेतन आयोग के तहत आखिरी होगी।

**■ 1 करोड़ 15 लाख लोगों को होगा फायदा**

## सबसे गर्म साल होगा 2025

**नई दिल्ली (नबिटा ब्यूरो)।** देश में इस बार उम्मीद से कहीं ज्यादा गर्मी पड़ने वाली है। भारतीय मौसम विभाग के मुताबिक, इस साल देश के नॉर्थ-वेस्ट राज्यों यानी हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड, दिल्ली में हीटवेव (लू) के दिनों की संख्या दोगुनी होने की आशंका है। आमतौर पर अप्रैल से जून के महीनों में लगातार 5-6 दिन लू चलती है, लेकिन इस बार 10 से 12 दिनों के ऐसे कई दौर आ सकते हैं। हालांकि, मौसम विभाग ने यह जानकारी नहीं दी कि इस साल हीटवेव का असर कितने दिन रहेगा।

# बेलगाम निजी स्कूलों पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** अप्रैल माह शुरु होते ही निजी स्कूलों में अपने बच्चों को पढ़ाने वाले अभिभावकों की परेशानी बढ़ जाती है। वजह बनता है निजी स्कूलों द्वारा अलग-अलग मद में मनमाने ढंग से की गई फीस बढ़ोतरी। किसी स्कूल में डेवलपमेंट चार्ज लगाया जाता है तो कहीं बिल्डिंग फंड या री-एडमिशन के नाम पर पैसे मांगे जाते हैं। किताब-कॉपी और ड्रेस किस दुकान से लेना है, यह भी स्कूल वाले तय करते हैं। डीजल के दर में बढ़ोतरी नहीं होने के बावजूद हर साल स्कूल बस भाड़ा बढ़ाये जाने से भी अभिभावक त्रस्त हैं। पिछले दिनों बजट सत्र के दौरान भाजपा विधायक रागिनी सिंह और प्रदीप प्रसाद द्वारा निजी स्कूली की मनमानी से जुड़े सवाल उठाए जाने पर राज्य सरकार रेस हो गयी है। स्कूली शिक्षा व साक्षरता विभाग के सचिव उमाशंकर सिंह ने झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 को लागू करते हुए स्कूल स्तर पर शुल्क समिति और जिला स्तर पर उपायुक्तों की अध्यक्षता में समिति गठित कर सूचित करने का निर्देश दिया है। उनसे पूछा गया कि दो स्तर पर समिति के गठन के लिए पत्र जारी करने की नौबत क्यों आई।

**क्या है झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण अधिनियम**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा टीएमए पाई बनाम कर्नाटक राज्य मामले में पीआईएल संख्या 2744/2003 और झारखंड हाईकोर्ट की खंडपीठ द्वारा पीआईएल 2537/2002 में 5 अगस्त 2003 को आए आदेश के अनुपालन में निजी विद्यालयों के शिक्षक, छात्र और अभिभावकों की शिकायतों के निवारण के लिए अधिनियम बनाया गया था। लेकिन शुल्क निर्धारण के लिए कोई मापदंड नहीं था। इस वजह से झारखंड हाईकोर्ट की पीआईएल संख्या 3271/2013 के आलोक में निजी स्कूलों द्वारा अधिक फीस जांच के निर्धारण के लिए कमेटी का गठन किया गया। फिर फीस कलेक्शन को रेगुलेट करने के लिए कमेटी ने राज्य सरकार को उचित कानून बनाने का प्रस्ताव दिया। इस आधार पर ''झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017'' पारित हुआ।

**स्कूल स्तर की फीस समिति कैसे करती है काम**

संशोधित अधिनियम के मुताबिक फीस कलेक्शन को रेगुलेट करने के लिए दो स्तर पर समितियां होती हैं। हर स्कूल की फीस समिति में स्कूल प्रबंधन द्वारा मनोनीत प्रतिनिधि को अध्यक्ष, स्कूल के प्रिंसिपल को सचिव, तीन मनोनीत शिक्षक को सदस्य बनाया जाना जरुरी है। इस समिति में माता-पिता शिक्षा संघ से नामित चार माता-पिता को भी सदस्य बनाना अनिवार्य है। स्कूल स्तर की समिति का कार्यकाल तीन शैक्षणिक वर्ष के लिए होता है। फीस बढ़ाने के लिए विद्यालय प्रबंधन को स्कूल स्तरीय समिति को प्रस्ताव देना जरुरी है। फीस बढ़ाने से पहले यह देखना है कि स्कूल कहां स्थित है। छात्रों को किस तरह की सुविधा मुहैया कराई जा रही है। प्रशासन और रख रखाव पर कितना खर्च आता है। शिक्षकों को मापदंड के मुताबिक वेतन मिलता है या नहीं। स्कूल के आय और व्यय का लेखा जोखा का आंकलन जरुरी है। अगर पिछले साल की तुलना में 10 प्रतिशत से ज्यादा बढ़ोतरी करना हो तो जिला समिति से अनुमोदन जरुरी होता है।

# रिमिक्स फॉल में डूबने से दो सगे भाइयों की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** जिले के प्रसिद्ध रिमिक्स वाटरफॉल में डूबने से दो भाइयों की मौत हो गयी। दोनों भाई अपने आठ दोस्तों के साथ रिमिक्स फॉल घूमने गये थे। इसी दौरान नहाने के लिए वे झरने के पास चले गये जहां तेज बहाव के कारण वे डूब गये। दोनों मृतकों की पहचान 16 वर्षीय शुभम कुमार सिंह और 13 वर्षीय राज कुमार सिंह के रूप में हुई है। दोनों सगे भाई थे और रांची के कोकर स्थित अयोध्यापुरी के रहने वाले थे। उनके पिता संजय कुमार सिंह रांची में एक अखबार में काम करते हैं। रिमिक्स फॉल मारंगहादा थाना क्षेत्र स्थित दशम वाटरफॉल क्षेत्र से सटा हुआ है जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। जानकारी के अनुसार रांची जिले के आठ युवक एक ही कार से घूमने के लिए रिमिक्स वाटरफॉल पहुंचे थे। सभी युवक दोपहर में फॉल के पास नहा रहे थे। इसी दौरान शुभम और राज नदी की तेज धारा में बह गये और गहरे पानी में चले गये। उनके साथ गये अन्य युवकों ने शोर मचाया जिसके बाद स्थानीय ग्रामीणों ने तत्काल बचाव कार्य शुरू किया। काफी मशक्कत के बाद राज कुमार को बाहर निकालकर बुंडू के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शुभम कुमार सिंह का शव चट्टानों के बीच फंसा हुआ था। उसे बाहर निकालने में ग्रामीणों को साढ़े तीन घंटे लग गए। परिजनों और मृतक दोस्तों से मिली जानकारी के अनुसार सभी लोग बाइक से जाने वाले थे, लेकिन शिवम और राज के पिता ने उन्हें बाइक से जाने से मना किया और उनके पिता ने दोस्तों के साथ जाने के लिए स्कॉर्पियो किराए पर कर ली। इसके बाद सभी दोस्त एक ही गाड़ी से कोकर स्थित अयोध्यापुरी से रीमिक्स फॉल के लिए निकले, लेकिन दोपहर में उन्हें सूचना मिली कि उनके दोनों बेटों की पानी में डूबने से मौत हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही मारंगहादा थाना प्रभारी शंकर विश्वकर्मा दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की मदद से पानी में डूबे युवकों की खोजबीन शुरू की गई। पुलिस ने परिजनों को भी घटना की जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। उनके घर में मातम पसरा है और परिजन रो-रोकर बेहाल है।



# मेगा वितरण कार्यक्रम में 5 लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी और लाभार्थी हुए लाभान्वित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई), भारत सरकार द्वारा अपने केंद्रीय कार्यालय, मुंबई में वर्चुअल माध्यम से अबतक का सबसे बड़ा और व्यापक 'मेगा वितरण' कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामोद्योग विकास योजना, खादी विकास योजना और प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत 5 लाख से अधिक खादी कारीगर, उद्यमी और लाभार्थी लाभान्वित हुए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि केवीआईसी अध्यक्ष मनोज कुमार ने वर्चुअल माध्यम से देशभर के लाखों कारीगरों को संबोधित किया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान से जुड़ने की अपील की। कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से खादी और ग्रामोद्योग आयोग के उत्तर जोन के सदस्य नागेंद्र रघुवंशी, पूर्वी जोन के सदस्य मनोज कुमार सिंह, एमएसएमई मंत्रालय से संयुक्त सचिव (एआरआई ) विपुल गोयल, आर्थिक सलहकार ( एमएसएमई) सिमी चौधरी और केंद्रीय कार्यालय, केवीआईसी के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ साथ आयोग के देश भर के क्षेत्रीय कार्यालय से अधिकारी व कर्मचारी गण उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप खादी और ग्रामोद्योग क्षेत्र में आत्मनिर्भरता और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने की दिशा में ऐतिहासिक पहल करते हुए विले पार्ले स्थिति मुख्यालय में 'मेगा वितरण' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामोद्योग विकास योजना के अंतर्गत देशभर के सभी 6 जोन (पूर्वी जोन, पश्चिमी जोन, उत्तर जोन, दक्षिण जोन, मध्य जोन और पूर्वोत्तर जोन) के राज्य और मंडलीय कार्यालयों से संबद्ध लाभार्थियों को 16377 उपकरण, मशीन व टूलकिट का वितरण किया गया। साथ ही, खादी विकास योजना के अंतर्गत 44 नवीनीकृत खादी भवनों और 750 खादी वर्कशेड का उद्घाटन भी किया गया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देश भर में 14456 पीएमईजीपी इकाइयों को 1399.13 करोड़ रुपये के स्वीकृत ऋण पर 469 करोड़ रुपये मार्जिन मनी सब्सिडी का संवितरण किया गया, जिससे 159016 रोजगार के अवसर सृजित होंगे। इसके साथ ही अध्यक्ष केवीआईसी ने 5000 नई पीएमईजीपी इकाइयों का भी ऑनलाइन उद्घाटन किया। वित्तीय वर्ष 2024-25में कुल 58850 लाभार्थियों को 2175 करोड़ रुपये की मार्जिन का संवितरण किया गया जिससे 64,73,50 रोजगार सृजित हुए ।



# म्यांमार में 7.7 तीव्रता का भूकंप, 144 की मौत

## भारत के भी कई शहरों में महसूस हुए झटके

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** म्यांमार में शुक्रवार सुबह 11:50 बजे 7.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसके झटके भारत, थाईलैंड, बांग्लादेश और चीन समेत 5 पांच देशों में महसूस किए गए। म्यांमार और थाईलैंड में करीब 150 लोगों की जान गई है। अकेले म्यांमार में 144 लोगों की मौत हुई है, जबकि यहां 732 लोग घायल हैं। वहीं, थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में अंडर कंस्ट्रक्शन 30 मंजिला इमारत गिर गई। इस साइट पर 400 लोग काम कर रहे थे। इनमें से 80 लोग लापता हैं, जबकि 3 लोगों की मौत हुई है। सैकड़ों लोग घबराकर घरों और दफ्तरों से बाहर निकल आए। भारी तबाही के चलते थाईलैंड की प्रधानमंत्री पाइतोंग्तार्न शिनवात्रा ने इमरजेंसी घोषित कर दी है। अमेरिकी जियोलॉजिकल सर्वे के मुताबिक, इस भूकंप से होने वाली मौतों की आशंका को रेड कैटेगरी में रखा गया है। इस कैटेगरी में 10 हजार से 1 लाख मौतें तक हो सकती हैं, जिसकी संभावना 34% यानी सबसे ज्यादा है। म्यांमार, थाईलैंड, बांग्लादेश, भारत और दक्षिण-पश्चिम चीन समेत 5 देशों में असर देखा गया। यहां के कई इलाकों में तेज झटके महसूस किए गए। पीटीआई न्यूज एजेंसी के मुताबिक, भारत में कोलकाता, इंफाल, मेघालय और ईस्ट कार्गो हिल में इसके झटके महसूस किए गए। बांग्लादेश में ढाका, चटगांव समेत कई हिस्सों में 7.3 तीव्रता के झटके आए। म्यांमार में 12 मिनट बाद फिर 6.4 तीव्रता का आफ्टरशॉक आया।



# प्रेमिका की ली जान, फिर खुद को भी गोली से उड़ाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भोजपुर के बाद पटना में एक सनकी आशिक ने खौफनाक वारदात को अंजाम दिया है। राजधानी पटना के दीघा मरीन ड्राइव घाट पर गोली लगने से दो लोगों की मौत हो गई है। दीघा थाना की पुलिस ममाले की तफ्तीश में जुट गई है। पुलिस को घटनास्थल से एक बैग भी मिला है। मृतक लड़के का नाम राहुल राज है। वह मधुबनी जिला का रहने वाला है। वहीं मृत लड़की वैशाली के लालगंज की रहने वाली है, जिसका नाम सुरभि कुमारी है। बताया जा रहा है कि प्रेमी प्रेमिका काफी देर से जनार्दन घाट के सीढ़ी पर बैठे हुए थे। फिर कुछ देर बाद दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहा सुनी हुई। इसके बाद घटना को अंजाम दिया गया। बताया जा रहा है कि शुक्रवार दोपहर में दोनों गंगा किनारे मरीन ड्राइव के जनार्दन घाट पर बैठे हुए थे। तभी अचानक गोली की आवाज सुनाई पड़ी। लोगों ने देखा कि दोनों की लाश सीढ़ी पर पड़ी हुई है। दोनों खून से लथपथ हैं। वहां मौजूद लोगों के द्वारा इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जहां मौके पर पुलिस पहुंचकर मामले की जांच में जुटी है। बताया जा रहा है कि प्रेमी ने पहले प्रेमिका को गोली मारी। इसके बाद उसने खुद को भी गोली मारकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना मिलते ही मौके पर स्थानीय पुलिस के साथ-साथ एफएसएल की टीम भी पहुंची। डॉग स्क्वायड की टीम को भी बुलाया गया। मामले की जांच की जा रही है।

# फ्लोर मिल में युवक की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** पटना सिटी के मालसलामी थाना क्षेत्र में जया फ्लोर मिल में एक युवक मजदूर की संदिग्ध मौत का मामला सामने आया है। मिल की छत से 20 वर्षीय रौशन कुमार का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान हिलसा निवासी विनोद कुमार के पुत्र के रूप में हुई है। रौशन पिछले 6 महीने से संतोष कुमार के इस फ्लोर मिल में मजदूर के रूप में काम कर रहा था। पटना सिटी पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी गौरव कुमार के अनुसार प्रथम दृष्टया ऐसा लगता है कि फ्लोर मिल की छत पर सोते समय नीचे गिरने से युवक की मौत हुई है। हालांकि, मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए पटना के नालंदा मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। घटना की जांच के लिए डॉग स्क्वायड और एफएसएल की टीम को बुलाया गया है।


**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद**
(शिक्षा मंत्रालय, उच्चतर शिक्षा विभाग के अंतर्गत भारत सरकार का एक सांविधिक निकाय)
नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली - 110070

विज्ञापन संख्या - अभातशिप/प्रशासन ब्यूरो/02 (03)/2025

**अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप) के सदस्य सचिव के पद हेतु विज्ञापन – आवेदन करने की अंतिम तिथि बढ़ाने के सम्बन्ध में ।**

यह विज्ञापन संख्या अभातशिप/प्रशासन ब्यूरो/02 (02)/2025 के संदर्भ में है कि अभातशिप के सदस्य सचिव के पद हेतु आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि दिनांक 11.04.2025 तक बढ़ा दी गई है। अन्य शर्तें उल्लिखित विज्ञापन के अनुरूप ही हैं।

cbc21300/12/0020/2425


# बिहार के सात जिलों के विकास को मिलेगी रफ्तार

## जल्द 554 किमी लंबी सड़क बनकर हो जाएगी तैयार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में भारत-नेपाल सीमा सड़क परियोजना के तहत 400 किमी से अधिक सड़क निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। इस परियोजना पर अब तक लगभग 2 हजार 486 करोड़ रुपये खर्च किए जा चुके हैं। मिली जानकारी के अनुसार, इस सड़क के बचे हुए हिस्से करीब 154 किमी का निर्माण इस वर्ष मध्य तक पूरा हो जाने की संभावना है।

**सात जिलों को सीधी कनेक्टिविटी का फायदा**

भारत-नेपाल सीमा सड़क परियोजना के पूरा होने से सीमा पर 554 किमी लंबी सड़क बनकर तैयार हो जाएगी। इससे सूबे के सात जिलों पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज के लोगों को सीधी कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा। वर्षों से उपेक्षित सीमावर्ती क्षेत्रों में सामाजिक एवं आर्थिक विकास को गति मिलेगी। यातायात की सुविधा में सुधार होगा और भारत-नेपाल के बीच सड़क संपर्क अधिक मजबूत होगा। सीमा पर चौकसी बढ़ेगी और एसएसबी (सशस्त्र सीमा बल) के जवानों को पेट्रोलिंग करने में सहायता मिलेगी। तस्करी पर नकेल कसने में काफी हद तक कामयाबी मिलेगी।

**पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा**

भारत और नेपाल लगभग 729 किलोमीटर सीमा को साझा करते हैं, जिसमें 554 किमी बॉर्डर सड़क परियोजना के तहत कवर किया जा रहा है। इस परियोजना की शुरुआत वर्ष 2010 में हुई थी। इसे उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और बिहार में कुल 1 हजार 372 किमी लंबाई में विकसित किया जाना है। इसमें काफी हिस्सा पूरा हो चुका है।



**सीमावर्ती इलाकों में विकास को मिलेगा नया आयाम**

इस सड़क के पूर्ण होने से नेपाल, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और पश्चिम बंगाल की यात्रा में लगने वाले समय में कमी आएगी। साथ ही सीमावर्ती गांवों में व्यापार, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार होगा। यह सड़क न केवल स्थानीय निवासियों के लिए एक बड़ी सुविधा होगी बल्कि पर्यटन और व्यापार को भी बढ़ावा देगी, जिससे सीमावर्ती इलाकों में विकास को नया आयाम मिलेगा।


FOR REGISTRATION : ISO, TRADE MARK, PATENT
DESIGN AND COPYRIGHT, ATTORNEY
**GLOBAL VISION**
(A Complete Solution in Professional Services)
: Regd. Office/ Head Office :
Manaitand, Near Water Tank
Dhanbad, Jharkhand- 826001
Command Office : Jagat Trade Centre, Patna
Contact No.- 9835333441, 8210823092
E-Mail : globalvision96@yahoo.in

संक्षिप्त समाचार

## 1.73 करोड़ की लॉटरी टिकट बरामद

■ नागालैंड से तस्करी कर बिहार और पश्चिम बंगाल में खपाने की थी तैयारी



**पूर्णिया, एजेंसी।** बिहार के पूर्णिया पुलिस को लॉटरी टिकट की तस्करी मामले में बड़ी सफलता मिली। पूर्णिया के गुलाबबाग टीओपी थाना के गुलाबबाग मंडी के समीप एक बिना नंबर प्लेट के ऑटो से एक करोड़ 73 लाख 28 हजार रुपए के लॉटरी टिकट के साथ एक 19 वर्षीय युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम मनीष कुमार है। मनीष के पास से पुलिस ने लगभग डेढ़ लाख रुपए के मोबाइल फोन को भी जब्त किया गया है। पुलिस मनीष से पूछताछ कर रही है। पुलिस के अनुसार ये लोग लंबे समय से इसमें संलिप्त हैं, जिसकी छानबीन की जा रही है। लॉटरी के टिकट पर मणिपुर अंकित है। कार्रवाई की जानकारी देते हुए सदर एसडीपीओ पंकज शर्मा ने कहा कि गुलाबबाग टीओपी थाना प्रभारी कुंदन कुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि लॉटरी की बड़ी खेप बंगाल से पूर्णिया आ रही है। इसी सूचना पर पुलिस ने नाकेबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू कर दी। गुलाबबाग मंडी के गेट के पास एक ऑटो में लदा करीब 10 कार्टून यानी 14 लाख 44 हजार लॉटरी टिकट बरामद किया गया, जिसका मूल्य पौने दो करोड़ रुपए है।

**नागालैंड से तस्करी:** एसडीपीओ ने बताया कि यह लॉटरी टिकट नागालैंड और पूर्वोत्तर भारत से तस्करी के लिए पश्चिम बंगाल के रास्ते होते हुए पूर्णिया लाया गया था। एसडीपीओ ने कहा कि मनीष साह ने इसमें से 7 कार्टून लॉटरी टिकट पूर्णिया के गुलाबबाग निवासी सन्नी कुमार और सुमन कुमार को बेचा था। ऑटो के माध्यम से ही पश्चिम बंगाल के दालकोला पहुंचाना था, मगर पुलिस ने उनके इरादों पर पानी फेर दिया।

## बिहार में सरकारी अस्पताल की बड़ी लापरवाही !

■ जिंदा था बच्चा, डॉक्टर ने बना दिया डेथ सर्टिफिकेट

**बेतिया, एजेंसी।** बिहार के बेतिया में हैरान करने वाली घटना सामने आई है। जहां एक जीवित बच्चे का मृत सर्टिफिकेट डॉक्टर ने परिजनों को दिया है। मामला 24 मार्च लौरिया के सामुदायिक स्वास्थ केंद्र का है। जहां ज्योति कुमारी प्रसव के लिए भर्ती हुई थी। वहीं नार्मल डिलेवरी के तहत उसने एक बच्चे को जन्म दिया। जिसके बाद डॉक्टर और नर्सिंग स्टॉफ ने बच्चे की जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया।

**जिंदा बच्चे का बनाया डेथ सर्टिफिकेट:** परिजनों ने बताया कि डॉक्टर ने जिंदा नवजात का डेथ सर्टिफिकेट भी बना दिया। जिसके बाद परिजनों को बच्चे का डेथ सर्टिफिकेट देकर अस्पताल से घर जाने को कहा गया। वहीं जब परिजन रोते बिलखते अपने बच्चे को लेकर निजी क्लीनिक पहुंचे तो नवजात जीवित निकला। बच्चे को ऑक्सीजन लगाया गया और वो बिलकुल ठीक हो गया। अब इस पुरे मामले में अस्पताल प्रशासन ने अपनी लापरवाही पर चुप्पी साध ली है।

**क्या कहते हैं डॉक्टर?:** परिजन का कहना है कि डिलवरी के बाद नर्स ने आकर उनसे बोला की बच्चा मृत पैदा हुआ है। जिसके बाद डॉक्टर अफरोज आलम ने डेथ सर्टिफिकेट पर हस्ताक्षर भी कर दिया। वहीं डॉ अफरोज आलम ने बताया कि उन्हें फंसाने के लिए गलत हस्ताक्षर अस्पताल कर्मियों ने ले लिया है। इस मामले में पूरे स्वास्थ विभाग ने चुप्पी साध ली है।

## रिश्वत लेने के आरोप में रानीगंज सीओ निलंबित

■ अररिया में दाखिल-खारिज के एवज में पैसे लेने का था आरोप, विभागीय कार्रवाई शुरू

**अररिया, एजेंसी।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने रानीगंज के सीओ प्रियव्रत कुमार को निलंबित कर दिया है। कुमार पर दाखिल-खारिज मामलों में अनियमितता का आरोप है। भाजपा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण झा द्वारा जारी प्रेस रिलीज के अनुसार, सीओ कुमार पर अपने पद का दुरुपयोग करने का आरोप है। उन्होंने दाखिल-खारिज की स्वीकृति के लिए अपने और अपने परिचित अनुनय कुमार के बैंक खातों में अवैध रूप से राशि प्राप्त की। शिकायत में दावा किया गया है कि सीओ के खाते में 2। 75 लाख रुपए और अनुनय कुमार के खाते में 2 लाख रुपये जमा कराए गए। समाहर्त्ता, अररिया से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार, जिला स्तर पर गठित त्रिस्तरीय जांच समिति ने मामले की जांच की। जांच में पाया गया कि सीओ कुमार ने इस राशि को सेल्फ डिपॉजिट बताया। हालांकि, विभागीय पोर्टल पर उनके द्वारा जमा की गई वित्तीय वर्ष 2024-25 की संपत्ति विवरणी में ऐसी कोई संपत्ति नहीं दिखाई गई है, जिससे इतनी बड़ी नगद राशि की प्राप्ति हो सके।

# बिहार में नबीनगर एनटीपीसी बनेगा देश का दूसरा सबसे ज्यादा बिजली उत्पादन करने वाला संयंत्र

## बायो पैलेट्स का होगा इस्तेमाल

**औरंगाबाद, एजेंसी।** बिहार के औरंगाबाद में स्थित नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन की बिजली उत्पादन क्षमता देश में दूसरे स्थान पर हो वाली है, इसके लिए जोर-शोर से काम चल रहा है। एनएसटीपीएस के स्टेज-2 के निर्माण के बाद उत्पादन 1980 मेगावाट से बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी। स्टेज-2 से बिहार को और अधिक बिजली उपलब्ध कराने के उदेश्य से बिहार सरकार और एनटीपीसी के बीच 1500 मेगावाट बिजली खरीद का समझौता हुआ है। स्टेज-2 का निर्माण को जल्द ही शुरू होगा और इससे जुड़ी सारी जरूरी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। भारत का दूसरा सबसे बड़ा संयंत्र बनने की तैयारीः बिहार के औरंगाबाद जिले में एनटीपीसी का विद्युत उत्पादन संयंत्र लगने के बाद से ही अपने नए कीर्तिमान गढ़ रहा है। वर्तमान में यह भारत का दूसरा सबसे बड़ा संयंत्र बनने की ओर अग्रसर है। परियोजना के कार्यकारी निदेशक एलके बेहेरा ने बताया कि नए यूनिट का जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा और स्टेज-2 के प्रथम यूनिट से अगस्त 2029 तक विद्युत उत्पादन आरंभ हो जाएगा।

**बायो पैलेट्स का होगा उपयोगः** प्रथम यूनिट से 800 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा और इसके 6-6 महीने के अंतराल पर स्टेज-2 की दूसरी और तीसरी यूनिट से भी बिजली उत्पादन आरंभ हो जाएगा। परियोजना प्रमुख ने बताया कि स्टेज-2 की तीनों ही यूनिट में कोयले के साथ ही बायो पैलेट्स का उपयोग होगा। एनटीपीसी बिजली उत्पादन के साथ-साथ विकास और सामाजिक कार्यों में भी मदद कर रहा है। ग्रामीण विकास में भी एनटीपीसी नबीनगर का सहयोगः इस सम्बंध में जानकारी देते हुए एनएसटीपीएस के परियोजना प्रमुख सह कार्यकारी निदेशक एलके बेहेरा ने बताया कि एनटीपीसी नित नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर है। एनटीपीसी नबीनगर न केवल बिजली उत्पादन में बल्कि ग्रामीण विकास के क्षेत्र में भी सफलतापूर्वक भागीदारी निभा रही है। उन्होंने परियोजना के उत्कृष्ट प्रदर्शन और विद्युत उत्पादन की चर्चा करते हुए कहा कि वर्तमान में 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहा है। नबीनगर सुपर थर्मल पावर स्टेशन का बिहार की विद्युत आपूर्ति में अहम योगदान है।

**ग्रामीण इलाकों में सकारात्मक बदलावः** परियोजना प्रमुख ने कहा कि एनटीपीसी नबीनगर ग्रामीण विकास में भी तत्परता से योगदान दे रहा है। यह पावर प्लांट सीएसआर, आर एंड आर और सीडी फंड के माध्यम से 37 से भी अधिक गांवो में विकास को गति दे रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आधारभूत सुविधा और स्किल डेवलपमेंट के क्षेत्र में लगातार प्रयासों से एनटीपीसी, नबीनगर ग्रामीण क्षेत्र में विकास की एक नई कहानी गढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह खुशी की बात है कि एनटीपीसी, नबीनगर के तत्पर प्रयासों से ग्रामीण इलाकों में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। एनटीपीसी परियोजना आसपास के गांव के निवासियों को अपना परिवार स्वरुप मानती है।

**तीन इकाईयों का हो रहा निर्माणः** इस परियोजना ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में अभी तक 13,792 मिलियन यूनिट से भी अधिक बिजली उत्पादन कर अपनी संचालन के सफलता का प्रदर्शन किया है। इस दौरान इस पावर स्टेशन का प्लांट लोड फैक्टर(पीएलएफ) 81. 07 रहा, जो इसकी उत्कृष्टता का असाधारण प्रदर्शन है। कहा कि 1980 मेगावाट बिजली उत्पादन कर रहे परियोजना के स्टेज-1 को शून्य प्रदूषण स्तर पर लाने के लिए फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन(एफजीडी) यूनिट का निर्माण तेजी से चल रहा है। इसे वित्तीय वर्ष 2026-27 तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। परियोजना प्रमुख ने कहा कि एनटीपीसी, नबीनगर में स्टेज-2 के तहत 800-800 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता वाली तीन इकाईयों का निर्माण होने जा रहा है।



**देश का दूसरा सबसे बड़ा पावर प्लांटः** स्टेज-2 के निर्माण के बाद इस प्लांट की कुल विद्युत उत्पादन क्षमता 1980 मेगावाट से बढ़कर 4380 मेगावाट हो जाएगी। इससे यह प्लांट सर्वाधिक बिजली उत्पादन करने वाला देश का दूसरा सबसे बड़ा प्रमुख पावर प्लांट बन जाएगा। परियोजना प्रमुख ने कहा कि स्टेज-2 का निर्माण कार्य जल्द ही शुरू होगा। इससे जुड़ी सारी जरुरी तैयारियां पूरी कर ली गयी है। स्टेज-2 के तहत बनने जा रही तीनों इकाइयों में एयर कूल्ड कंडेनसर सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा, जिससे पानी की खपत बेहद ही कम हो जाएगी।

**अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल होगी स्टेज-2 की तीनों इकाईः** कार्यक्रम प्रमुख ने बताया कि स्टेज-2 की तीनों नई विद्युत उत्पादन इकाईयां अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल होंगी, जहां उच्च तापमान और प्रेशर के प्रयोग से बिजली बनाई जाएगी। इससे थर्मल एफिशिएंसी बढ़ जाएगी। स्टेज-2 के निर्माण से बिहार को और अधिक बिजली उपलब्ध होगी। इसी कड़ी में एनटीपीसी और बिहार सरकार के बीच 1500 मेगावाट बिजली खरीद का करार हुआ है।

### बायो पैलेट्स से किसानों को मिलेगा रोजगार

परियोजना प्रमुख ने कहा कि एनएसटीपीएस का स्टेज-2 प्लांट तकनीकी रूप से बायो पिलेट्स के इस्तेमाल से भी विद्युत उत्पादन में तकनीकी रूप से सक्षम होगा। यह सक्षमता इसलिए भी जरूरी है क्योकि 2023 में ही केंद्र सरकार ने कोयला आधारित विद्युत संयंत्रों में कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में कमी लाने के लिए कोयले में 5 से 7 प्रतिशत बायोमास के इस्तेमाल का नीतिगत निर्णय लिया है। रोजगार का नया साधन भी उपलब्ध होगा और किसान अपशिष्ट पदार्थों को नष्ट करने और पराली को खेतों में जलाए जाने के बजाय इन्हे बायो पैलेट्स निर्माण इकाईयों को बेंचकर लाभ भी कमा सकेंगे।

## नालंदा में आत्महत्या के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ा युवक

### कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण और पुलिस ने उतारा नीचे, पुलिस बोली- मानसिक रूप से विक्षिप्त है युवक



**नालंदा, एजेंसी।** नालंदा में आत्महत्या के इरादे से एक युवक मोबाइल टावर पर चढ़ गया। कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण और पुलिस के सहयोग से उसे नीचे उतारा गया। युवक की पहचान सिलाव थाना क्षेत्र के पांकी गांव निवासी सुनील सिंह के बेटे गोलू कुमार के रूप में हुई है। घटना, नालंदा थाना क्षेत्र के माहुरी गांव का है। गोलू ने बताया कि वह आत्महत्या करने के लिए मोबाइल टावर पर चढ़ा था। उसके माता-पिता की मौत हो चुकी है। उसने बताया कि उसके साथ मारपीट किया जाता है। इसलिए वह मोबाइल टावर पर फांसी लगाने के लिए चढ़ गया था।

### देर रात ही टावर पर चढ़ा था युवक

दरअसल, शुक्रवार की सुबह जब ग्रामीणों की नजर मोबाइल टावर पर चढ़े एक युवक पर पड़ी। इसके बाद ग्रामीण युवक को नीचे उतरने के लिए आवाज लगाने लगे। स्थानीय पुलिस को भी इसकी जानकारी दी गई, जिसके बाद बहला-फुसला कर युवक को किसी तरह से नीचे उतार लिया गया। देर रात ही युवक मोबाइल टावर पर चढ़ा था। करीब 15 किलोमीटर दूर से चलकर गोलू माहुरी पहुंचा था।

### पूछताछ कर रही है पुलिस

इस मामले में नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि युवक मानसिक रूप से विक्षिप्त लग रहा है। पूछताछ की जा रही है। उसके गांव वालों से भी पता लगाया जा रहा है। ग्रामीणों के द्वारा पुलिस को टावर पर चढ़े युवक के बारे में पता चला।

## संदिग्ध स्थिति में नवविवाहिता की मौत :4 महीने पहले हुई थी शादी

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में एक नवविवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका की पहचान माधवा टोला गांव निवासी लालबाबू राजभर की पत्नी राजकुमारी देवी(23) के रूप में हुई है। मृतका के परिजनों ने बताया कि राजकुमारी की शादी 27 नवंबर 2023 को हुई थी। वह यूपी के देवरिया जिले के कोंहवलिया गांव निवासी मुनैब राजभर की बेटी थी। मृतका के पति विदेश में मजदूरी करते हैं। घर पर वह सास, ससुर और जेठानी के साथ रहती थी। गुरुवार की रात मृतका के पिता को उनकी बेटी की मौत की सूचना मिली। जब वे ससुराल पहुंचे, तब तक पुलिस मौके पर आ चुकी थी। पिता का कहना है कि परिवार में सब ठीक चल रहा था। हालांकि, आसपास के लोगों ने बताया कि ससुराल पक्ष में किसी बात को लेकर विवाद हुआ था।

**आवेदन मिलने पर होगी कार्रवाई :** विजयीपुर थाना प्रभारी सुरज कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि परिजनों की तरफ से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने के बाद जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## चारा घोटाले मामले में 950 करोड़ वसूली के लिए कोर्ट जाएगी बिहार सरकार

**पटना, एजेंसी।** करीब तीन दशक विश्व भर में चर्चित 950 के चारा घोटाले का जिन्न फिर निकल पड़ा है। इस राशि की वसूली के लिए बिहार सरकार कोर्ट का दरवाजा खटखटाएगी। नीतीश सरकार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इतनी बड़ी धनराशि की वापसी के लिए सरकार सभी संभव उपाय तलाशेगी। आईटी और सीबीआई से विमर्श किया जाएगा। राष्ट्रीय जनता दल के सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव के मुख्यमंत्री रहते बिहार( झारखंड समेत) के सभी जिलों में कोषागार से पशु चारा और इलाज के नाम पर 950 करोड़ की अवैध निकासी हुई थी जिसमें लालू प्रसाद की कुर्सी चली गयी। उन्हें कई केस में सजा सुनाई गई और बार बार जेल जाना पड़ा। इस केस में पूर्व सीएम जगन्नाथ मिश्रा का भी ना उछला था। कांग्रेस ने इसे राजनीति से प्रेरित माना है तो जदयू का कहना है कि सपोर्ट किया है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार डिप्टी सीएम सह वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि सरकार वैसे सभी उपाय देख रही जिससे ये रुपए खजाने में लौटाए जाएं। कोर्ट से सरकार गुहार लगा सकती है कि जो लोग इसके दोषी सिद्ध हुए उनकी संपत्ति बेचकर गबन की राशि को सरकार को लौटाया जाए। जांच एजेंसी को यह जिम्मा दिया गया था पर 29 साल बीत जाने के बाद भी पैसे वापस नहीं आए। इसकी सीबीआई जांच 1996 में शुरू की गयी थी। घोटाले में शामिल कई बड़े अफसर और नेता जेल गए थे। कई को सजा भी हुई। लालू प्रसाद इसी मामले में बेल पर हैं और उनके चुनाव लड़ने पर रोक लगा दी गई है। सम्राट चौधरी ने कहा है कि हर हाल में ये रुपए वापस सरकार के खजाने में वापस लाएंगे।



सरकार के रुख से बिहार की सिसायत सुलग गई है। कांग्रेस पार्टी ने इसे राजनीति से प्रेरित मामला बताया है। पार्टी प्रवक्ता ज्ञान रंजन ने कहा है कि चुनाव का माहौल है तो एक परिवार को टारगेट किया जा रहा है। चारा घोटाले की रकम वापस लाई जाएगी तो विदेशों में जमा काला धन कब वापस लाएगी। बड़े बड़े उद्योगपति पैसा लेकर विदेश भाग गए उन्हें कब पकड़ा जाएगा। बिहार में नफरत की राजनीति की जा रही है। वहीं जदयू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा है कि चारा घोटाला जो हुआ था वह राजनैतिक विद्वेष से नहीं हुआ। लालू जी जिस केंद्र सरकार को सपोर्ट कर रहे थे उसी सरकार ने यह मामला उठाया। इन लोगों ने आवंटन से ज्यादा राशि निकाल ली तो कार्रवाई होगी ही।बीजेपी प्रवक्ता असितनाथ तिवारी ने कहा है कि ये पैसे तो खजाने में लाना जरूरी है। जिन लोगों ने बिहार को लूटा है उन्हें तो लौटाना पड़ेगा।

## बिहार के बक्सर में 41 डिग्री के पार पहुंचा पारा, अभी से हीट वेव जैसे हालात



**पटना, एजेंसी।** चैत का महीना अभी शुरू ही हुआ है और सूरज के तेवर तल्ख हो गए हैं। बिहार के कुछ क्षेत्र में दोपहर के समय भीषण गर्मी पड़ना शुरू हो गया है। मार्च में ही हीट वेव जैसे हालात बन गए हैं। प्रदेश में अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। बक्सर गुरुवार को बिहार का सबसे गर्म शहर रहा। यहां अधिकतम तापमान 41.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस सीजन का सर्वाधिक है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में दिन और रात के तापमान में और बढ़ोतरी के आसार जताए हैं। मौसम पूर्वानुमान के अनुसार बिहार में अगले दो-तीन दिनों तक 30 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवा चलने की संभावना है। प्रदेश में दिन के साथ ही रात का पारा भी बढ़ने लगा है। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। अगले दो-तीन दिनों के दौरान उत्तर-पूर्वी बिहार और आसपास के क्षेत्रों को छोड़कर पटना सहित प्रदेश के अधिकतर शहरों में तेज हवाएं चलने के आसार हैं। इस दौरान दक्षिण बिहार एवं उत्तर-पश्चिम बिहार के शहरों में पुरवा हवाओं का प्रवाह होगा। मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार को बिहार के अधिकतम तापमान में 3.6 और न्यूनतम तापमान में 2.6 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई। इस दौरान प्रदेश के सभी शहरों के अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। मधुबनी, किशनगंज और शेखपुरा के न्यूनतम तापमान में गिरावट आई। पटना के अधिकतम तापमान में 2.9 और न्यूनतम में 0.8 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी हुई। राजधानी का अधिकतम तापमान 38.6 और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

## जमुई के जंगलों में लगी आग, हजारों पेड़ जले, फायर ब्रिगेड की दो टीमें तैनात

**जमुई, एजेंसी।** जमुई के सिमुलतला क्षेत्र में जंगल की आग ने विकराल रूप ले लिया है। हल्दिया झरना पहाड़ से लेकर तिलौना, बघावा और लीलावरण तक जंगलों में आग फैल चुकी है। आग के कारण हजारों पेड़ जलकर राख हो गए हैं। वन्यजीवों के सामने बड़ा संकट खड़ा हो गया है। छोटे जीव आग की चपेट में आ रहे हैं। बड़े जानवर जंगल छोड़कर भटक रहे हैं। वहीं जंगलों में लगी आग से जिले की हरियाली खत्म हो रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह एक पुरानी परंपरा का नतीजा है। गर्मी के मौसम में महुआ चुनने के लिए लोग जानबूझकर सूखे पत्तों में आग लगाते हैं। इस प्रक्रिया में कई नए पौधे और दुर्लभ जड़ी-बूटियां नष्ट हो जाती हैं।

## बिहार में 32 साल पुराने मॉब लिंचिंग मामले में आया कोर्ट का फैसला, 19 को मिली उम्र कैद की सजा

**मोतिहारी , एजेंसी।** मॉब लिंचिंग के क्रम में हत्या मामले में 32 वर्षों बाद कोर्ट का फैसला आया है। पंचम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राकेश कुमार तिवारी ने मॉब लिंचिंग के दौरान धारदार हथियार से काटकर व गोली मारकर हुए हत्या मामले में नामजद 19 अभियुक्तों को दोषी पाया है। कोर्ट ने नामजद अभियुक्तों को आजीवन कारावास के साथ प्रत्येक को 55 हजार रूपए अर्थ दंड की सजा सुनाई है। अर्थ दंड नहीं देने पर इन्हें तीन माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

### 1 अगस्त 1993 का है मामला

गौरतलब है कि घेघवा निवासी रामएकबाल राय ने मधुबन थाना में दो दर्जन नामजद व दर्जनों अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराया था। पुलिस के समक्ष फर्द बयान में उन्होंने कहा था कि




1 अगस्त 1993 की संध्या करीब 6 बजे खेत से काम करके घेघवा चौक पर पहुंचा, तो सुनने में आया कि स्थानीय निवासी गुलठुल दास किसी लड़का को अपने मठ में रखे हुए है। जिसको लेकर एक खास समुदाय के लोग हरवे हथियार से लैस होकर एकत्रित हुए हैं।

वे घर के तरफ बढ़े तो देखा कि गुलठुल दास उर्फ गुलठुल राय को एकत्रित लोग गाली दे रहे हैं। संध्या करीब 6.45 बजे सभी लोग ललकारा लगाकर मठ को घेर लिए। गुलठुल राय जान बचाकर घेघवा चौक की तरफ भागे। जहां लोगों ने उसे घेरकर तेज हथियार से काटकर व गोलीमार कर हत्या कर दी। बाद में पता चला कि स्थानीय निवासी हुकुम महतो के पोता को गुलठुल राय पकड़ कर मठ में रखा था। जिसके आक्रोश में लोगों ने उसकी हत्या कर दी।

### पांच अभियुक्तों की हो चुकी है मौत

इस फर्द बयान पर मधुबन थाना में कांड संख्या 70/1993 दर्ज हुआ। इस कांड में 23 मई 2001 को अभियुक्तों पर न्यायालय ने आरोप गठन किया। सत्रवाद संख्या 498/2000 विचारण के दौरान अपर लोक अभियोजक सुभाष प्रसाद यादव ने 11 गवाहों को न्यायालय में प्रस्तुत कर साक्ष्य कराया। सुनवाई के दौरान नामजद पांच अभियुक्तों की मृत्यु हो गई। न्यायाधीश ने दोनों पक्षों के दलीलें सुनने के बाद नामजद अभियुक्तों को धारा 302, 147, 148, 201/149 भादवि एवं 27 आर्म्स एक्ट में दोषी पाते हुए सजा सुनाई।

### किसे-किसे सजा सुनाई गई

कोर्ट ने मधुबन थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी बतहु भगत, अशर्फी भगत, विंदेश्वरी भगत, राजेंद्र भगत, शंकर भगत, सीताराम भगत, सोगारथ भगत, राजेंद्र भगत, रामचंद्र भगत, विनोद भगत, जनक भगत, भोला भगत, जीत नारायण भगत, बाबूलाल भगत, प्रेमचंद्र भगत, हरि भगत के अलावा मधुबन थाना क्षेत्र के ही घेघवा गांव के रहने वाले हृदय नारायण भगत, उपेंद्र भगत एवं मधुबन थाना क्षेत्र के कोठिया गांव के रहने वाले रामप्रीत भगत को सुनाई है।

# झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने नीलांबर व पीतांबर के शहादत दिवस पर दी श्रद्धांजलि

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मेदिनीनगर (पलामू)** । झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा ने स्वतंत्रता संग्राम के महान योद्धा नीलांबर व पीतांबर के शहादत दिवस पर श्रध्दांजलि सभा की। शुक्रवार को मेदिनीनगर के नावाटोली तालाब स्थित नीलांबर व पीतांबर के प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता झारखण्ड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के पलामू जिला अध्यक्ष दाऊद केरकेट्टा व संचालन महासचिव धर्मेंद्र चन्द्रवंशी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए केंद्रीय संयोजक सतीश कुमार ने कहा कि पलामू में जन्मे स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नीलांबर व पीतांबर ने अंग्रेजों के चूल को हिला दिया था। 1857 के विद्रोह प्रथम स्वतंत्रता संग्राम में दुनियां में पहली बार गुरिल्ला युद्ध के रणकौशल के द्वारा सम्राज्यवाद व उपनिवेशिक सत्ता को धूल चटाया था। झारखंड में जल, जंगल व जमीन की हिफाजत के लिए बड़ा आन्दोलन किया था। प्रमंडलीय अध्यक्ष बाल किशुन उरांव ने कहा कि सभी संकल्प लें कि नीलांबर व पीतांबर की धरती से उठने वाला आन्दोलन पुरे झारखंड को नई दिशा देगी तभी आंदोलनकारियों के मान- सम्मान व स्वाभिमान की रक्षा होगी। साथ ही झारखंडी पहचान मिलेगी। झारखंड विधान सभा सत्र के अन्तिम दिन आंदोलनकारियों की समस्याओं पर चर्चा मे भाग लेने वाले मंत्री व विधायक धन्यवाद के पात्र हैं। प्रदीप सिन्हा ने कहा कि खुशहाल झारखंड के नव निर्माण के लिए महा योद्धाओं के रास्ते का अनुकरण कर ही जनता के चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं। सलोनी टोप्पो ने कहा कि झारखण्ड राज्य लड़कर लिया है। महिलाओं की भुमिका सराहनीय रही है। अब लड़कर ही अपना अधिकार लेंगे। संयुक्त पलामू जिला में स्वतंत्रता संग्राम के जन्मे योद्धा नीलांबर व पीतांबर को नमन करते हैं। जिलाध्यक्ष दाउद केरकेट्टा ने कहा कि सभी आंदोलनकारी एकजुटता का परिचय देते हुए अपने सपनों का झारखण्ड बनाकर नीलांबर व पीतांबर के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा के संरक्षक अविनाश देव ने योद्धाओं को नमन किया। कहा कि नीलाम्बर व पीताम्बर की उपेक्षा बर्दाश्त नहीं की जा सकती है।



# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति (विकास) की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



- विभिन्न विभागों से सम्बंधित योजनाओं एवं कार्यों की हुई गहन समीक्षा, उपायुक्त ने ससमय कार्यों को पूर्ण करने को लेकर किया निर्देशित
- राशन वितरण, पेयजल, शिक्षा, राजस्व समेत अन्य महत्वपूर्ण विभाग से जुड़े मामलों में उपायुक्त ने दिए सख्त निर्देश

**खूँटी।** उपायुक्त श्री लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में आज समाहरणालय स्थित सभागार में जिला समन्वय समिति (विकास) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में भवन निर्माण, पेयजल, आपूर्ति, कृषि, सहकारिता, राजस्व, पशुपालन, सहकारिता, शिक्षा, जल छाजन, ग्रामीण विकास, नियोजनालय, कल्याण, नगर पंचायत, पंचायतीराज, परिवहन, उत्पाद, आरईओ, खेल विभाग समेत अन्य विभागों से संबंधित योजनाओं एवं कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई।

भवन निर्माण विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी निर्माण समेत अन्य निर्माण कार्य की समीक्षा करते हुए निर्धारित समय पर गुणवत्तापूर्ण कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। आपूर्ति विभाग की समीक्षा करते हुए जन वितरण प्रणाली के तहत सभी योग्य लाभुकों के बीच राशन वितरण सुनिश्चित का निर्देश दिया गया। छूटे हुए योग्य लाभुकों का राशन कार्ड बनाने को लेकर भी जिला आपूर्ति पदाधिकारी को निर्देश दिया गया। वैसे जन वितरण प्रणाली के राशन डीलर जो समय पर राशन वितरण नहीं कर रहे, ऐसे डीलर की जांच कर अनुशासनात्मक कार्रवाई का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन राशन कार्डधारी योग्य लाभुकों को समय पर एवं निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्धता सुनिश्चित कराने हेतु प्रतिबद्ध है, किसी भी परिस्थिति में राशन वितरण में लापरवाही बर्दाश नहीं की जाएगी। बढ़ते गर्मी के मौसम के मद्देनजर उपायुक्त ने पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल की गहन समीक्षा करते हुए प्रखंडों में खराब पड़े चापाकल समेत अन्य पेयजल के माध्यमों को अगले 1 सप्ताह में अविलंब दुरुस्त करने का निर्देश दिया। जिससे आमजनों को समस्या न हो।

उपायुक्त ने कहा कि पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित कराना जिला प्रशासन की प्रथमिताओं में एक है, वैसे ऐई, जेई या अन्य संबंधित पदाधिकारी जो कार्य में लापरवाही बरतेंगे, समय पर चापाकल एवं अन्य पेयजल की मरम्मती सुनिश्चित नही करेंगे, उनपर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। झारखंड शिक्षा परियोजना विभाग के तहत स्कुली बच्चों को दिए जाने वाले पोशाक, पुस्तकें, साइकिल, स्कूल बैग एवं मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना के तहत बच्चों को छात्रवृत्ति भुगतान, मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति की जानकारी ली गई। उपायुक्त ने ससमय बच्चों को उक्त सभी प्रकार के लाभ एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राथमिकता के आधार पर देने का निर्देश दिया। वैसे बीईओ जो उत्तरदायित्व पुर्ण अपने कार्यों का निर्वहन नही कर रहे उन्हें चिन्हित कर अनुशासनात्मक विभागीय कार्रवाई का निर्देश दिया गया। इसके अलावा सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण कर मेनू अनुसार मध्याह्न भोजन, शिक्षकों एवं छात्रों की उपस्थिति, गुणवत्ता पुर्ण शिक्षा समेत अन्य की जाँच का निर्देश दिया गया। कल्याण विभाग की समीक्षा के क्रम में शत प्रतिशत बच्चों के बीच साइकिल वितरण एवं ससमय छात्रवृत्ति वितरण का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने कहा कि ई कल्याण पोर्टल पर सभी आवश्यक दस्तावेज के साथ समय पर आवेदन करें, जिससे कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग छात्रवृत्ति का लाभ छात्रों को दिया जा सके। जिला नियोजनालय खूँटी की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने केन्द्रों का संचालन सरकारी गाइडलाइंस के अनुरूप करने का निर्देश दिया। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान दाखिल-खारिज संबंधी आवेदनों के ससमय निष्पादन का निर्देश दिया गया। दाखिल खारिज में पारदर्शिता बरतने तथा अंचल अधिकारियों समेत अन्य कर्मियों को नियमित रूप से कार्यालय में उपस्थित रहकर जनसुनवाई करने का निर्देश दिया गया। जिससे आमजनों को समस्या न हो, और उनकी समस्याओं का समाधान त्वरित हो सके। पशुपालन विभाग की समीक्षा के दौरान पशुओं को किए गए वैक्सिनेशन की जानकारी ली गई। साथ हीं विभाग द्वारा दिए गए लक्ष्य को ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

सहकारिता विभाग की समीक्षा के दौरान 500 एमटी के गोदाम निर्माण के लिए जमीन चिन्हित की जानकारी ली गई, संबंधित पदाधिकारी ने बताया कि लगभग सभी प्रखंड में गोदाम निर्माण के लिए जमीन चिन्हित कर लिया गया है, केवल कर्रा प्रखंड में जमीन चिन्हित करने का कार्य प्रक्रिया में है, उपायुक्त ने जल्द कर्रा प्रखंड में जमीन चिन्हित कर अग्रेतर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। साथ हीं सोलर कोल्ड स्टोरेज के संचालन की भी जानकारी लेते हुए 1 सप्ताह के अंदर सुचारू रूप से संचालन हेतु निर्देश दिए गए। जल छाजन विभाग की समीक्षा के क्रम में संबंधित पदाधिकारी ने बताया कि केंद्र सरकार के निर्देश पर आगामी दिनों में वाटर शेड के तहत कार्यक्रमों का आयोजन किया जाना है, सफलता पुर्वक सरकार के निदेर्शानुसार सभी कार्यक्रमों का सफल आयोजन करने का निर्देश दिया गया। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर आवास, प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री अबुआ आवास समेत अन्य आवास निर्माण कार्य निर्धारित समय पर पूरा कराने एवं ससमय लाभुकों को किस्त मुहैया कराने का निर्देश दिया गया। वैसे आवास जो काफी समय से लंबित है उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा करने का निर्देश दिया गया। परिवहन विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा के तहत जिले में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाने का निर्देश दिया। वहीं सड़क दुर्घटना वाले क्षेत्रों में साइनेज, रम्बल स्ट्रिप्स समेत अन्य जरूरी सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खेल विभाग की समीक्षा करते हुए प्रखंडों में स्टेडियम निर्माण हेतु जमीन चिन्हित करने समेत अन्य आवश्यक निर्देश दिया गया।

इस बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त, परियोजना निदेशक आईटीडीए, डीसीएलआर, संबंधित विभागों के पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी एवं अन्य सम्बंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर करें कठोर कार्रवाईः उपायुक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



- निरंतर छापेमारी, संलिप्त लोगों पर प्राथमिकी एवं सख्ती से गिरफ्तार करने की करें कार्रवाई
- अटैच माइंस से पत्थर उठाव नहीं करने वाले क्रसर संचालकों पर करें कार्रवाई, लगायें अर्थदण्ड
- बालू के अवैध भंडारण पर लगाएं रोक
- उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला खनन टास्क फोर्स की ऑनलाइन बैठक

**मेदिनीनगर (पलामू)।** पलामू जिले में अवैध खनन, परिवहन व भंडारण की रोकथाम में टास्कफोर्स की अहम भूमिका है। सभी टीम भावना व आत्मविश्वास के साथ कार्ययोजना तैयार कर छापेमारी करें। संलिप्त खननकताओं पर प्राथमिकी दर्ज कराने, गिरफ्तार करने व अर्थदण्ड लगाने की कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इसकी रोकथाम के लिए छापेमारी में तेजी लाएं। उक्त निर्देश उपायुक्त शशि रंजन ने पदाधिकारियों को दी। वे शुक्रवार को खनन टास्क फॉर्स की ऑनलाइन बैठक कर रहे थे। उपायुक्त ने कहा कि अटैच माइंस से पत्थर उठाव नहीं करने व अवैध उत्खनन कर पत्थरों को लाने वाले क्रसर संचालकों पर कार्रवाई करना सुनिश्चितत करें। उनके खिलाफ संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराएं। साथ ही अर्थदण्ड लगाते हुए वसूली की कार्रवाई करें। उपायुक्त ने अंचल व थाना स्तर से अवैध परिवहन, खनन व भंडारण के विरूद्ध की गई कार्रवाई की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सख्ती से इसकी रोकथाम का निर्देश दिया। अवैध बालू भंडारण पर रोक लगाने अंचल व थाना स्तर पर ट्रेंच कटिंग, बैरिकेटिंग कर चौकीदार की प्रतिनियुक्ति की समीक्षा की।कहा कि ट्रेंच कटिंग से अवैध उत्खनन एवं परिवहन पर रोक लगाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कैटेगरी-1 बालूघाट मुखिया से टैग है। छापेमारी कर इसकी अद्यतन स्थिति का जायजा लेना सुनिश्चित करें। उन्होंने अवैध ईंट्ठ के संचालन पर भी सख्ती से कार्रवाई का निर्देश दिया। उपायुक्त ने खनिज एवं बालू के अवैध भंडारण को लेकर जिला खनन पदाधिकारी को टीम के साथ स्थल निरीक्षण करने का निर्देश दिया।

**55 ईट भट्ठेदारों से दंड स्वरूप 88 लाख रुपए की वसूली**

उपायुक्त ने अवैध खनन, परिवहन व भंडारण के विरूद्ध फरवरी माह में हुई कार्रवाई की गहणता से समीक्षा की। जिला खनन पदाधिकारी सुनील कुमार ने बताया कि जिले में फरवरी 2025 में 34 वाहनों को जब्त किया है। साथ ही दो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है। दण्ड के रूप में 16.43 लाख रुपए की वसूली की गई। पत्थर खनिज के रद्द डीलर अनुज्ञपित क्रसरों की संख्या 13 है। बालू खनिज के रद्द डीलर अनुज्ञप्ति व भंडारण की संख्या 24 है। 55 ईट भट्ठेदारों से 88 लाख रुपए दंड राशि के रूप में वसूली की गई है। पत्थर खनिज के पट्टेधारियों से 72,57,471 रुपए की वसूली की गई है। इसके अलावा वन प्रमंडल पदाधिकारी की ओर से अवैध खनन, परिवहन से संबंधित 8 प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिला परिवहन कार्यालय की ओर से 14 वाहनों को जब्त करते हुए 770500 रुपए की वसूली की गई है। अंचल व थाना स्तर पर 57 वाहनों को जब्त करने संबंधी कार्रवाई की गई है।

मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, नगर आयुक्त जावेद हुसैन, अपर समाहर्ता कुंदन कुमार उपस्थित थे। इसके अलावा जिला परिवहन पदाधिकारी, तीनों अनुमंडल के अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी सहित अन्य पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित हुए।

# महिलाओं ने मुखिया व पंचायत सेवक की मनमानी के खिलाफ निकाला विरोध मार्च

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टुण्डी (धनबाद)।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के चुरूरियां पंचायत के चालधौबा गांव की महिलाओं ने अपने हक और अधिकार को लेकर एकजुटता का परिचय देते हुए विरोध मार्च निकाला। पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक के नेतृत्व में शुक्रवार को चालधौबा गांव की सभी महिलाओं ने पंचायत में चल रहे मइयां सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, वृद्धापेंशन योजना में भारी धांधली का आरोप लगाती हुई कहा कि चुरूरियां पंचायत के मुखिया एवं पंचायत सेवक की मनमानी पर अंकुश लगाया जायेगा। ये दोनों अपने चहेतों को सरकार द्वारा संचालित हर विकास कार्यों का लाभ दिया जा रहा है। अब हमलोग अबला नारी इन दोनों के खिलाफ विरोध का बिगुल फूंक दिया है इनकी मनमानी चलने नहीं देंगे। मरियम खातून ने कहा कि चुरूरियां पंचायत में इन दिनों सरकारी योजनाओं में काफी अनियमितता बरती जा रही है। अपने चहेतों को सरकारी लाभ खुलेआम देकर धज्जियां उड़ाई जा रही है मैंया सम्मान योजना को होल्ड पर रखकर मुद्रामोचन करने के बाद लागू किया जा रहा है। साथ ही अबुआ आवास, प्रधानमंत्री आवास वृदापेंशन योजना सभी सरकार द्वारा संचालित योजनाओं में मनमानी तरीके से पैसे लेकर स्वीकृति प्रदान की जा रही है आगे मरियम खातून ने चेतावनी लहजे में कही कि समय रहते मुखिया एवं पंचायत सेवक की कार्य प्रणाली में सुधार नहीं हुआ तो पूर्वी टुंडी प्रखंड कार्यालय का हम सब महिलाओं ने घेराव कर विरोध प्रदर्शन करने का काम करेंगे।

मौके पर पूर्वी टुंडी प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष योगेश प्रसाद रजक, अल्पसंख्यक मोर्चा नेता सिद्धिक अंसारी, मुर्तजा अंसारी,मरियम खातून, तमन्ना खातून, कीमुन हसीना, हसीना बीबी, बेबी खातून, मुणेणा बीबी समेत कई अन्य उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### टुण्डी विधायक ने पीड़ित परिवारों को दी सांत्वना

**टुण्डी (धनबाद)नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह सतारूढ़ दल के विधायक मथुरा प्रसाद महतो शुक्रवार को अपने सभी समर्थकों के साथ पश्चिमी टुंडी के नवाटांड़ गांव निवासी गुल्लू मुर्मू कैंसर पीड़िता की मौत होने की सूचना पर उनके निवास स्थान पहुंचे और हालचाल लिया। विधायक ने परिवारों को इस दुःख की घड़ी में सांत्वना देते हुए कहा कि उनकी असामायिक निधन होने से हमलोगों ने एक भाई को खोया हैं तथा असमय निधन होने से हमलोगों को अपूरणीय क्षति हुई है जिससे कभी पूरा नहीं किया जा सकता। मौके पर टुण्डी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष फूलचंद किस्कू, बीस सूत्री अध्यक्ष इंद्रलाल बास्की, विधायक के निजी सचिव भाई बसंत महतो समेत अन्य उपस्थित थे।



### फिल्म 'तेरा मेरा टशन' बिहार के सिनेमाघरों में रिलीज

**पटना/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** देसी स्टार समर सिंह एक से बढ़कर एक सुपरहिट गानों के जरिये करोड़ो दिलों पर राज करते हैं। उनका जब भी कोई गाना आता है तो वह फुल धमाल मचा देता है। ऐसे में बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान की फिल्म से पहले ही समर सिंह के हैरतअंगेज कारनामों से सजी भोजपुरी फिल्म 'तेरा मेरा टशन' बिहार के सिनेमाघरों में रिलीज कर दी गई है, जोकि चर्चा का विषय बनी हुई है। निमार्ता व निर्देशक अतुल कुमार मिश्रा निर्देशित इस फिल्म का ट्रेलर यूट्यूब पर पहले रिलीज कर दिया गया है, जिसे अल्ट्रा म्यूजिक भोजपुरी के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल पर देख सकते हैं। वहीं अब बिहार के सिनेमाघरों में भी इस फिल्म को बेस्ट रिस्पांस मिल रहा है। फिल्म देखने गए दर्शक फिल्म को और समर सिंह के अभिनय की खूब सराहना कर रहे हैं। यह फिल्म रोमान्च, रोमांस और मारधाड़ सहित मनोरंजन से भरपूर है। गौरतलब है कि ब्लू हॉक एंटरटेनमेंट बैनर के तले निर्मित की गई फिल्म 'तेरा मेरा टशन' के निमार्ता अतुल कुमार मिश्रा, सैयद जीशान अहमद, गजेंद्र सिंह हैं। निर्देशक अतुल कुमार मिश्रा हैं। लेखकः वीरू ठाकुर, संगीतकार छोटे बाबा, अनुज तिवारी हैं। फिल्म के मुख्य कलाकार समर सिंह, आयुषी तिवारी, विपिन सिंह, बालेश्वर सिंह, धीरज तिवारी, जेपी सिंह, नीलू यादव आदि हैं। टाइटल सांग में अभिनेत्री महिमा गुप्ता ने जलवा बिखेरा है।

### नारी सशक्तिकरण की दिशा में गरिमा केंद्र का उद्घाटन

**खूँटी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अड़की प्रखंड में महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज गरिमा केंद्र का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रखंड प्रमुख द्वारा किए गए इस उद्घाटन समारोह में थाना प्रभारी, अड़की प्रखंड के सभी बैंक मैनेजर, JSLPS DMSD, JSLPS BPM, सभी उउ, FTC सहित संकुल संगठन के कार्यकारिणी सदस्य, सामाजिक बदलाव उप-समिति सदस्य एवं जेंडर CRP उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में दीदियों ने अतिथियों का पारंपरिक स्वागत किया। इसके पश्चात जिला कार्यक्रम प्रबंधक (सामाजिक विकास), श्री रमेश नायक ने गरिमा केंद्र की संरचना, उद्देश्य, उपलब्ध सेवाओं एवं संचालन प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि यह केंद्र महिलाओं को सशक्त बनाने, जागरूकता बढ़ाने और उनकी सहायता के लिए विभिन्न सेवाएँ प्रदान करेगा। प्रखंड प्रमुख ने उद्घाटन समारोह में कहा कि नारी सशक्तिकरण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना होगा, और उनकी ओर से गरिमा केंद्र को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। वहीं, थाना प्रभारी ने दीदियों को यह आश्वासन दिया कि वे पुलिस से डरने की बजाय अपनी समस्याओं को खुलकर साझा करें, तथा थाना उनकी सुरक्षा व अधिकारों की रक्षा हेतु तत्पर रहेगा। बैंक मैनेजरों ने महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं की जानकारी दी और उन्हें नियमित रूप से अपने बचत खातों में लेन-देन करने तथा हर महीने CBRM करने की सलाह दी। यह गरिमा केंद्र महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो उन्हें न्याय, सुरक्षा, वित्तीय जागरूकता और सामाजिक सहयोग प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।

# टुण्डी के कार्यकर्ताओं का सम्मान हम दोनों की पहली प्राथमिकता : फूलचंद रसीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**टुण्डी (धनबाद)।** टुण्डी प्रखंड झामुमो की प्रखंड कमिटी का चुनाव काफी गहमागहमी के बाद संपन्न हो गया। टुण्डी झामुमो प्रखंड कमिटी की चुनाव जिला चुनाव प्रभारी मीना हेंब्रम की देखरेख में अध्यक्ष पद पर फूलचंद किस्कू तथा सचिव पद पर अब्दुल रशीद अंसारी का मनोनयन सर्वसम्मति से किया गया। अध्यक्ष एवं सचिव ने संयुक्त रूप से साक्षात्कार के दौरान कहा कि टुण्डी की एक एक कार्यकताओं का सम्मान करना हम दोनों की पहली प्राथमिकता होगी। साथ ही टुण्डी झामुमो की मजबूती प्रदान कर पार्टी हित में कार्य कर संगठन को शिखर पर पहुंचाने का काम करेंगे। अध्यक्ष सचिव के द्वारा पद पर आसीन होते ही चुनाव प्रभारी के अलावा जिलें से आएं सभी अतिथियों को तहेदिल से आभार व्यक्त किया तथा मनोनीत होते ही सभी कार्यकताओं ने अपने चहेते अध्यक्ष और सचिव को फूल मालाओं से लाद दिया एवं मिठाई खिलाकर एक दूसरे को बधाई दी। दोनों मनोनीत अध्यक्ष सचिव ने स्थानीय विधायक मथुरा प्रसाद महतो से आशीर्वाद प्राप्त किया। मौके पर विधायक के निजी सचिव बसंत महतो, मनोज महतो, रतिलाल टुडू, बाबा मनीर मस्तान, कामेश्वर प्रसाद सिंह, अजीमुद्दीन उर्फ छोटू अंसारी, सुरेन्द्र सोरेन, संतूलाल किस्कू, अकरम हुसैन, बबलू सिंह समेत बड़ी संख्या में झामुमो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पशुपालकों को दूध उत्पादक सहयोग समिति से जोड़े : डीसी

**सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** डीसी अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में जिले के क्रियाशील लैंपस जिसमें 100 एमटी एवं 500 एमटी का गोदाम निर्माण पर विचार विमर्श किया गया। इस दौरान जिला सहकारिता पदाधिकारी ने बताया कि जिस लैम्पस का गोदाम नहीं है उसके लिए पंचायत भवन में लैंपसों को एक कमरा उपलब्ध कराया गया है। जिस लैंपस को अभी तक पंचायत में कमरा उपलब्ध नहीं हुआ है, कमरा उपलब्ध कराने के लिए बीडीओ को निर्देश दिया गया। मत्स्य जीवी सहयोग समिति की गठन करने के लिए मत्स्य पदाधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# इंडियन पोस्ट ने वित्तीय समावेशन एवं विकास कार्यों में योगदान पर की चर्चा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**खूँटी।** संचार मंत्रालय इंडियन पोस्ट विभाग, भारत सरकार के पोस्टल सर्विस बोर्ड के सदस्य श्री नीरज कुमार ने आज खूँटी जिला का दौरा किया। अपने इस दौरे में उन्होंने परिषदन भवन खूंटी के सभागार में जिला स्तरीय पदाधिकारियों संग बैठक किया।

बैठक में उन्होंने आकांक्षी जिला के रूप में खूँटी में हो रहे विकास कार्य में इंडियन पोस्ट की भूमिका एवं ग्राम स्तर पर इसकी सेवाओं के विस्तार को लेकर विस्तृत चर्चा की। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बच्चों एवं बुजुर्गो को इंडियन पोस्ट द्वारा संचालित पेमेंट बैंक में बचत खाता खुलवाने हेतु प्रेरित करने पर विशेष जोर दिया गया। साथ ही, खूँटी जिले में बनने वाले स्थानीय उत्पादों को इंडियन पोस्ट के माध्यम से देश के विभिन्न हिस्सों में भेजकर उन्हें ग्लोबल मार्केट उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर भी चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि खूँटी जिले के विभिन्न प्रखंडों में ग्राम स्तर तक इंडियन पोस्ट की 150 से अधिक शाखाएँ कार्यरत हैं, जो ग्रामीण नागरिकों को वित्तीय समावेशन से जोड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। उन्होंने इंडियन पोस्ट के स्थानीय अधिकारियों को जिला प्रशासन के साथ समन्वय स्थापित कर बेहतर सेवाएँ प्रदान करने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, जिला योजना पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, इंडियन पोस्ट के खूँटी जिला के नोडल पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# अमृतलाल मीणा ने किया रेलमार्ग परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण

**भागलपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** बिहार के मुख्य सचिव अमृतलाल मीणा ने आज यहां भागलपुर जिले के चिर प्रतीक्षित केन्द्रीय विवि, समांतर विक्रमशिला पुल तथा कटरिया - बटेशवर नई रेलमार्ग परियोजनाओं का स्थल निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मुख्य सचिव श्री मीणा ने शुक्रवार को यहां जिले के कहलगांव प्रखंड के अंतीचक स्थित विक्रमशिला पुरातत्विक स्थल के समीप प्रस्तावित केन्द्रीय विवि के निर्माण हेतु अधिग्रहित जमीन का मुआयना किया और भू अर्जन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि भू-अर्जन का काम जल्द आरंभ करवायें। ताकि इस केन्द्रीय विवि के निर्माण कार्य का शुभारंभ शीघ्र किया जा सके। श्री मीणा ने बगल के बटेश्वर गांव पहुंच कर गंगा नदी पर बनने वाले रेल पुल परियोजना का स्थल निरीक्षण किया। वहां पर निर्माण कार्य को जल्द आरंभ कराने हेतु संबंधित अधिकारियों से बातचीत की। इसके साथ ही उन्होंने मौजूदा विक्रमशिला गंगा पुल के समांतर बन रहे पुल के स्थल का मुआयना किया। बताया गया कि इस पुल का 35 प्रतिशत कार्य पूरा कर लिया गया है और इसके पूरे होने की अंतिम तिथि मई,2027 निर्धारित है। निरीक्षण के पश्चात मुख्य सचिव ने जिला प्रशासन एवं कई विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर जिले में चल रहे विकास कार्यों खासकर, मुख्यमंत्री के प्रगति यात्रा के दौरान घोषित योजनाओं के कामों में तेजी लाने का निर्देश दिया।

# समाज एवं देशहित चिंतन को साकार करने के लिए आचार्यों से किया निवेदन

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** विद्या भारती विद्यालय महावीरी सरस्वती विद्या मंदिर विजयहाता परिसर में सत्र 2024-25 के योजनार्थ चल रही त्रिदिवसीय कार्यशाला के क्रम में शुक्रवार को प्रातः 7.00 से 8.00 बजे तक योगाभ्यास सत्र विद्यालय के योगाचार्य डॉ सुनील प्रसाद ने लिया। द्वितीय सत्र संगीताचार्य मुरली मनोहर मिश्र के नेतृत्व में संपन्न वंदना के उपरांत 9.30 बजे से प्रारंभ हुआ। विद्यालय प्रबंधन समिति के संरक्षक एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुनील दत्त शुक्ला तथा कोषाध्यक्ष, अवकाशप्राप्त प्राचार्य पारस नाथ सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया। अतिथि परिचय एवं सम्मान का कार्य प्राचार्य शंभु शरण तिवारी द्वारा कराया गया। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में संरक्षक ने विद्या भारती के समाज एवं देशहित चिंतन को साकार करने के लिए आचार्यों से निवेदन किया। उन्होंने पंचकोशीय विकास को वैषयिक शिक्षण से जोड़कर चलने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शम्भु शरण तिवारी ने विद्यालय से संबंधित विगत और आगामी क्रियाकलापों एवं योजनाओं पर समीक्षात्मक वृत्त निवेदन करते हुए भविष्य के लिए विद्यालय का सकल दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। विगत उपलब्धियां एवं आगामी सत्र के लिए वैषयिक कार्ययोजना पर आचार्यों ने भी अपना-अपना मंतव्य व्यक्त किया। विद्यालय के कार्यों के सत्र भर सुचारु रूप से संचालन के लिए इस कार्यशाला में संबंधित विभागों का बंटवारा भी किया जाना है। साथ ही आचार्य बंधु-भगिनी की टीम को उनके अपने-अपने दायित्व भी सौंपे जाएंगे। विद्यालय के मीडिया प्रभारी अखिलेश श्रीवास्तव तथा आचार्य प्रवीण चन्द्र मिश्र ने बताया कि सभी आचार्य बंधु-भगिनी एवं समस्त कर्मचारीगण इस त्रिदवसीय कार्यशाला में उपस्थित रहें।



# पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने माल ढुलाई में बनाया कीर्तिमान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**भागलपुर।** पूर्व रेलवे के मालदा मंडल ने बिहार एवं झारखंड में चालू वित्तीय वर्ष की अवधि की समाप्ति के छह दिन पहले कुल 16.62 मिलियन टन माल ढुलाई कर एक कीर्तिमान बनाया है।

मालदा मंडल के रेल प्रबंधक मनीष कुमार गुप्ता ने आज संवाद एजेंसी यूनीवार्ता से बातचीत करते हुए बताया कि चालू वित्तीय वर्ष (2024-25) के लिए निर्धारित वार्षिक लक्ष्य 16.61 मिलियन टन के एवज में मालदा मंडल ने विगत 25 मार्च तक (31 मार्च के पूर्व) में ही सर्वाधिक 16.62 मिलियन टन माल ढुलाई कर लिया है।जो पिछले वित्तीय वर्ष (2023-24) के कुल माल ढुलाई 14.985 से काफी ज्यादा है। उन्होंने बताया कि इस रेल मंडल ने माल ढुलाई के दौरान मुख्य रुप से पत्थर, कोयला, सीमेंट,राख और अनाज की बड़े पैमाने पर ढुलाई करते हुए एक रिकॉर्ड स्थापित किया है। जिसमें प्रमुख रुप से पत्थर है और इस अवधि में कुल7.65 मिलियन टन पत्थर की ढुलाई की गई है। वहीं मालदा मंडल के गठन के बाद से यह अब तक का सर्वश्रेष्ठ माल ढुलाई है। श्री गुप्ता ने बताया कि इस अवधि में कुल माल ढुलाई से मालदा मंडल की कुल आय 1086.94 करोड़ रुपए तक पहुंच गई है।जो पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 26.39 प्रतिशत ज्यादा है। यह असाधारण राजस्व वृद्धि इस मंडल की माल ढुलाई संचालन को बढ़ावा देने और रेलवे की आय को अधिकतम करने की प्रतिबद्धता को दशार्ती है। मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि इस महत्वपूर्ण उपलब्धि से उत्साहित मालदा मंडल भविष्य के लिए एक मजबूत दृष्टिकोण के साथ अपने माल ढुलाई संचालन को अधिक विकसित करने और देश के परिवहन तथा लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।



CMYK

# स्वावलंबी समाज से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण : विनोद बिड़ला

## सामाजिक परिवर्तन में सेवा सारथी की भूमिका : गोपाल शर्मा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** सेवा भारती, झारखंड के तत्वावधान में तीन दिवसीय सेवा सारथी प्रशिक्षण वर्ग सह स्वरोजगार, स्वावलंबन प्रशिक्षण शिविर रांची के जोन्हा स्थित सेवा धाम में संपन्न हुआ। तीन दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग में कार्यकर्ता व्यक्तिव विकास,नेतृत्व क्षमता विकास के साथ साथ भिन्न भिन्न प्रकार के घरेलू उद्यम के प्रशिक्षण दिए गए जिसमें सहकार भारती के लक्ष्मण पात्रा द्वारा फिनायल,निमाइल, उजाला-नील निर्माण, हैंड वाश, डिश वाश,फर्स क्लीनर,रुम फ्रेसनर्स,गोबर से दीपक बनाना आदि उद्यमिता के प्रशिक्षण दिया गया।

समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी विनोद बिड़ला ने कहा कि पूर्व में हमारा समाज पूर्णतः स्वावलंबी था। हमारे देश के विकास दर को विदेशी आक्रांताओं ने षड्यंत्र के तहत सामाजिक और आर्थिक व्यवस्थाओं को ध्वस्त कर दिया। आज फिर से छोटे छोटे स्वरोजगार स्वावलंबन के प्रशिक्षण देकर सर्व समाज को आत्मनिर्भर बनाकर देश को सर्वश्रेष्ठ बनाना है। आज सेवा भारती अपने वैभवश्री आयाम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण का कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को स्वावलंबन प्रशिक्षण देकर उनका आर्थिक सशक्तिकरण किया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,झारखंड के प्रांत प्रचारक गोपाल शर्मा ने कहा कि समाज को सही मार्ग दिखाना और समाज का सारथी बनना महत्वपूर्ण दायित्व है। सामाजिक परिवर्तन के कार्य में सेवा भारती के सेवा सारथी की प्रमुख भूमिका है। सशक्त नारी तो सशक्त राष्ट्र का निर्माण होगा।

त्रिदिवसीय वर्ग में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह प्रांत कार्यवाह मोहन कच्छप ने संघ के पंच प्रण के विषयों से अवगत कराते हुए कहा कि पर्यावरण, समरसता, नागरिक कर्तव्य,कुटुंब प्रबोधन एवं स्व को बनाए रखने से हमारा भारत सर्वोच्च शिखर पर पहुंचेगा। वर्ग में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व प्रक्रिया पर अरुण झा ने प्रकाश डाला जबकि स्वजीत कुमार ने ऑन लाइन कार्य करने की तकनीकी प्रशिक्षण दिया। मौके पर सेवा भारती की महिलाएं स्वनिर्मित




स्थिति खाद्यपदार्थ, स्वच्छता आदि के वस्तुओं के विक्रय सह प्रदर्शनी लगाई थीं।प्रशिक्षण वर्ग में 15 जिलों की 130 कार्यकताओं की सहभागिता रही। प्रशिक्षण वर्ग के मध्य अनगड़ा प्रखंड के 25 ग्रामों के चयनित किया स्वास्थ्य रक्षक कार्यकर्ताओं को डॉ मनीष कुमार ने विधवत प्रशिक्षण दिया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती के न्यासी गुरुशरण प्रसाद, ओमप्रकाश केजरीवाल, राधेश्याम अग्रवाल, निर्मला कौर, नंदलाल साहू, शुभेंदु भट्ट, श्याम टोरका, चंदन मिश्र, संजय गोयल, संतोष वर्मा सहित कई कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

# धनबाद पुलिस और रोटरी क्लब के तत्वावधान में रक्तदान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम शहीद निर्मल महतो मेडिकल एंड हॉस्पिटल स्थित ब्लड बैंक में लगातार खून की कमी को देखते हुए धनबाद पुलिस के सिटी एसपी अजीत कुमार , ग्रामीण एसपी कपिल चौधरी के नेतृत्व में एवं रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के द्वारा रक्तदान शिविर का सफल आयोजन हुआ।रोटरी क्लब धनबाद सेंट्रल के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने बताया की मीडिया बंधुओं से पता चला की थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को एसएनएमएमसीएच में खून की कमी से कई बच्चों की जान आफत में आ गई थी।इस गंभीर समस्या को देखते हुए आरसीडीसी के पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह ने पुलिस अधीक्षक सिटी अजीत कुमार एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कपिल चौधरी से संपर्क कर अविलंब



रक्तदान शिविर का आयोजन कराया।

इस अवसर पर सभी पुलिस उपाधीक्षक डीएन बांका,शंकर कामती, अरविंद कुमार सिंह, एसके सिंह मजीद थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं खुद रक्तदान करने में पूर्व अध्यक्ष अमरेश सिंह, डॉ. विभाष सहाय, देवेन तिवारी, अमित जैन, विनीत तुलस्यान, दीपक बंसल,राहुल दोकानिया, शिवम अग्रवाल,अमित कुमार अग्रवाल,राजेश जालुका,बलराम अग्रवाल सहित धनबाद पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, सराईढेला थाना प्रभारी नूतन मोदी, सोनू कुमार आदि ने रक्तवीर बन इस मुहिम को सफल बनाने में अहम योगदान दिया। इस रक्तदान शिविर में लगभग 55 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ।अमरेश सिंह ने सभी को एसएनएमएमसीएच के डॉ. अजय कुमार के साथ मिलकर रक्तदान करने वाले सभी रक्तवीर को सर्टिफिकेट देकर उन्हें सम्मानित किया एवं हौसला अफजाई की।

# एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम के तहत स्नेह मिलन कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** एक भारत श्रेष्ठ भारत कार्यक्रम को लेकर आज भाजपा बोकारो जिला की तरफ से स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में बिहार सरकार की मंत्री रेणु देवी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रही।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष जयदेव राय सहित अन्य नेताओं ने मंत्री रेणु देवी का स्वागत किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के सब का साथ सबका विकास सबका विश्वास को लेकर संदेश कार्यकर्ताओं को देने का काम किया गया। इस दौरान मंत्री रेणु देवी ने उपस्थित कार्यकर्ता और नेताओं को कहा कि जब बिहार से झारखंड अलग हुआ उसके बाद बिहार का विकास किस गति से हुआ है इसको देखने के लिए बिहार आना चाहिए। उन्होंने कहा की जन्मभूमि और कर्मभूमि अलग-अलग होती है।

उन्होंने कहा कि जो गलती हो चुकी है उसको ध्यान नहीं देते हुए हमें आगे बढ़ना चाहिए।

हमें प्रधानमंत्री के बात को ध्यान में रखकर देश को मजबूत करने का काम करना चाहिए।

# पर्वों को ले पुलिस प्रशासन चौकस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** ईद उल फितर ,सरहुल और रामनवमी को लेकर बोकारो पुलिस अलर्ट मोड में है। पहले चरण में बोकारो एसपी ने सभी संवेदनशील इलाकों का खुद से दौरा कर लोगों से बात की है ।इस दौरान उन्होंने सभी थाना प्रभारी से चिन्हित लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। वहीं सभी इलाकों में फोर्स की तैनाती के साथ सीसीटीवी सहित अन्य व्यवस्था करने का निर्देश दिया है ।एसपी ने इसको लेकर सभी डीएसपी इंस्पेक्टर और थाना प्रभारी के साथ बैठक कर किसी भी तरह की चूक नहीं हो इस पर सख्त निर्देश दिया है। एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि सभी तैयारी पूरी की जा रही है। मॉक ड्रिल भी करने की तैयारी की गई है ।ताकि समय पर जो उपकरण के साथ कार्रवाई करनी है भौतिक सत्यापन भी हो सके। उन्होंने बताया कि पुलिस लाइन नया मोड़ और गोमिया में मॉक ड्रिल किया जाएगा।

# तीन दिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व शुरू

## दूसरे सत्र में कवियों ने दर्शकों को गुदगुदाया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखण्ड मैथिली मंच के तत्वावधान में आयोजित त्रिदिवसीय विद्यापति स्मृति पर्व रजत जयंती समारोह के पहले दिन प्रातः 9 बजे मिथिला के पारंपरिक परिधान में काफी संख्या में सदस्य विद्यापति दलान हरमू से पैदल चलकर मेन रोड पहुंच कर महाकवि विद्यापति के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया । पुनः वापस दलान पर आए ।

सभी एक साथ चूरा- दही एवं पूरी सब्जी अल्पाहार का आनंद लिए।

इसके बाद प्रथम सत्र में पुस्तक परिचर्चा हुई ।कार्यक्रम की शुरूआत मिथिला परंपरा के अनुसार विद्यापति रचित जय जय भैरवि असुर भयाऊनि समूह गान से हुई। तत्पश्चात बाबा विद्यापति के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तदुपरांत आज के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ साहदेव के द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।




श्री साहदेव ने ऐसे आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि हम आपके अपने अंग है जिस किसी भी मेरी सेवा की जरूरत होगी हम सदैव तत्पर रहेंगे। अध्यक्ष विनय कुमार झा ने आगत अतिथियों का अभिनंदन किया, विद्या नाथ झा विदित ने अतिथियों का स्वागत किया।

उक्त महाकाव्य तीन खंड में है। जिसपर सार्थक समीक्षा परिचर्चा हुई। इसमें सर्व हित नाथ झा, हिरेन्द्र कुमार झा, शैलजा झा, बुद्धि नाथ झा आदि ने अपने बहुमूल्य विचार रखे। संचालन हित नाथ झा के द्वारा संपन्न हुआ ।इसके बाद उड़ीसा से आयी सरोज झा, एवं ममता मिश्र को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।

भोजनावकास के बाद द्वितीय सत्र कवि गोष्ठी प्रारंभ हुआ। जिसकी अध्यक्षता वरिष्ठ कवि बुद्धि नाथ झा बोकारो, ने की मंच संचालन बदरी नाथ झा के द्वारा किया गया।

कवियों में सुकुमार नाथ झा, अंजु झा, विनोद कुमार झा, शैलजा झा, उमेश मंडल, कौशल किशोर झा, हित नाथ झा, सिया राम झा सरस, डा कृष्ण मोहन झा, विजेन्द्र उपाध्याय आदि ने अपने-अपने तरीके से प्रबुद्ध सुधी श्रोता को शृंगार रस वीर रस,वियोगी, भक्ति एवं भाव- बिभोर कर दिया। लोगों को खूब गुदगुदाया एवं ठहाके लगाने पर मजबूर कर दिया। जयन्त कुमार झा ने उदगार ब्यक्त करते हुए उपस्थित लोगों के प्रति आभार प्रकट किया। अंत में संरक्षक अरूण कुमार झा ने उदगार ब्यक्त करते हुए विद्वानों का आह्वान किया कि अपनी क्षमता का उपयोग करते हुए सार्थक रचना से साहित्यिक धरोहर को आगे बढ़ाने का काम करें। मोहन झा पड़ोसी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में नन्द किशोर महतो, ब्रज किशोर झा, रंधीर झा, बाबू लाल झा, ब्रज कुमार झा, कैलाश झा, प्रकाश चन्द्र झा, इन्द्र जीत यादव, नारायण तिवारी, संतोष कुमार झा, नरेश झा सहित काफी संख्या में सदस्यों ने भागीदारी निभाई।

# जंगली हाथियों का आतंक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सिमडेगा/गुमला।** आक्रामक जंगली हाथियों ने बानो में अलग-अलग क्षेत्र में दो लोगों की जान ले ली। पहली घटना महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली की की है। वहीं, दूसरी घटना बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव की है। वहीं, गुमला में भी हाथी ने एक व्यक्ति की जान ले ली। तीन लोग हाथी के हमले में घायल हो गए।

महाबुआंग थाना क्षेत्र के बुरुइरगी डेबोटोली में घर के बाहर सोए विकास ओहदार को जंगली हाथी ने कुचलकर जान ले ली। घटना गुरुवार रात करीब 12:30 बजे की है। घटना की जानकारी सुबह परिजनों और ग्रामीणों को हुई। घटना की जानकारी वार्ड सदस्य संदीप समद एवं बेड़ाइरगी पंचायत की मुखिया हेलेना कंडुलना को दी गई।

इसके बाद थाना और वन विभाग को भी इस घटना की सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मी मनीष और सुरेश टेटे घटनास्थल पहुंचे और मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता राशि के रूप में 10 दस हजार रुपये दिए।

घटना की जानकारी होने पर तोरपा विधायक सुदीप गुड़िया ने मामले की जानकारी ली और वन विभाग को मृतक के आश्रितों को जल्द सहायता करने का निर्देश दिया।

बानो थाना क्षेत्र के पबुड़ा पंचायत के जमांग गांव में जंगली हाथी ने एक 45 वर्षीय महिला सिबिरया लुगुन को कुचलकर मार डाला। यह घटना शुक्रवार सुबह 6 बजे की है।

घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महिला सुबह महुआ चुनने गई थी। इसी बीच महिला का हाथी से आमना-सामना हो गया और हाथी ने उसे कुचलकर मार डाला।

ग्रामीणों ने बताया कि जंगली हाथी के आने की सूचना मिलने पर ग्रामीण जंगली हाथी को भागने के लिए जंगल में गए थे। इसी बीच महिला के शव को झाड़ी में देखा। इसके बाद वन विभाग की टीम को इस बारे में सूचना दी गई। वन विभाग के कर्मियों ने घटनास्थल पहुंचकर तत्काल सहायता राशि के रूप में 10 हजार रुपये दी।

बानो पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिमडेगा भेज दिया है। आपको बता दें कि जंगली हाथियों ने तीन दिन के अंदर तीन लोगों की जान ली है, जिसके बाद से इलाके के लोग दहशत में हैं।

जंगली हाथियों ने दो की जान ली है, क्षेत्र में दो हाथी बताए जा रहे हैं। विभाग की टीम उन पर नजर रखे हुए है। एक की मौत एक दिन पूर्व जलडेगा क्षेत्र में हुई थी, वहां दूसरे हाथी ने घटना को अंजाम दिया था। लोग हाथी और भालू से सुरक्षा को लेकर सजग रहें। भालू भी खासकर सुबह और शाम में अधिक सक्रिय रहते हैं।

## जागरूकता शिविर आज

बोकारो। उद्योग विभाग, झारखण्ड के निदेशानुसार एमएसएमई इकाईयों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 29मार्च को उद्यम निबंधन हेतु एक दिवसीय शिविर का आयोजन जिला उद्योग केन्द्र, कैम्प कार्यालय, नियर समाहरणालय, बोकारो में किया जा रहा है। इस शिविर में इच्छुक उद्यमियों का उद्यम निबंधन निःशुल्क किया जायेगा। इसको लेकर जिले के सभी उद्यमी / व्यवसायी / लघु कुटीर उद्योगो के उद्यमी के निबंधन हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, आधर लिंक मोबाईल के साथ जिला उद्योग केन्द्र में आयोजित निर्धारित शिविर में हिस्सा लें। इस बाबत विशेष जानकारी के लिए जिला में ईओडीबी प्रबंधक, विकास प्रकाश, मोबाइल न. 7004730486 से संपर्क किया जा सकता है।

# निजी विद्यालयों की मनमानी पर सरकार सख्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** विधानसभा में निजी विद्यालयों द्वारा मनमाने ढंग से अभिभावकों से शुल्क वसूलने की मामला उठने के बाद स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग संबंधित कानून को लागू कराने को लेकर एक्शन में आया है।

शिक्षा सचिव उमाशंकर सिंह ने गुरुवार को सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और उपायुक्तों को पत्र भेजकर झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 के प्रवधानों के तहत विद्यालय स्तर पर शुल्क समिति तथा सभी जिलों में उपायुक्तों की अध्यक्षता में समिति गठित करने के निर्देश दिए हैं।

उन्होंने बजट सत्र में विधायकों द्वारा उठाए गए मामलों से भी आयुक्तों और उपायुक्तों को अवगत कराते हुए 15 दिनों के भीतर सभी स्तरों पर समितयों का गठन कर जानकारी देने को कहा है।

शिक्षा सचिव ने अपने पत्र में कहा है कि झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2017 की धारा 7(अ) (1) के तहत निजी विद्यालयों द्वारा लगाए गए शुल्क विनियमित करने के लिए प्रत्येक विद्यालय स्तर पर शुल्क समिति गठित करने का प्रविधान है।

इसी तरह, धारा 7 (अ) (2) के तहत निर्धारित शुल्क के विरुद्ध आने वाले मामले में निर्णय लेने के लिए संबंधित जिले के उपायुक्त की अध्यक्षता में समिति गठित करने का प्रविधान है।

# वेस्ट टू वेल्थ पर कार्यक्रमों का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल में जारी स्वच्छता पखवाड़ा के तहत 28 मार्च को मानव संसाधन विकास केंद्र में वेस्ट टू वेल्थ विषय पर एक सेमीनार व प्रदर्शनी तथा सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (सीईडी) शालिग्राम सिंह, महाप्रबंधक (मानव संसाधन-ज्ञानार्जन एवं विकास) डी आर टोप्पो, महाप्रबंधक (नगर प्रशासन) ए के अविनाश, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सुशांत शिशिर सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संयंत्र से लगभग एक सौ प्रतिभागी शामिल हुए।

कार्यक्रम के तहत बीएसएल के सहायक महाप्रबंधक (इसीएस) नितेश रंजन ने संयंत्र में वेस्ट टू वेल्थ के अंतर्गत विभिन्न नए पहलों की जानकारी दी। वेस्ट टू वेल्थ पर आयोजित प्रदर्शनी के माध्यम से भी इस दिशा में किए जा रहे प्रयासों से सभी को अवगत कराया गया।

इसी कड़ी में गैस एवं इलेक्ट्रिकल सेफ्टी पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें महाप्रबंधक (सी आर एम -3) डी के मोहंती तथा ओ सी टी (इ एम डी) रवि राज ने प्रतिभागियों को सुरक्षा पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी।

**पूर्व रेलवे**

**निविदा सं.: एमसी-4-डब्ल्यूजीएनआरपीआर-एसडीएनजी-वाईडी-पीकेआर-आर, दिनांक 26.03.2025,** वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर /पर्यावरण और गृह व्यवस्था प्रबंधन एवं मालभाड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए **निविदा सं.: एमसी-4-डब्ल्यूजीएन आरपीआर-एसडीएनजी-वाईडी-पीकेआर-आर** के प्रतिपक्ष खुली ई- निविदा आमंत्रित की जाती है। बोलीदाता केवल अंतिम तिथि और समय तक अपनी मूल/संशोधित बोली जमा कर पाएंगे। इस निविदा के लिए मैनुअल प्रस्ताव की अनुमति नहीं दी जाती है एवं मैनुअल प्रस्ताव प्राप्त होने पर ध्यान नहीं दिया जाएगा। **कार्य का नाम:** 02 वर्ष के लिए पाकुड़ सी एंड डब्ल्यू डिपो एवं लोडिंग साइडिंग में अनलोडेबल वैगन का ट्रेन बॉडी मरम्मत कार्य। **विज्ञापित मूल्य :** रु. 6,56,15,029.83, **बयाना राशि :** रु. 4,78,100/-, **अनुबंध की अवधि :** कार्य शुरू होने की तिथि से 24 माह। **बोली प्रणाली:** एकल पैकेट प्रणाली। **निविदा अपलोड करने की तिथि और समय:** दिनांक 25.03.2025 को 19.55 बजे। **प्रस्ताव की वैधता :** 60 दिन। **बोली प्रारंभ होने की तिथि:** दिनांक 03.04.2025, **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 17.04.2025 को 14.00 बजे तक। **निविदा ऑनलाइन जमा करने के लिए वेबसाइट का विवरण:** www.ireps.gov.in

HWH-700/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी आमंत्रण सूचना**

**ई-नीलामी सूचना सं.:सीओएम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/ईएमयू/ओओएच/2024, दिनांक: 26.03.2025,** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, 4था तल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार के अधिकारों का ठेका प्रदान करने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है।

**कैटलॉग सं. पीयूबी-एचडब्ल्यूएच-25-13**

**क्रम सं.: एए/1, लॉट सं.: एडीवीटी-एचडब्ल्यूएच-एचडब्ल्यूएच-ओएच-142-25-1 (विज्ञापन-आउट ऑफ होम), विवरण:** हावड़ा रेलवे स्टेशन में मनुमेंटल फ्लैग एरिया के सामने 04 (चार) ग्लोबॉल टावरों के संस्थापन एवं रखरखाव के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार की प्रदर्शनी। **क्रम सं.:एबी/1, लॉट सं.: एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर22-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.: एबी/2, लॉट सं.:एडीवीटी-आईएनटीईएक्सटी-एस1-ईएमयूआर24-25-1 (विज्ञापन-ट्रेन इंटीरियर एवं एक्सटीरियर), विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच की ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण साइड वॉल (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ स्पेसिफिकेशन के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार का अधिकार प्रदान करना। **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** दिनांक 11.04.2025 को 12.00 बजे।

HWH-706/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा, पिन-723121, पश्चिम बंगाल निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: **14.04.2025 को सुबह 11:00 बजे।** विस्तृत जानकारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। **निविदा सूचना संख्या: एसएनटी_ई_टेंडर_एडीए_24_25_37, दिनांक: 27.03.2025। कार्य का नाम:** आद्रा मंडल के बोकारो स्टील सिटी में सभी कार्यालयों, अधिकारियों के आवासों एवं लोको शेडों में हाई स्पीड रेलनेट (जीपीओएन आधारित) का प्रावधान। **निविदा मूल्य: ₹** 86,88,039.72। **(PR-1284)**

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 **[वरिष्ठ डीईएन/सी/हावड़ा** के क्षेत्राधिकार के लिए**]** द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं.: 387_2024-25, कार्य का विवरण :** वरिष्ठ मंडल अभियंता (समन्वय)/हावड़ा के अधीन हावड़ा मंडल/अन्य मंडल में कहीं भी साइट पर इंजीनियर के निर्देशानुसार सभी प्रकार की पी.वे सामग्रियों का परिवहन जैसे रेल, स्विच, क्रॉसिंग इत्यादि, जिसमें टेलर का उपयोग अपेक्षित है, साथ ही ईआरसी, बोल्ट और नट, बेयरिंग प्लेट और अन्य पी.वे सामग्री तथा ट्रैक मशीन के स्पेयर पार्ट्स जैसे कन्वेयर बेल्ट, कटर, चेन, वियर प्लेट, फिल्टर, वाल्व, सिलिंडर, बैटरी, पम्प, मोटर इत्यादि जिसके लिए ट्रक का उपयोग अपेक्षित है, जिसमें यांत्रिक लोडिंग, अनलोडिंग और स्टैकिंग, पृथक्करण इत्यादि सभी लीड, लिफ्ट के साथ, 30 मीटर की लीड के अंदर कई ट्रैकों की क्रॉसिंग शामिल है। **अनुमानित मूल्य :** रु. 4,04,54,805/-, **बयाना राशि :** रु. 3,52,300/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 16.04.2025 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-704/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**खुली निविदा सूचना सं.: जीएसयू/इलेक्ट/एएसएन/2025/01, दिनांक 26.03.2025,** उप मुख्य परियोजना प्रबंधक/ इलेक्ट/गति शक्ति यूनिट, आसनसोल, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, पिन-713301 द्वारा वैध विद्युत ठेकेदार का लाइसेंस एवं सुपरवाइजरी लाइसेंस और निम्नलिखित कार्य के निष्पादन में वित्तीय संपन्नता रखने वाले प्रतिष्ठित निविदाकारों से ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा केस सं. जीएसयू-इलेक्ट-एएसएन-2025-01, कार्य का नाम:** गति शक्ति यूनिट, आसनसोल के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आसनसोल मंडल में अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन स्कीम के अंतर्गत स्टेशन पर सुगम्य भारत अभियान के अधीन अनुषंगी कार्यों के साथ लिफ्ट का प्रावधान (कुल 08 अदद -अंडाल-04 अदद , विद्यासागर-02 अदद और सिमुलतला-02 अदद)। **निविदा मूल्य :** रु. 2,11,74,913.16, **बयाना राशि :** रु. 2,55,900/-, **बंद होने की तिथि और समय :** दिनांक 21.04.2025 को 12.00 बजे। **कार्य की समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 9 (नौ) माह। **कार्य के लिए प्रस्ताव की वैधता :** खुलने की तिथि से 60 दिन। संपूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** में देखा जा सकता है।

ASN-396/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**अनुबंध के लिए ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्या: सीओएमएमएल.-1/पीयूबी./एडीवीटी/03/25 दिनांक: 27.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, आद्रा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-नीलामी आमंत्रित करते हैं। विवरण निम्नानुसार हैं: **श्रेणी:** विज्ञापन। **नीलामी कैटेलॉग संख्या: एडीवीटी63। लॉट संख्या/श्रेणी:** (1) एडीवीटी-एडीआरए-एसओएनए-ओएच-124-25-1 (एडवरटाइजिंग-आउट ऑफ़ होम)। (2) एडीवीटी-एडीआरए-एसओएनए-ओएसएन-126-25-1 [एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)]। (3) एडीवीटी-एडीआरए-बीबीएम-ओएसएन-121-25-2 [एडवरटाइजिंग-ऑन स्टेशन प्रेमिस (नॉन-डिजिटल)]। **नीलामी शुरू (सभी लॉट):** 08.04.2025 को सुबह 11.00 बजे। **नीलामी बंद होने की तारीख/समय:** 08.04.2025 को सुबह 11.50 बजे। **द्रष्टव्य :** संभावित बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट **(www.ireps.gov.in)** पर ई-नीलामी मॉड्यूल देखें। पूछताछ/स्पष्टीकरण, यदि कोई हो, के लिए कृपया अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से संपर्क करें।

**(PR-1285)** **वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, आद्रा**

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता/सी/हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: वरिष्ठ डीईएन/ मुख्यालय/हावड़ा के अधीन। **क्रम सं.1, ई-निविदा सं.: 383_2024-25, कार्य का विवरण :** (i) हावड़ा स्टेशन में तीन टीटीई रेस्ट रूम में ड्राइवर/गार्ड के रनिंग रूम के समान सुविधाओं का प्रावधान। (ii) हावड़ा में गार्ड/लोको पायलट के रनिंग रूम के समान टीटीई रेस्ट रूम में सुविधाओं का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य :** रु.54,59,197.56, **बयाना राशि:** रु. 1,09,200/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 04 (चार) माह। **क्रम सं. 2, ई-निविदा सं.: 384_2024-25, कार्य का विवरण:** एईएन/मुख्यालय/हावड़ा के तहत चांदमारी ब्रिज, ओल्ड कॉम्प्लेक्स के सड़क उपयोगकर्ताओं और ट्रेनों की सुरक्षा के लिए चेकर्ड प्लेट में परिवर्तित किए गए डेक स्लैब और आरसीसी फुटपाथ स्लैब आदि के लिए तत्काल मरम्मत और सुदृढ़ीकरण कार्य। **अनुमानित मूल्य :** रु.71,67,782.09, **बयाना राशि :** रु. 1,43,400/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 06 (छह) माह। **क्रम सं. 3, ई-निविदा सं.: 386_2024-25, कार्य का विवरण:** पूर्व रेलवे/मुख्यालय, फेयरली प्लेस में रोलिंग स्टॉक ऑफिस का पुनर्गठन एवं नवीनीकरण। **अनुमानित मूल्य:** रु.5,70,23,612.55, **बयाना राशि :** रु. 4,35,100/-, **समापन अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 12 (बारह) माह। **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** रु.0.00 (क्रम सं. 1, 2 एवं 3 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 21.04.2025 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतानः ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-703/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए लोगों को किया जा रहा स्वच्छता के प्रति जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** ललित नारायण मिश्रा आर्थिक विकास एवं सामाजिक परिवर्तन संस्थान में पटना नगर निगम स्वच्छता जागरूकता अभियान दल द्वारा स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ. नीतू कुमारी नवगीत ने कहा कि स्वच्छता अभियान केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि जन-जन का अभियान है, और इसमें सभी की भागीदारी आवश्यक है।

उन्होंने पटना के नागरिकों से स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने की अपील करते हुए कहा कि शहर की रैंकिंग को बेहतर बनाने और सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए यह जरूरी है। कार्यक्रम में संस्थान के कई छात्र-छात्राओं ने नगर निगम द्वारा उपलब्ध कराए गए डट कोड को स्कैन कर सर्वेक्षण में भाग लिया।




**दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ**

कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. नीतू कुमारी नवगीत, डॉ. प्रीति सिंह, डॉ. चंद्र सिंह और लोकगायक राजेश केशरी ने दीप प्रज्वलित कर की। इस अवसर पर संस्थान की ओर से डॉ. चंद्र सिंह ने पटना नगर निगम की पहल का स्वागत करते हुए कहा कि शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए सभी नागरिकों को मिलकर प्रयास करना होगा।

**सांस्कृतिक प्रस्तुति से बढ़ाया जागरूकता का संदेश**

कार्यक्रम में लोकगायक नीतू नवगीत, राजेश केशरी, चंदन उगना और विश्वनाथ पांडे (ढोलक) ने स्वच्छता जागरूकता पर विशेष गीत प्रस्तुत किए। ''घर-घर अलख जगाएंगे, स्वच्छ पटना बनाएंगे'' और 'सबसे बड़ा है गहना, साफ रहना'' जैसे गीतों ने उपस्थित लोगों को स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**संस्थान के सदस्यों का रहा अहम योगदान**

कार्यक्रम की सफलता में डॉ. प्रीति सिंह (सहायक प्रोफ़ेसर), डॉ. चंद्र सिंह (प्रोफ़ेसर), डॉ. रितु नारायण (सहायक प्रोफ़ेसर), अनुमेहा सिंह (प्लेसमेंट अधिकारी) और अनुराग राठौर (मार्केटिंग अधिकारी) का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

संस्थान के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक डट कोड स्कैन कर स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया, जिससे यह कार्यक्रम सफल और प्रेरणादायक साबित हुआ।


## सुपौल-पिपरा रेलखंड पर 29 मार्च को होगा सीआरएस निरीक्षण

**हाजीपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अररिया-सुपौल नई रेललाइन परियोजना के तहत नवनिर्मित सुपौल-पिपरा रेलखंड (22 किमी) पर 29 मार्च 2025 को संरक्षा आयुक्त (रेलवे) पूर्वी परिमंडल, कोलकाता द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। इससे पहले, 28 मार्च 2025 को इस रेलखंड पर स्पीड ट्रायल किया जाएगा।

रेल प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि स्पीड ट्रायल और निरीक्षण के दौरान रेलवे ट्रैक से दूर रहें। लेवल क्रॉसिंग पार करने के दौरान भी विशेष सतर्कता बरतने और ट्रेन की स्थिति देखकर ही पटरी पार करने की सलाह दी गई है। रेल प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि कोई व्यक्ति लापरवाही करता है और दुर्घटना घटती है, तो इसकी जिम्मेदारी स्वयं उसकी होगी, रेलवे प्रशासन की नहीं।

## एक नजर

### राधेश्याम बंसल बने मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी के अध्यक्ष



**पटना (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मारवाड़ी हेल्थ सोसाइटी की वार्षिक आम सभा का आयोजन सोसाइटी के सभागार में किया गया। इस बैठक में राधेश्याम बंसल को सर्वसम्मति से अध्यक्ष (2025-2027) चुना गया। साथ ही, हनुमान सहाय गोयल को कार्यकारी अध्यक्ष, दिनेश अग्रवाल को महासचिव और सुजीत सिंघानिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता जरूरतमंदों को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की सुविधा उपलब्ध कराना होगी। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक लोग यहाँ आकर सस्ती और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठा सकें, इसके लिए सोसाइटी प्रयासरत रहेगी। उन्होंने बताया कि सोसाइटी द्वारा नियमित रूप से निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों की जांच करते हैं और आवश्यक दवाइयां एवं जांच की सुविधा निःशुल्क प्रदान की जाती है। साथ ही, मरीजों और उनके अटेंडेंट के लिए भोजन पैकेट की व्यवस्था भी की जाती है।

### दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी मे डॉ रामजयपाल सिंह के श्री कृष्णा नर्सिंग होम परिसर में शुक्रवार की शाम अलविदा जुम्मा और रमजान के मौके पर दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके क्षेत्र के सैकड़ों किसी संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हिस्सा लिया। इफ्तार पार्टी में शामिल रोजेदारों ने कहा की रमजान का महीना नेमतों और बरकतों का पवित्र महीना होता है। इस मौके पर अल्लाह से मांगी गई दुआ अवश्य ही कबुल होती है। इफ्तार पार्टी मे बीडीओ प्रभाकल कुमार, प्रखंड प्रमुख सद्दाम हूसैन, मसुद रजा, राहुल चंद्रा, नवल भारती, खुशबू रानी, रंजू यादव, छोटू एराकी, पालटन सिंह, प्रोफ़ेसर सीपी मंडल, मृत्युंजय पांडे, धर्मेंद्र रंगकर्मी, अभय कुमार सिन्हा, भाजपा नेता संजय केसरीष पूर्व मुखिया सुरेंद्र यादव आदी शामिल रहे।

### दुर्घटना में शिक्षक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना-गया-डोभी एन एच-22 के मसौढ़ी थाना स्थित नदौल के पास शुक्रवार की शाम एक टैंकरौली की टक्कर से बाईक सवार एक शिक्षक की मौत हो गयी जबकि उसपर सवार उसका एक अन्य दोस्त जख्मी हो गया। जख्मी युवक को आसपास के लोगों ने मसौढ़ी स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार कराने के बाद बेहतर उपचार के लिये पटना भेज दिया। इधर घटना के बाद टैंकरौली का चालक अपनी गाड़ी को स्टार्ट रहते भर में मौके से फरार हो। मृतक की पहचान पटना अनिसाबाद के पकडी स्थित हुलुकपुर निवासी कमलेश प्रसाद के 30 वर्षीय पुत्र प्रशांत कुमार के रूप में हुयी है. इधर सूचना पाकर मृतक के परिजन अनुमंडलीय अस्पताल पहुंच गये थे और पुलिस से शव का पोस्टमार्टम नही कराने व शव को अपने साथ ले जाने की जिद कर रहे थे.हालांकि पुलिस उन्हे समझाने का प्रयास कर रही थी. बाबजूद वे नही माने और शव को बिना पोस्टमार्टम कराये लेकर अपने साथ चले गये।मृतक जहानाबाद के डीएवी स्कूल में शिक्षक थे।

## भूमि सर्वेक्षण प्रपत्र अपलोड करने की तिथि बढ़ाने की मांग

### रैयतों की बड़ी संख्या वंचित, राजद ने सरकार से की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** राज्य में जारी भूमि सर्वेक्षण के तहत प्रपत्र-2 और प्रपत्र-3 को ऑनलाइन अपलोड करने की अंतिम तिथि 31 मार्च 2025 निर्धारित की गई है। लेकिन अब भी बड़ी संख्या में रैयत अपनी सूचनाएं अपलोड नहीं कर पाए हैं। इसे देखते हुए राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने सरकार से इस तिथि को आगे बढ़ाने की मांग की है।

राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने शुक्रवार को जारी एक बयान में कहा कि कई रैयत भूमि संबंधी दस्तावेज और भू-अभिलेखों की जानकारी जुटाने के लिए अंचल एवं जिला कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10-15 वर्षों में भू-माफियाओं द्वारा बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां की गई हैं, जिससे वास्तविक भू-धारकों को कागजात निकालने में काफी परेशानियां हो रही हैं।

प्रवक्ता ने कहा कि प्रपत्र-2 में भूमि स्वघोषणा और प्रपत्र-3 में वंशावली से संबंधित जानकारी अपलोड करनी होती है, लेकिन अब भी कई रैयत यह प्रक्रिया पूरी नहीं कर पाए हैं। इसलिए सरकार को उक्त तिथि को आगे बढ़ाकर आम लोगों को राहत देनी चाहिए।

## बाइक सवारों से लूटपाट करने वाले दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ पुलिस ने शुक्रवार को सड़क पर रस्सी लगाकर पिस्तौल के बल पर लूटपाट करने वाले गिरोह का उद्भेदन किया है, दरअसल बताया जाता है कि बिते दिनांक 02 फरवरी को रात्री करीब 08:15 बजे धनरूआ थाना के ग्राम फुलपुरा के आगे पाली मोड़ के पास अज्ञात चार अपराधकर्मी के द्वारा रोड के दोनों तरफ रस्सी लगाकर मोटरसाइकिल से आने जाने राहगीरों से पिस्तौल का भय दिखाकर सोने का लॉकेट, मोबाईल रूपया एवं अन्य सामाना लूटपाट की थी। इस संबंध में वादी प्रवीण कुमार पिता जयकिशोर सिंह ग्राम शाहपुर थाना घोसी, जहानाबाद के आवेदन के आलोक मे घटना की गंभीरता को देखते हुये टीम का गठन किया गया। टीम के द्वारा अपराधकर्मी 1. लक्ष्मण कुमार पे0 धुरी यादव सा0 भवानीबिगहा थाना चिकसौरा जिला नालंदा एवं 2. नीतीश कुमार पे0 ललन प्रसाद सा0 धमौलटोला खगड़ीपर थाना धनरूआ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार अपराधकर्मी लक्ष्मण कुमार के पास लूटी गयी मोबाईल में प्रयोग किया गया सीम



एवं नितीश कुमार के घर से लूटे गये सोने का लॉकेट साड़ी, साबुन एवं सेम्पू को बरामद किया गया है। इनका अपराधिक इतिहास पता किया जा रहा है। अभियुक्तों द्वारा अपने अन्य दो साथियों का नाम बताया गया है जिन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### सीएसपी संचालक से तीन लाख की लूट

**मसौढ़ी।** पटना-गया स्टेट हाईवे वन पर धनरूआ थाना क्षेत्र के राढा मोड़ के पास बाइक सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल के बल पर एक सीएसपी संचालक से तीन लाख लूट लेने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि साई गांव के पास स्थित स्टेट बैंक के एटीएम से 20 हजार रुपया निकाल कर सीएसपी संचालक संतोष कुमार पिता श्यामबाबू प्रसाद धनरूआ बाजार जा रहे थे, इस दौरान थाने से महज कुछ ही दूरी पर राढा मोड़ के पास बाइक पर सवार तीन अपराधी आए और हथियार के बल पर उसे कब्जे में लेते हुए बैग में रखे हुए कुल 3 लाख रुपये, बायोमैट्रीक मशीन, लैपटॉप मोबाइल लूटकर चंपत हो गए। घटना की सूचना मिलने पर 112 की गाड़ी इधर-उधर खोज भी निकली तब तक लुटेरे भाग निकले थे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कन्हैया कुमार ने बताया की सीएसपी संचालक संतोष कुमार के साथ 3 लाख की लूट हुई हैं, पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## मिलन समारोह में विनोद चौधरी सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल

### प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू व अध्यक्ष राजेश कुमार की मौजूदगी में थामा कांग्रेस का हाथ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में शुक्रवार को आयोजित मिलन समारोह में दलित सामाजिक कार्यकर्ता विनोद कुमार चौधरी ने अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार की उपस्थिति में उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व राहुल गांधी और राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के प्रति आस्था व्यक्त की। बिहार कांग्रेस प्रभारी कृष्णा अल्लावारू, अध्यक्ष राजेश कुमार और सह प्रभारी सुशील पासी ने उन्हें सदस्यता पर्ची प्रदान की।

कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने कहा कि ''मजबूत कांग्रेस, मजबूत इंडिया'' हमारा



नारा है और पार्टी सभी वर्गों को साथ लेकर वंचित समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि विनोद चौधरी और उनके समर्थकों के आने से सामाजिक न्याय की लड़ाई को मजबूती मिलेगी।

**वंचित समुदाय की हिस्सेदारी बढ़ेगी : राजेश कुमार**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि विनोद चौधरी पहले भी कांग्रेस परिवार का हिस्सा रहे हैं और आज विधिवत रूप से सदस्यता ग्रहण की है। उनके आने से बिहार कांग्रेस में वंचित समुदाय की हिस्सेदारी और बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने संविधान रक्षा को लेकर जो अभियान चलाया है, उसका असर अब दिखने लगा है।

**कांग्रेस ही दलितों-पिछड़ों की सच्ची हितैषी : विनोद चौधरी**

कांग्रेस में शामिल होने के बाद विनोद चौधरी ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है, जो दलितों और पिछड़ों के हक की लड़ाई राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक लड़ती है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी लगातार वंचित वर्ग के हक में लड़ाई लड़ रहे हैं और उन्हें देश की मुख्यधारा में लाने का काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि ''कांग्रेस में आकर मुझे अपने घर जैसा महसूस हो रहा है।''

**प्रो. श्यामदेव चौधरी समेत कई लोगों ने ली सदस्यता**


बाढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रो. श्यामदेव चौधरी ने भी कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की। इनके अलावा रानी चौधरी, विनय यादव, मो. फखरुल होदा, किरण देवी, ऊषा कुमारी, देव चौधरी, राजकुमार विद्यार्थी, उत्तम चौधरी और श्यामनंदन चौधरी सहित सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस का हाथ थामा।

मिलन समारोह में बिहार कांग्रेस के सह प्रभारी सुशील कुमार पासी, विधान परिषद में दल के नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा सहित कई नेताओं ने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, ब्रजेश प्रसाद मुनन, मोतीलाल शर्मा, अजय चौधरी, राजकुमार गुप्ता, महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा, सेवादल के चेयरमैन डॉ. संजय यादव, सुधा मिश्र, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, डॉ. मधुबाला सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे।

## नीतीश कुमार को जदयू प्रवक्ता राजीव रंजन ने दी अग्रिम शुभकामनाएं, संगठन मजबूती पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शुक्रवार को जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं महासचिव राजीव रंजन प्रसाद ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नीतीश कुमार को बतौर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के सर्वसम्मत नेता के रूप में उनकी प्रचंड जीत की संभावनाओं को लेकर शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने आगामी सरकार में उनके पुनः मुख्यमंत्री बनने की संभावना को लेकर बधाई प्रेषित की। राजीव रंजन प्रसाद ने मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान जदयू के सांगठनिक विस्तार को लेकर भी चर्चा की। पार्टी के भीतर नए कार्यकर्ताओं को जोड़ने, संगठन की मजबूती और आगामी चुनावों में बेहतर रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। आगामी राजनीतिक गतिविधियों के संदर्भ में काफी



महत्वपूर्ण माना जा रहा है। जदयू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि पार्टी की मजबूती और आगामी चुनावों में संगठन की महत्वपूर्ण भूमिका को लेकर मुख्यमंत्री से चर्चा हुई। उन्होंने कहा कि जदयू का लक्ष्य बिहार में सुशासन को निरंतर बनाए रखना है और इसी क्रम में संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न स्तरों पर रणनीतियाँ बनाई जा रही हैं।

गठबंधन के सहयोगियों के साथ राजीव रंजन प्रसाद ने इस बात को दोहराया कि नीतीश कुमार बिहार के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनके नेतृत्व में राज्य को नई ऊँचाइयों तक पहुँचाया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने पिछले कई वर्षों से बिहार में शासन की बागडोर सँभालते हुए सुशासन को प्राथमिकता दी है। उनका प्रशासनिक अनुभव और विकासोन्मुखी दृष्टिकोण पार्टी को लगातार मजबूती प्रदान कर रहा है। इस बैठक के बाद राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा तेज हो गई है कि आने वाले चुनावों में जदयू और एनडीए गठबंधन मजबूती से जनता के बीच जाएगा। मुलाकात के दौरान पार्टी की आगामी योजनाओं और बिहार में विकास कार्यों को लेकर भी चर्चा की गई।

## वक्फ संशोधन बिल का कांग्रेस ने किया विरोध, हर घर कांग्रेस का झंडा अभियान शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** बिहार कांग्रेस ने वक्फ संशोधन बिल का पुरजोर विरोध करते हुए इसे वक्फ बोर्ड की स्वतंत्रता खत्म करने की साजिश करार दिया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश कुमार ने शुक्रवार को सदाकत आश्रम में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा सरकार इस संशोधन के जरिए वक्फ संपत्तियों पर नियंत्रण स्थापित करना चाहती है और मुस्लिम समुदाय के खिलाफ अपनी पूर्वाग्रही नीतियों को आगे बढ़ा रही है। इस दौरान राजेश कुमार ने 'हर घर कांग्रेस का झंडा' अभियान की औपचारिक शुरुआत की घोषणा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश, जिला और प्रखंड स्तर के सभी कांग्रेस कार्यकर्ता अपने घरों, गाड़ियों और कार्यालयों पर कांग्रेस का झंडा लगाएंगे। इससे कांग्रेस की विरासत और संघर्ष को जनता के बीच लाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की नीति सदैव कमजोर और शोषित वर्गों को प्रताड़ित करने की रही है। बिहार कांग्रेस विधायक दल के नेता डॉ. शकील अहमद खान ने आरोप लगाया कि संयुक्त संसदीय समिति में भाजपा के प्रभुत्व के चलते वक्फ संशोधन बिल को पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर तैयार किया गया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने तमाम आपत्तियों और सुझावों को दरकिनार कर केवल वक्फ संपत्तियों को प्रभावित करने वाला फैसला लिया। उन्होंने एनडीए के घटक दलों जदयू, लोजपा (रामविलास), हम सेक्यूलर से स्पष्ट करने की मांग की कि वे वक्फ संशोधन बिल के पक्ष में हैं या नहीं। इस मौके पर बिहार कांग्रेस के प्रभारी सचिव सुशील पासी ने कहा कि 'हर घर कांग्रेस का झंडा' अभियान को पूरे राज्य में प्रभावी तरीके से लागू किया जाएगा। साथ ही उन्होंने अगले महीने राहुल गांधी के संभावित पटना दौरे की भी जानकारी दी। संवाददाता सम्मेलन में विधान परिषद में कांग्रेस दल के नेता व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मदन मोहन झा, मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़, अशोक गगन, डॉ. स्नेहाशीष वर्धन पांडेय, सौरभ सिन्हा, निधि पांडेय, ज्ञान रंजन समेत कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

## इन्दिरा आईवीएफ का 12वां सेंटर पटना के फुलवारी शरीफ में शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इन्दिरा आईवीएफ ने पटना के फुलवारी शरीफ में अपने नए फर्टिलिटी सेंटर का उद्घाटन किया है, जिससे बिहार में रिप्रोडक्टिव हेल्थकेयर सेवाओं की पहुंच अधिक मजबूत होगी। यह राज्य में इन्दिरा आईवीएफ का 12वां सेंटर है, जो आधुनिक फर्टिलिटी केयर के साथ उन दंपतियों और व्यक्तियों की मदद करेगा, जो संतान सुख प्राप्त करने की इच्छा रखते हैं। यह विस्तार इन्दिरा आईवीएफ की नवीन रिप्रोडक्टिव तकनीकों को व्यक्तिगत देखभाल के साथ जोड़कर फर्टिलिटी ट्रीटमेंट को अधिक सुलभ बनाने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के स्वास्थ्य एवं विधि मंत्री




मंगल पांडे, विशिष्ट अतिथि पूर्व मंत्री श्याम रजक, इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड व पटना सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार और इन्दिरा आईवीएफ फुलवारी शरीफ के सेंटर हेड डॉ. पुनीत हंस उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडे ने कहा कि बिहार के स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ, गुणवत्तापूर्ण और किफायती होनी आवश्यक है। बढ़ती फर्टिलिटी जरूरतों को देखते हुए, बिहार में विशेष फर्टिलिटी उपचार केंद्रों की उपलब्धता से लोग दूर-दराज की यात्रा करने के बजाय अपने राज्य में ही उचित चिकित्सा सहायता प्राप्त कर सकते हैं, इससे बेहतर स्वास्थ्य परिणाम मिलेंगे और हेल्थकेयर सिस्टम भी सशक्त होगा। पूर्व मंत्री श्याम रजक ने कहा कि चिकित्सा विज्ञान में हुई प्रगति के बावजूद, फर्टिलिटी समस्याओं से जुड़ी सामाजिक भ्रांतियां और गलत जानकारियां लोगों को समय पर इलाज लेने से रोकती हैं। यह आवश्यक है कि हम एक ऐसा वातावरण तैयार करें जहां रिप्रोडक्टिव हेल्थ पर खुलकर चर्चा हो और लोग बिना झिझक इलाज के विकल्प तलाश कर सकें। फर्टिलिटी सेंटर इन बाधाओं को तोड़ने में मदद करते हैं और जरूरतमंद लोगों को सही मार्गदर्शन व आत्मविश्वास प्रदान करते हैं। इन्दिरा आईवीएफ के मैनेजिंग डायरेक्टर और को-फाउंडर नितिज मुर्डिया ने कहा कि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट में तकनीक की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। यह न केवल सटीक डायग्नोसिस और इलाज में मदद करती है, बल्कि सफलता दर भी बढ़ाती है। इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड और पटना सेंटर हेड डॉ. दयानिधि कुमार ने कहा कि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट में सबसे बड़ी चुनौती इलाज अपनाने में देरी करना है, जो अक्सर जागरूकता की कमी या गलत धारणाओं के कारण होता है। कई लोगों को यह जानकारी नहीं है कि उम्र, जीवनशैली और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याएं गर्भधारण की संभावनाओं को किस तरह प्रभावित कर सकती हैं। हमारा लक्ष्य लोगों को सही जानकारी देना और समय पर उपचार उपलब्ध करवाना है। इन्दिरा आईवीएफ फुलवारी शरीफ के सेंटर हेड डॉ. पुनीत हंस ने कहा कि फर्टिलिटी ट्रीटमेंट केवल चिकित्सा उपचार नहीं, बल्कि भावनात्मक सहयोग और व्यक्तिगत देखभाल प्रदान करना है।

## टेम्पो चालकों से मारपीट और रंगदारी वसूली मामले में चालकों की हड़ताल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढी नौबतपुर मार्ग और पालीगंज मार्ग पर चलने वाली सभी ऑटो चालक शुक्रवार के दिन सुबह से ही हड़ताल पर है। दरअसल सभी ऑटो चालको से जबरन रंगदारी वसूली के खिलाफ सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। ऑटो चलाको ने बताया कि कर्पूरी चौक के पास बस स्टैंड है जहां पर मसौढ़ी से नौबतपुर और



मसौढ़ी से पालीगंज जाने वाली रूट में तकरीबन 50 से अधिक ऑटो चलती हैं और इन सभी ऑटो चालकों से जबरन रंगदारी वसूली की जाती है मारपीट की जाती हैं इसके अलावा अगर कोई यात्री ऑटो पर जाने के लिए बिठाते हैं तो उन्हें जबरन उतरकर बस पर चढ़ाया जाता है। इसके अलावा हम सबों से रंगदारी भी वसूली की जाती हैं। नगर परिषद द्वारा जो एजेंटी हुआ है वह एजेंटी के अलावा भी हम लोग से रंगदारी होती है। इसी को लेकर आक्रोशित ऑटो चालकों का विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को हुआ और सभी अपने ऑटो का परिचालन बंद कर हड़ताल हैः इन दोनों सड़कों के मार्गों पर गाड़ियां नहीं चल रही है।आक्रोशितों ने कहा की तब तक नहीं चलेगी जब तक रंगदारी वसुलने वालों पर कारवाई नहीं होगी,विरोध कर रहे राजेश कुमार, मुन्ना कुमार, गुड्डू कुमार, छोटू कुमार, संजीव कुमार, नितीश कुमार, सत्य प्रकाश आदि ने विरोध जताते हुए कार्रवाई की मांग की है।

## ईएसआईसी के विभिन्न कार्यालयों द्वारा जागरूकता सत्रों का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मुजफ्फरपुर।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के विभिन्न कार्यालयों द्वारा योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जा रहा है। ईएसआईसी औषधालय सह शाखा कार्यालय मुजफ्फरपुर, गया एवं शाखा कार्यालय डालमियानगर, बंजारी और मोकामा में बीमित लाभार्थियों व कर्मचारियों को जागरूक किया गया। उपस्थित कर्मचारियों को ईएसआईसी द्वारा प्रदान की जाने वाली सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बीमारी की स्थिति में कैशलेस इलाज कैसे प्राप्त किया जा सकता है। इसके अलावा, दुर्घटना, बीमारी या मातृत्व अवकाश के दौरान वेतन नुकसान की भरपाई के लिए ईएसआईसी द्वारा दी जाने वाली नकद सहायता के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित शाखा प्रबंधक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम के प्रावधानों के तहत वे सभी संस्थान जहां 10 या उससे अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, इस योजना के दायरे में आते हैं। इस अधिनियम के तहत, कर्मचारियों और उनके आश्रित परिवारजनों को पूर्ण चिकित्सा सुविधा के साथ-साथ नकद लाभ भी प्रदान किए जाते हैं, जिससे उनकी सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## संपादकीय

# अंदर से हो पहल

दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर से कथित तौर पर जले हुए नोटों की गड्डियां बरामद होने की खबरों के बाद जहां इस मामले की जांच शुरू हो गई है, वहीं इससे जुड़ी बहस का दायरा भी फैलता जा रहा है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि अगर जजों की नियुक्ति से जुड़ा एनजेएसी एक्ट लागू होने दिया गया होता तो आज ऐसी स्थिति नहीं होती। जाहिर है, इस घटना ने न्यायपालिका की स्वतंत्रता और उसके उत्तरदायित्व से जुड़ी पुरानी बहसों को नया रूप दे दिया है। न्यायपालिका के वरिष्ठ सदस्यों के आचरण को लेकर विवाद पहले भी होते रहे हैं। लेकिन आर्थिक भ्रष्टाचार से जुड़े मामले अक्सर बड़ा मुद्दा बन जाते हैं। मिसाल के तौर पर, कलकत्ता हाईकोर्ट के सिटिंग जज अभिजीत गंगोपाध्याय का पद से इस्तीफा देकर बीजेपी के टिकट पर लोकसभा चुनाव लड़ना या इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस शेखर यादव का एक खास समुदाय के खिलाफ कथित तौर पर आपत्तिजनक बयान देना उतना बड़ा मुद्दा नहीं बना। किसी बार असोसिएशन ने उन मामलों में ऐसा मुखर विरोध नहीं किया जैसा जस्टिस वर्मा के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट बार असोसिएशन कर रहा है।जजों पर लगने वाले गंभीर आरोपों के संदर्भ में देखें तो अब तक के अनुभव से साफ हो गया है कि महाभियोग लाना व्यवहार में कोई कारगर विकल्प नहीं रह गया है। आरोप कितने भी गंभीर हों, इस प्रक्रिया का तार्किक परिणति तक पहुंचना काफी हद तक राजनीतिक दलों के रुख पर निर्भर करता है।मौजूदा विवाद ने न्यायपालिका के उत्तरदायित्व की जरूरत को रेखांकित किया है तो उसी अनुपात में उसकी स्वतंत्रता पर मंडराते खतरे को लेकर आगाह भी। ध्यान रखना जरूरी है कि इस विवाद से बने माहौल का कोई प्रतिकूल असर न्यायपालिका की स्वतंत्रता और जजों को हासिल संवैधानिक संरक्षण पर न पड़े।ऐसे में बीच की राह यही हो सकती है कि न्यायपालिका को उत्तरदायी बनाने के प्रयास न्यायपालिका के भीतर से ही किए जाएं। चाहे जजों की संपत्ति का ब्योरा सार्वजनिक करने की अनिवार्यता हो या हितों के टकराव के मामले समय रहते उजागर करना बाध्यकारी हो या जुडिशल ऑम्बड्समैन जैसे किसी पद का सृजन हो - ऐसे तमाम विकल्पों पर विचार करने की जरूरत है क्योंकि लोकतंत्र में स्वतंत्र, निष्पक्ष, विश्वसनीय और जिम्मेदार न्यायपालिका का कोई विकल्प नहीं होता।

**बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर कहा कि हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। बस कुछ गलतफहमियां हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली स्थिति में यूनुस किन रिश्तों के मजबूत होने की बात कर रहे हैं, कैसी गलतफहमियां और किनके द्वारा उत्पन्न गलतफहमियों की बात वे कर रहे हैं? यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत से दूरियां बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी, वहां हिन्दुओं एवं हिन्दू मन्दिरों पर कहर बरपाया गया, पाकिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने की कवायद करते हुए भारत को डराने की कोशिशें हुई, कट्टरपंथी एवं जिहादी ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया गया है**

# बांग्लादेश के बदलते सुरों को गंभीरता से लेना होगा

**(ललित गर्ग)**

बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने भारत और बांग्लादेश के संबंधों पर कहा कि हमारे रिश्ते बेहद मजबूत हैं। बस कुछ गलतफहमियां हैं, जिन्हें दूर करने की कोशिश की जा रही है। सौ चूहे खाकर बिल्ली हज को चली वाली स्थिति में यूनुस किन रिश्तों के मजबूत होने की बात कर रहे हैं, कैसी गलतफहमियां और किनके द्वारा उत्पन्न गलतफहमियों की बात वे कर रहे हैं? यूनुस के नेतृत्व में बनी अंतरिम सरकार ने भारत से दूरियां बढ़ाने की कोई कसर नहीं छोड़ी, वहां हिन्दुओं एवं हिन्दू मन्दिरों पर कहर बरपाया गया, पाकिस्तान के साथ दोस्ती बढ़ाने की कवायद करते हुए भारत को डराने की कोशिशें हुई, कट्टरपंथी एवं जिहादी ताकतों को सहयोग, समर्थन और संरक्षण दिया गया है, इन सब स्थितियों को उग्र से उग्रतर बनाकर अब यूनुस किन रिश्तों की बात कर रहे हैं, वे क्यों बैंकॉक में आयोजित होने वाले बिम्सटेक शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करना चाहते हैं? बांग्लादेश का भारत-विरोधी रवैया दुर्भाग्यपूर्ण ही नहीं, बल्कि विडम्बनापूर्ण बना है। भारत से पंगा बांग्लादेश को कितना महंगा पड़ रहा है, इसका अनुमान बांग्लादेश की बिगड़ती अर्थ-व्यवस्था, शांति-व्यवस्था एवं अराजकता को देखते हुए सहज ही लगाया जा सकता है। इन ज्वलंत होती स्थितियों का सबसे बड़ा कारण भारत से दुश्मनी ही है। बांग्लादेश में अराजकता, हिंसा एवं जर्जर होते हालात को मोहम्मद यूनुस सरकार नियंत्रित नहीं कर पा रही हैं। मुल्क अभी भी भीड़ की हिंसा की उन घटनाओं से उबर नहीं रहा है, जो पिछले अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने वाले आंदोलन के बाद शुरू हुई थी। यूनुस से क्षेत्र में शांति व सद्भाव की जो उम्मीदें थी, उसमें उन्होंने मुस्लिम कट्टरपंथ को आगे करके निराश ही किया है। उनकी सरकार लगातार विघटनकारी, अड़ियल व बदमिजाजी का रुख अपनाए हुए है। यदि भारतीय प्रधानमंत्री बैंकाक में यूनुस से वार्तालाप करते हैं तो उन्हें उनके इरादों को लेकर सतर्क एवं सावधान रहना चाहिए।

भारत प्रारंभ से बांग्लादेश का सहयोगी एवं हितैषी रहा है, इसी कारण उसने पिछले डेढ़ दशकों में जो आर्थिक तरक्की हासिल की, छह फीसदी से अधिक दर से जीडीपी को बढ़ाया और 2026 तक विकासशील देशों के समूह में शामिल होने का सपना देखा, उन सब पर मोहम्मद यूनुस की अगुवाई वाली अंतरिम सरकार के संकीर्णतावादी एवं दुराग्रही सोच के कारण काली छाया मंडराने लगी है। बांग्लादेश में भारत विरोधी वातावरण तैयार किया जा गया, वहां हिंदुओं एवं अन्य अल्पसंख्यकों पर हमले की घटनाओं पर भारत की तमाम चिंताओं के बावजूद गंभीरता नहीं दिखाई गयी और अल्पसंख्यक हिन्दुओं



के दमन को रोकने के लिए वांछित कदम उठाने से इनकार किया गया है। इन सब स्थितियों के कारण आज वहां कानून-व्यवस्था के सामने समस्या पैदा हो गई है, बांग्ला राष्ट्रवाद की वकालत करने वालों पर खतरा मंडराने लगा है, प्रगतिशील मुस्लिमों एवं अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं और बंगबंधु व मुक्ति संग्राम के इतिहास को मिटाने का प्रयास हो रहा है। बांग्लादेश की यह गति इसलिए हुई है, क्योंकि मोहम्मद यूनुस सरकार आम जन की अपेक्षाओं के अनुरूप चुनौतियों से लड़ पाने में नाकाम रहे हैं और भारत से टकराव मोल लेकर उन्होंने अपने पांवों पर खुद कुल्हाडी चलाई है। बांग्लादेश के हुक्मरानों और विशेषतः यूनुस सरकार ने विवाद के नये-नये मुद्दे तलाश कर दोनों देशों के आपसी संबंधों को नेस्तनाबूद किया हैं। आज वहां सांविधानिक, राजनीतिक वैधता का संकट तो गहराया ही है लेकिन लोकतांत्रिक मूल्य भी धुंधला रहे हैं।

बांग्लादेश में शेख हसीना के तख्तापलट के बाद वहां की अंतरिम सरकार का नेतृत्व कर रहे मोहम्मद यूनुस भले ही नोबेल पुरस्कार से सम्मानित हो, लेकिन उनकी सोच एवं कार्य-पद्धति में कट्टरवाद एवं भारत-विरोधी मानसिकता है। भले ही वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से वार्ता करके भारत से दोस्ती का नाटक करें। लेकिन उनके इरादों पर भरोसा नहीं किया जा सकता, क्योंकि हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और है। चीन के खासे प्रभाव में आकर बांग्लादेश उसका सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। उसने वहां महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को वित्त पोषित किया है और वह बांग्लादेशी सेना के हथियारों का प्रमुख आपूर्तिकर्ता है। चीन ने ऐतिहासिक रूप से दक्षिण एशिया में भारतीय प्रभाव का मुकाबला करने के लिए पाकिस्तान को एक रणनीतिक साझेदार के रूप में इस्तेमाल किया है और वह इस्लामाबाद की मदद से बांग्लादेश में भी अपना प्रभाव बढ़ाने का अवसर नहीं छोड़ रहा है। पाकिस्तान को अतिश्योक्तिपूर्ण ढंग से अपने आतंरिक मामलों में जगह दे देकर बांग्लादेश ने खुद खतरा मौल लिया है। पाकिस्तान भारत के उत्तर-पूर्वी भाग में अलगाववाद को बढ़ावा देने के लिए बांग्लादेश का उपयोग करता है। वह आतंकवादियों की घुसपैठ के लिए भी बांग्लादेश का उपयोग करता है। इसी के चलते अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में यूनुस ने कई कट्टरपंथी संगठनों से प्रतिबंध हटाया है और आतंकी गतिविधियों के लिए आरोपित नेताओं को जेल से रिहा भी किया है। भारत को इसकी भी अनदेखी नहीं करना चाहिए कि बांग्लादेश में पाकिस्तान के दखल का मुख्य ध्येय भारत को कमजोर एवं अशांत करना ही है। यूनुस का कार्य व्यवहार चिंतित करने वाला है। वह यथाशीघ्र चुनाव कराने में रुचि दिखाने के बजाय ऐसे एजेंडे अपने हाथ में ले रहे हैं, जिससे लंबे समय तक सत्ता में बना रहा जाए।

अब तो बांग्लादेश की सेना भी यूनुस के रवैये को लेकर सशंकित दिख रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के विरुद्ध जिन छात्रों के विद्रोह के चलते यूनुस बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख बने, उन छात्रों ने पिछले दिनों नेशनल सिटिजंस पार्टी नाम से अपना अलग दल गठित कर लिया और यह आरोप भी लगाया कि सेना शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग को फिर से सत्ता में लाने की साजिश रच रही है। यह चकित करने वाला घटनाक्रम है। इसलिए और भी, क्योंकि बांग्लादेश की सेना ने इस पार्टी के आरोपों को हास्यास्पद और निराधार करार दिया। भारत को बांग्लादेश के घटनाक्रम पर इसलिए निगाह रखनी होगी, क्योंकि माना जा रहा है कि छात्रों की इस नई पार्टी के गठन के पीछे यूनुस का ही हाथ है। बांग्लादेश में आंतरिक स्थिति जटिल से जटिलतर होती जा रहा है, स्थितियां विकराल हो रही है, आम जनता पर दुःखों, परेशानियों एवं समस्याओं के पहाड़ टूटने लगे हैं। वहां जैसी आंतरिक गुटबाजी, प्रशासनिक शिथिलताएं, अराजकताएं और अव्यवस्थाएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए सेना प्रमुख जनरल वकार उज-जमां ने सेना की भूमिका बढ़ाने की बात कही है। उनका संकेत साफ है, यदि अंतरिम सरकार हालात को संभाल पाने में नाकाम रहती है, तो सेना मोर्चा संभालने को तैयार है।

भारत के सहयोग से हसीना के नेतृत्व में बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था तेजी से आगे बढ़ रही थी और वह जीडीपी वृद्धि कर रहा था। लेकिन उनके तख्तापलट के बाद से विकास में तेजी से गिरावट आई है और देश मंदी की ओर बढ़ रहा है। विश्व बैंक और आईएमएफ का कहना है कि हसीना के सत्ता से हटने के बाद से बांग्लादेश की विकास-दर आधी हो गई है और उसका कपड़ा उद्योग-जो उसके विकास का आधार था-बेरोजगारी से बुरी तरह प्रभावित हुआ है। लेकिन अंतरिम सरकार मौजूदा स्थिति के लिए हसीना सरकार को दोषी ठहराती है, यह बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति है। लेकिन यह तय है कि बांग्लादेश और पाकिस्तान की बढती नजदीकियां, बांग्लादेश का भारत विरोध और पाकिस्तान प्रेम इस मुल्क पर भारी पड़ रहा है। भले ही 54 सालों में पहली बार बांग्लादेश और पाकिस्तान सीधा कारोबार शुरू हुआ है। देखने वाली बात यह भी है कि पाकिस्तान और भारत के बीच संबंध सामान्य नहीं हैं और व्यापार ठप्प है। ऐसे में इसका असर भारत पर नहीं पाकिस्तान पर जरूर पड़ा है और वहां की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है।

# नवरात्र में करें नौ देवियों के मंत्रों का जप, घर आएगी सुख-समृद्धि



**(सुमन सैनी)**

चैत्र माह में आने वाले नवरात्र को चैत्र नवरात्र के नाम से जाना जाता है जो चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से शुरू होते हैं। ऐसा माना जाता है कि इस अवधि में माता रानी के अगल-अगल स्वरूपों की आराधना करने से साधक के सभी दुख-दर्द दूर हो जाते हैं। साथ ही सारे इच्छाएं भी पूरी होती हैं। नवरात्र की अवधि माता रानी की कृपा प्राप्ति के लिए बहुत ही खास मानी गई है। ऐसे में भक्तों को नवरात्र का खास इंतजार रहता है। इस बार चैत्र नवरात्र की शुरुआत 30 मार्च से हो रही है। इसमें भक्त नौ अगल-अगल दिनों तक देवी के नौ अगल-अगल रूपों की आराधना व व्रत करते हैं। ऐसे में आप मां दुर्गा की विशेष कृपा के लिए नवरात्र के नौ दिनों में नवदुर्गाओं के इन मंत्रों का जप कर सकते हैं।

**1. माता शैलपुत्री मंत्रः** नवरात्र के पहले दिन यानी प्रतिपदा तिथि पर घटस्थापना के साथ माता शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, प्रथम दिन मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना से साधक के विवाह में आ रही अड़चने भी दूर हो सकती हैं।

माता शैलपुत्री मंत्र - या देवी सर्वभूतेषु शैलपुत्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः।

**2. माता ब्रह्मचारिणी मंत्रः** दूसरे दिन ब्रह्मचारिणी माता की पूजा होती है। माता के इस स्वरूप को ज्ञान, तपस्या, और वैराग्य की देवी माना जाता है। मां ब्रह्मचारिणी की पूजा करने से साधक को ज्ञान, एकाग्रता, और आत्मविश्वास की प्राप्ति होती है।

माता ब्रह्मचारिणी मंत्र - या देवी सर्वभूतेषु माँ ब्रह्मचारिणी रूपेण संस्थिता. नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

**3. मां चन्द्रघण्टा मंत्रः** नवरात्र के तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा करने का विधान है। मां चंद्रघंटा की पूजा साधक को समृद्धि मिलती है, बौद्धिक क्षमता का विकास होता है और आत्मविश्वास बढ़ता है।

मां चन्द्रघण्टा मंत्र - या देवी सर्वभूतेषु मां चंद्रघंटा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**4. मां कुष्मांडा मंत्रः** नवरात्र के चौथे दिन मां कुष्मांडा की पूजा-अर्चना की जाती है। माना जाता है कि देवी के इस स्वरूप की उपसना करने से साधक को आरोग्य जीवन का आशीर्वाद मिलता है।

मां कुष्मांडा मंत्र - या देवी सर्वभूतेषु कुष्मांडा रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै, नमस्तस्यै, नमस्तस्यै नमो नमः।

**5. मां स्कंदमाता मंत्रः** नवरात्र के पांचवां मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना के लिए समर्पित है। मां दुर्गा के इस स्वरूप की विधिवत रूप से पूजा करने से निःसंतान लोगों को संतान सुख मिल सकता है। मां स्कंदमाता मंत्र - या देवी सर्वभूतेषू मां स्कंदमाता रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः

**6. मां कात्यायनी मंत्रः** नवरात्र के छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है। देवी के इस स्वरूप की पूजा करने से गुरु ग्रह की स्थिति मजबूत होती है। साथ ही मां कात्यायनी की पूजा से शत्रुओं पर विजय मिलती है।

मां कात्यायनी मंत्र - कात्यायनी महामाये, महायोगिन्यधीश्वरी। नन्दगोपसुतं देवी, पति मे कुरु ते नमः।।

**7. मां कालरात्रि मंत्रः** नवरात्र के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना की जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, नवरात्र में मां काली की पूजा-अर्चना करने से किसी भी प्रकार के भय से मुक्ति मिलती है साथ ही अकाल मृत्यु का डर भी नहीं रहता।

मां कालरात्रि मंत्र -ऊँ जयंती मंगला काली भद्रकाली कपालिनी। दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तु ते।।

**8. माता महागौरी मंत्रः** नवरात्र के आठवें दिन देवी महागौरी की पूजा होती है। मां पार्वती के इस स्वरूप की आराधना करने से साधक कई प्रकार की रोग व व्याधि से मुक्त हो सकता है। साथ ही देवी महागौरी ग्रह दोष से भी मुक्ति दिलाती हैं।

महागौरी मंत्र - या देवी सर्वभू?तेषु माँ गौरी रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥

**9. मां सिद्धिदात्री मंत्रः** नवरात्र के आखिरी दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा का विधान है। मां सिद्धिदात्री को 8 सिद्धियां प्राप्त हैं। मान्यताओं के अनुसार, देवी के इस स्वरूप की विधि-विधान से पूजा-अर्चना करने से साधक को सिद्धियों की प्राप्ति होती है।

मां सिद्धिदात्री मंत्र - या देवी सर्वभू?तेषु माँ सिद्धिदात्री रूपेण संस्थिता। नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः।

इस लेख में बताए गए उपाय/लाभ/सलाह और कथन केवल सामान्य सूचना के लिए हैं।

# ऐतिहासिक निर्णयों ने उ.प्र. की दशा और दिशा को बदलने में निभाई महत्वपूर्ण भूमिका

**योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में अब तक कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिन्होंने राज्य की दशा और दिशा को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लव जिहाद के खिलाफ कानून हो या फिर नकल और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून, महिलाओं के सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए मिशन शक्ति की पहल हो या फिर किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का निर्णय इन सभी के दीर्घ प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। इन निर्णयों ने यह भी साबित किया कि उत्तर प्रदेश में वो सरकार काबिज है, जिसके पास नीयत भी है और नीतियां भी। योगी सरकार के 8 साल में 8 महत्वपूर्ण निर्णयों पर एक नजर..**

**(नवीन जायसवाल)**

सीएम योगी की पहल पर नवंबर 2020 में 'उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम' लागू हुआ। इस कानून के तहत जबरन या छल से धर्म परिवर्तन करवाने पर 10 साल तक की सजा और 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया।

योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने 8 साल के कार्यकाल में अब तक कई ऐतिहासिक निर्णय लिए, जिन्होंने राज्य की दशा और दिशा को बदलने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। लव जिहाद के खिलाफ कानून हो या फिर नकल और पेपर लीक पर अंकुश लगाने के लिए सख्त कानून, महिलाओं के सम्मान और स्वावलंबन को सुनिश्चित करने के लिए मिशन शक्ति की पहल हो या फिर किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली देने का निर्णय इन सभी के दीर्घ प्रभाव देखने को मिल रहे हैं। इन निर्णयों ने यह भी साबित किया कि उत्तर प्रदेश में वो सरकार काबिज है, जिसके पास नीयत भी है और नीतियां भी। योगी सरकार के 8 साल में 8 महत्वपूर्ण निर्णयों पर एक नजर...

**1. लव जिहाद के खिलाफ बनाया कानूनः** सीएम योगी की पहल पर नवंबर 2020 में उत्तर प्रदेश विधि विरुद्ध धर्म संपरिवर्तन प्रतिषेध अधिनियम लागू हुआ। इस कानून के तहत जबरन या छल से धर्म परिवर्तन करवाने पर 10 साल तक की सजा और 5 लाख रुपये तक के जुर्माने का प्रावधान किया गया। पहले साल में ही 100 से अधिक मामले दर्ज किए गए। यह कानून महिलाओं की सुरक्षा और धार्मिक स्वतंत्रता सुनिश्चित करने के लिए बनाया गया, जिसने राष्ट्रीय स्तर पर बहस छेड़ दी।

**2. मिशन शक्ति की शुरुआत :** अक्टूबर 2020 में शुरू हुआ मिशन शक्ति अभियान महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन पर केंद्रित है। इसके तहत एंटी-रोमियो स्क्वाड ने छेड़छाड़ के 32 हजार से अधिक मामलों में कार्रवाई की। कन्या सुमंगला योजना के तहत 22 लाख से ज्यादा बेटियों को आर्थिक मदद दी गई। 112 और 181 जैसी हेल्पलाइन ने आपात स्थिति में सहायता प्रदान की।

**3. किसानों को सिंचाई के लिए मुफ्त बिजली :** किसानों के हित को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने विगत वर्ष उत्तर प्रदेश के निजी नलकूप उपभोक्ताओं को एक अप्रैल 2024 से बिजली बिल में 100 प्रतिशत छूट का लाभ देने का निर्णय लिया। इस निर्णय को पावर कॉर्पोरेशन ने विधिवत लागू किया। सिंचाई सुविधा के लिए 4 लाख से ज्यादा निजी नलकूपों का संयोजन किया गया। किसानों को विद्युत आपूर्ति के लिए 3 हजार से



अधिक ग्रामीण फीडर अलग किए गए। निजी नलकूप कनेक्शन देने में डार्क जोन में लगे प्रतिबंध हटाने से लाखों किसान लाभान्वित हुए।

**4. सभी राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए चिकित्सा सुविधा फ्री :** योगी सरकार ने 2022 में उत्तर प्रदेश के राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स व उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया, जिसका लाभ लाखों लोगों को मिलने लगा। इसके तहत, राज्य कर्मचारियों और पेंशनर्स के स्टेट हेल्थ कार्ड बनाए गए। स्टेट हेल्थ कार्ड में कर्मचारियों व उनके आश्रितों से संबंधित सभी डाटा संरक्षित रखने की सुविधा है। इस हेल्थ कार्ड को दिखाकर वे किसी भी सरकारी अस्पताल में मुफ्त इलाज की सुविधा प्राप्त कर पा रहे हैं। योजना के तहत लाभार्थियों के इलाज के लिए प्रदेश के सभी राजकीय चिकित्सा संस्थानों में प्रचलित दरें ही मान्य हैं।

**5. नकल और पेपर लीक पर बनाया सख्त कानूनः** परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक करने और नकल के खिलाफ भी योगी सरकार ने 2024 में सख्त कानून बनाकर मिसाल पेश की। पेपर लीक कानून के तहत सार्वजनिक परीक्षाओं में होने वाली धोखाधड़ी (नकल) पर अंकुश लगाने के लिए न्यूनतम 3 से 5 साल की कैद की सजा का प्राविधान है और पेपर लीक गिरोह में शामिल लोगों को 5 से 10 साल की कैद और न्यूनतम एक करोड़ रुपए के जुर्माने का प्राविधान है। यदि कोई व्यक्ति या व्यक्तियों का समूह कोई संगठित अपराध करता है, जिसमें परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था, सेवा प्रदाता या कोई अन्य संस्थान शामिल है तो उन्हें कम से कम 5 साल की कैद की सजा दी जाएगी, जिसे 10 साल तक बढ़ाया जा सकता है।

**6. उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण का गठन :** योगी सरकार ने ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए उत्तर प्रदेश अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण के गठन को मंजूरी दे दी है। इस प्राधिकरण के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए उत्तर प्रदेश जलमार्ग प्राधिकरण नियमावली 2025 को प्रख्यापित किया गया है। देश में 111 राष्ट्रीय जलमार्ग घोषित किए गए हैं, जिनमें उत्तर प्रदेश में गंगा, यमुना सहित कुल 11 राष्ट्रीय जलमार्ग मौजूद हैं। जलमार्गों के जरिए परिवहन को किफायती और सुविधाजनक बनाने के उद्देश्य से इस प्राधिकरण की स्थापना की जा रही है। सरकार का मानना है कि जल परिवहन प्रणाली विकसित होने से यातायात के अन्य साधनों पर दबाव कम होगा और व्यापारिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

**7. एनसीआर की तर्ज पर एससीआर बनाने का निर्णयः** योगी सरकार ने एक और ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली (एनसीआर) की तरह उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के आसपास के इलाकों को मिलाकर राज्य राजधानी क्षेत्र (एससीआर) के गठन को मंजूरी दी है। इसे उत्तर प्रदेश राज्य राजधानी क्षेत्र के नाम से जाना जाएगा। इसके लिए योगी सरकार ने अधिसूचना जारी कर दी है। लखनऊ और आसपास के 6 जिलों के कुल 27826 वर्ग मीटर जमीन का अधिग्रहण किया जाएगा।

**8. 47 वर्षों के बाद एक और औद्योगिक शहर के गठन का फैसला :** ऐतिहासिक निर्णयों की कड़ी में उत्तर प्रदेश सरकार ने नवीन ओखला औद्योगिक विकास प्राधिकरण (नोएडा) की तर्ज पर बुंदेलखण्ड औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) के गठन की अधिसूचना को भी 2023 में मंजूरी दे दी। उत्तर प्रदेश में इससे पहले 1976 में नोएडा नाम से एक नए शहर के गठन का निर्णय लिया गया था। 47 वर्षों के बाद एक और नए नगर की स्थापना का फैसला किया गया। झांसी जिले के 33 गांवों को शामिल करके बीडा का गठन किया जा रहा है। इस ऐतिहासिक निर्णय से बुन्देलखण्ड के बहुआयामी विकास को रफ्तार मिलेगी।



# गुड़ी पड़वा कैसे और क्यों मनाते हैं लोग? क्या है परंपरा

हिन्दू धर्म में गुड़ी पड़वा का त्योहार हर साल चैत्र महीने के पहले दिन बड़े ही उत्साह से मनाया जाता है. इस दिन को उगादि के नाम से भी जाना जाता है. 2025 में गुड़ी पड़वा 30 मार्च 2025 को मनाया जाएगा. हिंदू धर्म में नववर्ष की शुरुआत चैत्र मास से होती है. महाराष्ट्र में हिंदू नववर्ष को गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है. बता दें कि गुड़ी का अर्थ है ध्वज यानी झंडा और प्रतिपदा तिथि को पड़वा कहा जाता है. इसके अलावा यह दिन फसल दिवस का प्रतीक भी माना जाता है. इस दिन भगवान विष्णु व ब्रह्मा जी की पूजा भी की जाती है. लोग इस दिन घर को रंगोली, फूल-माला आदि से सजाते हैं और कई तरह के पकवान बनाते हैं. गुड़ी पड़वा के दिन महिलाएं सूर्योदय से पहले स्नान आदि के बाद विजय के प्रतीक के रूप में घर में सुंदर गुड़ी लगाती हैं और उसका पूजन करती हैं. यह पर्व विशेष तौर पर कर्नाटक, गोवा, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश में मनाया जाता है.

## ऐसे मनाया जाता है गुड़ी पड़वा

- गुड़ी पड़वा के दिन लोग अपने घरों की सफाई कर रंगोली और आम या अशोक के पत्तों से अपने घर में तोरण बांधते हैं.
- घर के आगे एक झंडा लगाया जाता है जिसे गुड़ी कहा जाता है.
- एक बर्तन पर स्वस्तिक बनाकर उस पर रेशम का कपड़ा लपेट कर रखा जाता है.
- इस दिन सूर्यदेव की आराधना के साथ ही सुंदरकांड, रामरक्षास्रोत और देवी भगवती की पूजा-मंत्रों का जप किया जाता है.
- स्वास्थ्य कामना हेतु नीम की कोपल गुड़ के साथ खाई जाती हैं. इससे लोगों का स्वास्थ्य अच्छा रहता है.
- गुड़ी पड़वा के दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं. एक-दूसरे के घर मिलने के लिए जाते हैं.
- इस पर्व में पूरन पोली और श्रीखंड बनाया जाता है. मीठे चावल भी बनाएं जाते हैं, जिसे शक्कर-भात भी कहा जाता है.
- इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा की जाती है और लोग गुड़ी फहराते हैं और - गुड़ी फहराने के बाद भगवान विष्णु की विधि-विधान से पूजा की जाती है.

## गुड़ी पड़वा से जुड़ी मान्यता

- पौराणिक कथाओं के अनुसार, गुड़ी पड़वा का दिन सृष्टि की रचना के रूप में मनाया जाता है. ऐसी मान्यता है कि इस दिन ही भगवान ब्रह्मा ने सृष्टि का निर्माण किया था. इसलिए इस दिन भगवान ब्रह्मा की पूजा का विशेष महत्व है.



# कब से शुरू है चैत्र नवरात्रि?

## तिथियां और देवी पूजन का महत्व

चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से चैत्र नवरात्रि का आरंभ होता है। नौ दिनों तक चलने वाले इस पर्व के दौरान मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा का विधान है। ऐसा माना जाता है कि मां दुर्गा के नौ रूपों की आराधना करने से न सिर्फ उनका आशीर्वाद प्राप्त होता है बल्कि व्यक्ति को कई लाभ भी मिलते हैं। ऐसे में ज्योतिषाचार्य से आइये जानते हैं कि इस साल कब से शुरू हो रही है चैत्र नवरात्रि, क्या हैं नवरात्रि की नौ तिथियां, किस दिन होगी कौन सी देवी की पूजा और क्या है देवी पूजन का महत्व।



इस साल चैत्र नवरात्रि का आरंभ 30 मार्च, रविवार के दिन से हो रहा है और नवरात्रि का समापन 6 अप्रैल, रविवार के दिन होगा। इस साल चैत्र नवरात्रि 8 दिन की पड़ रही है क्योंकि अष्टमी और नवमी तिथि की पूजा एक ही दिन की जाएगी।

### चैत्र नवरात्रि की तिथियां

चैत्र नवरात्रि के नौ दिन मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है और मां के हर एक रूप की पूजा का विशेष महत्व एवं लाभ है।

### चैत्र नवरात्रि देवी पूजन का महत्व

चैत्र नवरात्रि के पहले दिन मां दुर्गा के शैलपुत्री रूप की पूजा की जाती है। शैलपुत्री का अर्थ है पर्वतों की बेटी, और वह हिमालय के गिरीराज की पुत्री हैं। उनकी पूजा से जीवन में स्थिरता, शांति और स्वास्थ्य की प्राप्ति होती है। यह रूप विशेष रूप से भक्तों को आंतरिक शक्ति और आत्मविश्वास प्रदान करता है।

नवरात्रि के दूसरे दिन मां दुर्गा के ब्रह्मचारिणी रूप की पूजा होती है। मां ब्रह्मचारिणी तप और साधना की देवी मानी जाती हैं। उनके इस रूप की पूजा से तपस्वी जीवन की प्रेरणा मिलती है और व्यक्ति में संयम, आत्म-नियंत्रण और तप की शक्ति आती है। इस रूप की पूजा से इच्छाओं को नियंत्रित करने और आध्यात्मिक उन्नति की प्राप्ति होती है।

तीसरे दिन मां चंद्रघंटा की पूजा की जाती है। उनका रूप अत्यंत सौम्य और शुभकारी है, और वह अपने भक्तों के सभी भय और संकटों को दूर करती हैं। चंद्रघंटा के रूप में मां का रूप आभूषणों से सुसज्जित और उनके माथे पर चंद्रमा का आकार होता है। उनकी पूजा से मानसिक शांति, सुरक्षा और सौभाग्य प्राप्त होता है।

चौथे दिन मां कूष्मांडा की पूजा की जाती है, जो ब्रह्मांड की रचनाकार मानी जाती हैं। उनका रूप अत्यंत ऊर्जा से भरा हुआ होता है। वह एक कुम्हार के समान होती हैं, जो ब्रह्मांड के निर्माण में अपना योगदान देती हैं। उनकी पूजा से भौतिक सुख-संपत्ति और मानसिक शांति मिलती है।

पांचवे दिन मां स्कंदमाता की पूजा की जाती है। वह भगवान स्कंद (कार्तिकेय) की माता हैं, और उनका रूप बहुत ही शांतिपूर्ण और सौम्य होता है। मां स्कंदमाता अपने भक्तों को आशीर्वाद देती हैं और उनके जीवन में सौभाग्य, शांति और समृद्धि का संचार करती हैं।

छठे दिन मां कात्यायनी की पूजा की जाती है, जो अत्यंत शक्तिशाली रूप में मानी जाती हैं। मां कात्यायनी ने राक्षसों से लड़ने के लिए जन्म लिया था और उनकी पूजा से राक्षसों और संकटों से मुक्ति मिलती है। यह रूप विशेष रूप से सफलता, साहस और संघर्ष की प्रतीक हैं।


सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा होती है, जो काली और राक्षसी रूप में हैं। उनका रूप बहुत डरावना होता है, लेकिन वह राक्षसों और बुराई का नाश करने वाली हैं। उनकी पूजा से सभी प्रकार की बुरी शक्तियों का नाश होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। इस दिन की पूजा से जीवन में मुश्किलों का अंत और सफलता प्राप्त होती है।

आठवें दिन मां महागौरी की पूजा की जाती है, जो अत्यंत पवित्र और सुंदर रूप में मानी जाती हैं। उनका रूप सफेद वस्त्रों से आच्छादित और अत्यंत सौम्य होता है। मां महागौरी की पूजा से जीवन में सुख, समृद्धि और शांति की प्राप्ति होती है। यह रूप विशेष रूप से भक्तों के पापों को नष्ट करने और मानसिक शांति देने के लिए प्रसिद्ध है।

नवमी के दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है, जो समस्त सिद्धियों और इच्छाओं को पूरा करने वाली देवी मानी जाती हैं। उनका आशीर्वाद प्राप्त करने से जीवन में हर प्रकार की सिद्धि और समृद्धि आती है। इस दिन का महत्व खासतौर पर यह है कि मां सिद्धिदात्री के आशीर्वाद से समस्त इच्छाएं पूर्ण होती हैं और हर क्षेत्र में सफलता मिलती है।

## इस चैत्र नवरात्रि माता रानी का होगा हाथी पर आगमन

हिंदू धर्म में चैत्र नवरात्रि के दौरान, माता रानी का वाहन हर साल बदलता रहता है। यह इस बात पर निर्भर करता है कि नवरात्रि किस दिन शुरू हो रही है। वही आदिशक्ति का महापर्व नौ दिवसीय चैत्र नवरात्रि 30 मार्च से आरंभ होने जा रहा है। नवरात्रि शुरू होते ही मां दुर्गा का आगमन विशेष वाहन पर होता है। इस साल चैत्र नवरात्रि की शुरुआत और समाप्ति भी रविवार के दिन ही हो रही है। इसलिए इस साल मां दुर्गा का आगमन हाथी पर होने जा रहा है। देवी भागवत पुराण में वर्णित है कि मां दुर्गा का हाथी पर आगमन अत्यंत शुभ संकेत माना जाता है। यह मान्यता है कि जिस वर्ष मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आती हैं और प्रस्थान करती हैं, उस वर्ष देश में अच्छी वर्षा होती है, जिससे फसलों की पैदावार में वृद्धि होती है। इसके अतिरिक्त, धन-धान्य में भी वृद्धि होती है। मां दुर्गा का प्रस्थान भी हाथी पर ही होगा, जो भक्तों के लिए एक और शुभ संकेत है।





# घर में सुख और समृद्धि लाता है गुड़ी पड़वा

हिंदू पंचांग के अनुसार हर वर्ष चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नव वर्ष की शुरुआत होती है। महाराष्ट्र में मुख्य रूप से हिंदू नववर्ष जिसे नव-सवंत्सर भी कहा जाता है, गुड़ी पड़वा के रूप में मनाया जाता है। गुड़ी पड़वा का भारत के दक्षिणी राज्यों में उगादी के नाम से भी जाना जाता है। गुड़ी पड़वा दो शब्दों से मिलकर बना है। गुड़ी शब्द का अर्थ होता है विजय पताका और पड़वा का अर्थ होता है प्रतिपदा तिथि से। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा तिथि यानी गुड़ी पड़वा के मौके पर लोग अपने घर में विजय पताका के रूप में गुड़ी सजाते हैं और उत्साह के साथ इसे मनाया जाता है। ऐसे मान्यता है कि गुड़ी पड़वा पर्व को मनाने पर घर में सुख और समृद्धि आती है और घर की नकारात्मक ऊर्जाएं खत्म हो जाती हैं। गुड़ी पड़वा से जुड़ी दिलचस्प बातें -

### नव संवत्सर के राजा

30 मार्च 2025 से हिंदू नववर्ष विक्रम संवत 2082 की शुरूआत हो रही है। इस नव वर्ष के प्रथम दिन के स्वामी को पूरे वर्ष का स्वामी माना जाता है।

### सृष्टि के निर्माण का दिन

धार्मिक मान्यता के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही ब्रह्माजी ने सृष्टि की रचना का कार्य आरंभ किया था और सतयुग की शुरुआत इसी दिन से हुई थी। यही कारण है कि इसे सृष्टि का प्रथम दिन या युगादि तिथि भी कहते हैं। इस दिन नवरात्रि घटस्थापन, ध्वजारोहण, संवत्सर का पूजन इत्यादि किया जाता है।

### वानरराज बाली पर विजय

रामायण काल में जब भगवान राम की मुलाकात सुग्रीव से हुई तो उन्होंने श्री राम को बाली के अत्याचारों से अवगत कराया। तब भगवान राम ने बाली का वध कर वहां के लोगों को उसके कुशासन से मुक्ति दिलाई। मान्यता है कि यह दिन चैत्र प्रतिपदा का था। इसलिए इस दिन गुड़ी या विजय पताका फहराई जाती है।

### शालिवाहन शक संवत

एक ऐतिहासिक कथा के अनुसार शालिवाहन नामक एक कुम्हार के लड़के ने मिट्टी के सैनिकों की सेना बनाई और उस पर पानी छिड़ककर उनमें प्राण फूँक दिए और इस सेना की मदद से दुश्मनों को पराजित किया। इस विजय के प्रतीक के रूप में शालिवाहन शक संवत का प्रारंभ भी माना जाता है।

### हिंदू पंचांग की रचना का काल

प्राचीन भारत के महान गणितज्ञ एवं खगोलशास्त्री ने अपने अनुसन्धान के फलस्वरूप सूर्योदय से सूर्यास्त तक दिन, महीने और वर्ष की गणना करते हुए हिंदू पंचांग की रचना की थी। इस दिन उज्जैन के सम्राट विक्रमादित्य ने शकों को पराजित कर विक्रम संवत का प्रवर्तन किया था। इसी दिन भगवान विष्णु ने मत्स्य अवतार लिया था, इसी दिन से रात्रि की अपेक्षा दिन बड़ा होने लगता है।

### भगवान राम लौटे थे अयोध्या

धर्म शास्त्रों की मान्यताओं के अनुसार गुड़ी पड़वा के दिन ही भगवान राम ने रावण का वध करके माता सीता और भाई लक्ष्मण के साथ अपने राज्य अयोध्या लौटे थे।

### पहली बार छत्रपति शिवाजी ने मनाया था यह पर्व

ऐसी मान्यता है कि मुगलों से युद्ध करने के बाद जब मराठों के राजा छत्रपति शिवाजी की जीत हुई थी तब शिवाजी ने पहली बार गुड़ी पड़वा का त्योहार मनाया था। तभी से महाराष्ट्र में सभी लोग इस त्योहार को बड़े ही उत्साह और जोश के साथ मनाते आ रहे हैं।

### फसल की पूजा करने का महत्व

गुड़ी पड़वा पर मराठियों के लिए नया हिंदू नववर्ष की शुरुआत होती है। इस दिन लोग फसलों की पूजा आदि भी करते हैं।

### नीम के पत्ते खाने की परंपरा

ऐसी परंपरा है कि गुड़ी पड़वा पर लोग नीम के पत्ते खाते हैं। मान्यता है कि गुड़ी पड़वा पर नीम की पत्तियों का सेवन करने से खून साफ होता है और रोगों से मुक्ति मिलती है।

### सूर्यदेव की पूजा का महत्व

गुड़ी पड़वा पर सूर्यदेव की विशेष पूजा आराधना की जा जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो लोग गुड़ी पड़वा पर सूर्यदेव की उपासना करते हैं उन्हे आरोग्य, अच्छी सेहत और सुख- समृद्धि मिलती है।





# कब पड़ रही है चैत्र शनिचरी अमावस्या? शुभ मुहूर्त, महत्व और उपाय

हिंदू धर्म में अमावस्या तिथि का विशेष महत्व होता है, क्योंकि इसे पितरों को समर्पित दिन माना जाता है। अमावस्या तिथि कृष्ण पक्ष के अंतिम दिन पड़ती है और इस दिन आकाश में चांद दिखाई नहीं देता है। इस बार अमावस्या तिथि पर सूर्य ग्रहण भी लगेगा, और साथ ही यह दिन शनिवार भी होगा। जब अमावस्या तिथि शनिवार को आती है, तो इसे शनिश्चरी अमावस्या या शनि अमावस्या कहा जाता है। यह शनिश्चरी अमावस्या साल 2025 की पहली अमावस्या होगी।

इस दिन विशेष रूप से शनिदेव की पूजा की जाती है, क्योंकि शनिश्चरी अमावस्या पर शनि दोष, साढ़ेसाती और ढैय्या के नकारात्मक प्रभावों में कमी आती है। शनिदेव की उपासना से जीवन में सुख-शांति और समृद्धि प्राप्त होती है। अब आइए जानते हैं ज्योतिषाचार्य राधाकांत वत्स से कि साल 2025 की पहली शनिश्चरी अमावस्या कब होगी, पूजा का सही मुहूर्त क्या होगा और इस तिथि का क्या महत्व है।

### शनि अमावस्या 2025 कब है?

अमावस्या तिथि का प्रारंभ 28 मार्च, शाम 7 बजकर 55 मिनट से होगा और इसका समापन 29 मार्च, शाम 4 बजकर 27 मिनट पर होगा। हालांकि, अमावस्या का पर्व उदिया तिथि के अनुसार 29 मार्च, शनिवार को मनाया जाएगा। चूंकि यह तिथि शनिवार को पड़ रही है, इसलिए इसे शनिश्चरी अमावस्या भी कहा जाएगा।

### शनि अमावस्या 2025 शुभ मुहूर्त

शनि अमावस्या यानी कि 29 मार्च के दिन स्नान का शुभ मुहूर्त सुबह 4 बजकर 42 मिनट शुरू होगा और सुबह 5 बजकर 29 मिनट पर इसका स्मपान होगा। वहीं, शनि अमावस्या के दिन शनिदेव की पूजा का शुभ मुहूर्त 29 मार्च को सुबह 5 बजकर 6 मिनट से आरंभ होगा और समापन सुबह 10 बजकर 12 मिनट तक रहेगा।

### शनि अमावस्या 2025 महत्व

स्कंद, पद्म और अन्य कई पुराणों के अनुसार, चैत्र मास में पड़ने वाली शनि अमावस्या के दिन पवित्र नदियों में स्नान, दान, पिंडदान और तर्पण करने से मनुष्य के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। शनि दोष, शनि ढैय्या और साढ़ेसाती के अशुभ प्रभावों को कम करने के लिए शनि अमावस्या का विशेष महत्व है। इस दिन शनिदेव और महादेव की पूजा-अर्चना और दान करने से कई यज्ञों के बराबर पुण्य फल मिलता है। साथ ही, तर्पण और श्राद्ध करने से पितर प्रसन्न होते हैं और पितृदोष से मुक्ति मिलती है। शनि अमावस्या के दिन शनिदेव की कृपा पाने के लिए शनि से संबंधित चीजों जैसे काले तिल, सरसों का तेल, उड़द दाल आदि का दान करना और पीपल की पूजा करना अत्यंत शुभ माना जाता है। पीपल की पूजा से शनि दोष दूर होता है और शनिदेव के साथ ही सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद भी प्राप्त होता है।

### शनि अमावस्या 2025 उपाय

शनि अमावस्या पर कुछ खास उपायों को अपनाकर शनिदेव की कृपा प्राप्त की जा सकती है। इस दिन पीपल के पेड़ के नीचे सरसों के तेल का दीपक जलाना बेहद शुभ माना जाता है। साथ ही, तेल में बनी हुई पूड़ी को शनिदेव को भोग के रूप में अर्पित करना भी लाभकारी होता है। शनिदेव के सामने सरसों के तेल का दीपक जलाकर शनि मंत्र और दशरथ कृत शनि स्तोत्र का पाठ करना चाहिए। पितृ दोष से मुक्ति के लिए शनि अमावस्या के दिन चावल की खीर बनाकर गोबर के उपले जला कर पितरों के नाम पर खीर का भोग अर्पित करें। शनिदेव की पूजा करते समय 5, 7, 11 या 21 बार मंत्रों का जप करें और शनि आरती अवश्य करें। इसके अलावा, कांसे के कटोरे को सरसों या तिल के तेल से भरकर उसमें अपना चेहरा देखकर दान करने से भी विशेष पुण्य लाभ मिलता है। इन उपायों से शनि दोष कम होते हैं और जीवन में शांति और समृद्धि आती है।

# कंपनी को मिला 25,62,79,924 रुपये का काम

## शेयरों में लगा अपर सर्किट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक्सपो गैस कंटेनर्स के शेयरों की कीमतों में आज अपर सर्किट लगा है। कंपनी के शेयरों में उछाल के पीछे की वजह सरकारी कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड से मिला है। यह स्टॉक 5 प्रतिशत की उछाल के बाद बीएसई में 52.40 रुपये के लेवल पर खुला था। बता दें, कंपनी के शेयर बीएसई में 51.95 रुपये के लेवल पर ओपन हुआ था। एक्सपो गैस कंटरेनर्स ने बताया है कि भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के मुंबई



रिफाइनरी से 25,62,79,924 रुपये का काम मिला है। इस ऑर्डर को पूरा करने में कंपनी को 3 साल का समय मिला है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में कंपनी को 88.84 करोड़ रुपये का काम मिला है। बता दें, कंपनी को प्रदीप इंस्टालेशन की तरफ हाल ही में 37.22 करोड़ रुपये का काम मिला है।

**1 साल में किया पैसा डबल–** बीते एक महीने के दौरान कंपनी के शेयरों की कीमतों में 7 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, इसके बाद भी इस साल कंपनी के शेयरों का भाव 30 प्रतिशत टूटा है। वहीं, 6 महीने में नुकसान थोड़ा कम हुआ है। इस दौरान स्टॉक का भाव 17 प्रतिशत की गिरा है। बता दें, तमाम उठापटक के बाद भी यह स्मॉलकैप स्टॉक 108 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली है।

# मिनीरत्न कंपनी पर मोतीलाल का बड़ा दांव

## 405 करोड़ रुपये का मिला ऑर्डर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** मिनीरत्न कंपनी बीईएमएल लिमिटेड के शेयरों में रॉकेट सी तेजी आई है। कंपनी के शेयर शुक्रवार को बीएसई में 5 पर्सेंट से अधिक चढ़कर 3366.10 रुपये पर जा पहुंचे हैं। बीईएमएल लिमिटेड को बेंगलुरु मेट्रो रेल कॉरपोरेशन से 405 करोड़ रुपये का कॉन्ट्रैक्ट मिला है। यह ऑर्डर मेट्रो कार सप्लाई और मेंटीनेंस के लिए है। इसके अलावा, मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड ने बीईएमएल लिमिटेड पर बड़ा दांव लगाया है।



बीईएमएल के शेयर पिछले एक महीने में 35 पर्सेंट से ज्यादा उछल गए हैं।

**मोतीलाल ओसवाल रून्न ने खरीदे हैं 2.66 लाख शेयर–** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल म्यूचुअल फंड ने गुरुवार 27 मार्च 2025 को ब्लॉक डील्स के जरिए बीईएमएल लिमिटेड में हिस्सेदारी खरीदी है। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड ने मिनीरत्न कंपनी के 2.66 लाख शेयर खरीदे हैं। मोतीलाल ओसवाल म्यूचुअल फंड ने 3048.3 रुपये प्रति शेयर के दाम पर बीईएमएल में हिस्सेदारी खरीदी है। स्टॉक एक्सचेंजों पर उपलब्ध डेटा के मुताबिक, मोतीलाल ओसवाल की दिसंबर 2024 तिमाही तक कंपनी में 1 पर्सेंट से ज्यादा हिस्सेदारी नहीं थी। यही वजह है कि कंपनी का नाम शेयरहोल्डिंग पैटर्न में नहीं था।

# सोने के भाव ने फिर रचा इतिहास

## चांदी ने लगाई लंबी छलांग पहुंची 1 लाख के पार



**नईदिल्ली, एजेंसी।** शादियों के सीजन से पहले सोने-चांदी के रेट में आज बड़ा उछाल देखने को मिल रहा है।सर्राफा बाजारों में बिना जीएसटी 24 कैरेट गोल्ड आज 889 रुपये की छलांग लगाकर 89306 रुपये पर खुला। यह इसका नया ऑल टाइम हाई है। दूसरी ओर, चांदी के रेट में 1159 रुपये की उछाल दर्ज की गई है। आज चांदी 100934 रुपये प्रति किलो की दर से खुली। बता दें 20 मार्च को पहली बार सोना 88761 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा था। आज 8वें दिन यह रिकॉर्ड टूट गया। वहीं, चांदी 18 मार्च को 100400 रुपये प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पहुंची थी। आज इसने भी रिकॉर्डतोड़ ओपनिंग की है। ये रेट बिना जीएसटी के हैं। अगर 3 पर्सेंट जीएसटी जोड़ लें तो आज सोने के भाव 91985 रुपये प्रति 10 ग्राम और चांदी के 102768 रुपये प्रति किलो पर पहुंच रहे हैं।

**ग्लोबल मार्केट के साथ एमसीएक्स पर उछला सोना–** आज ग्लोबल मार्केट में सोना 0.7 प्रतिशत बढ़कर 3,077 डॉलर प्रति औंस पहुंच गया, जबकि भारत में एमसीएक्स गोल्ड अप्रैल कॉन्ट्रैक्ट 0.65 प्रतिशत चढ़कर 88,955 प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। दूसरी ओर चांदी भी 0.48 पर्सेंट उछलकर 101798 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है।

**नए वित्त वर्ष में सोना और महंगा होगा–** एक्सपर्ट्स की मानें तो नए वित्त वर्ष में सोना और महंगा होगा। जियो पॉलिटिकल टेंशन, महंगाई और फेड की रेट कट का फायदा सोने को मिलेगा। निवेशकों को डॉलर और मार्केट के मूड पर नजर रखनी होगी। जोखिम हो सकता है, लेकिन सेफ्टी के लिए सोना अभी भी गोल्डन चॉइस लग रहा है। एक्सपर्ट्स के मुताबिक सोने का ग्लोबल प्राइस 3,100 डॉलर तक पहुंच सकता है। जबकि, भारत में 91,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंचने की उम्मीद है। एमके ग्लोबल की रिया सिंह के मुताबिक, सोना अभी 2,975 से 3,035 के बीच ऊपर-नीचे हो सकता है, लेकिन अगर ट्रेड वॉर की आग भड़की तो 3,150 डॉलर तक छलांग लगा सकता है। भारत में रुपया कमजोर होगा तो घरेलू कीमतें और उछलेंगी। सोने के रेट में उछाल के 3 बड़े कारण- अमेरिका और दूसरे देशों के बीच ट्रेड वॉर का डर, ट्रंप के ऑटो इम्पोर्ट्स पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का ऐलान और यूरोप-कनाडा को पर सख्त एक्शन लेंने के धमकी के डर से सोने के भाव आसमान छू रहे हैं।

# गर्मी की दस्तक से पहले एसी के दाम में 5 प्रतिशत का इजाफे की संभावना

## टैरिफ और रुपये की गिरावट बन सकती है कारण

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भीषण गर्मी के शुरू होते ही एसी के लिए ज्यादा कीमत चुकानी पड़ सकती है। कंपनियां अप्रैल से चार से पांच फीसदी तक दाम बढ़ा सकती हैं। इसका कारण यह है कि एक तो टैरिफ वार और दूसरा कमोडिटीज की कीमतों में लगातार तेजी है। साथ ही, डॉलर की तुलना में रुपये में जारी गिरावट से कंपनियों के मार्जिन पर असर पड़ रहा है।



**ब्लू स्टार के एमडी ने दी जानकारी–** ब्लू स्टार के एमडी बी त्यागराजन ने कहा, कंपनी अप्रैल में घरेलू एसी की कीमतों में 4-5 प्रतिशत की बढ़ोतरी कर सकती है। कमजोर होते रुपये के कारण आयात लागत में वृद्धि और आपूर्ति में व्यवधान मार्जिन प्रभावित कर रहा है। कम्प्रेसर के लिए दो प्रमुख चीनी आपूर्तिकर्ताओं पर कंपनियां निर्भर हैं, जिनकी भारत में भी विनिर्माण इकाइयां हैं, लेकिन यहां उनकी उत्पादन क्षमता कुल मांग का केवल 25 फीसदी ही है। साथ ही उद्योग के अधिकारियों का कहना है कि देशों के बीच तनावों ने आपूर्ति श्रृंखलाओं पर दबाव बढ़ा दिया है। लॉजिस्टिक्स लागत बढ़ गई है। उत्पादन समय सीमा प्रभावित होने से जरूरी घटकों की उपलब्धता कम हुई है। इनपुट लागत में वृद्धि एसी की कीमतें बढ़ने के लिए जिम्मेदार है। ब्लू स्टार ने भीषण गर्मी को देखते हुए मांग पूरी करने के लिए 150 नए मॉडलों को लॉन्च किया है।

# देश के 284 अरबपतियों के पास जीडीपी की एक-तिहाई संपत्ति

## चीन को पीछे छोड़ा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश के 284 अरबपतियों की संपत्ति 2024 में 10 फीसदी बढ़कर 98 लाख करोड़ रुपये या घरेलू जीडीपी का एक-तिहाई हो गई है। खास बात है कि भारत ने हर अरबपति की औसत संपत्ति के मामले में चीन को पीछे छोड़ दिया है। चीन के 29,027 करोड़ की तुलना में भारत में हर अरबपति की औसत संपत्ति 34,514 करोड़ है। बृहस्पतिवार को जारी हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक, अदाणी समूह के चेयरमैन गौतम अदाणी की संपत्ति दुनिया में सबसे ज्यादा एक लाख करोड़ बढ़ी है। इसके साथ ही, उनकी दौलत 8.4 लाख करोड़ रुपये हो गई है। वहीं, रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी की संपत्ति 13 फीसदी घटकर 8.6 लाख करोड़ रह गई। हालांकि, उन्होंने फिर सबसे अमीर एशियाई का खिताब हासिल कर लिया है। भारतीय अरबपतियों की औसत आयु 68 वर्ष है, जो वैश्विक अमीरों की औसत



आयु से दो वर्ष अधिक है।

**रोशनी नाडर सबसे अमीर महिला, शशांक-हर्षिल युवा–** रोशनी नाडर 3.5 लाख करोड़ रुपये की कुल संपत्ति के साथ देश की पहली और दुनिया की पांचवीं सबसे अमीर महिला बनी हैं। उनके पिता शिव नाडर ने उन्हें एचसीएल में 47 फीसदी हिस्सेदारी दी है। रेजरपे के



शशांक कुमार और हर्षिल माथुर 8,643 करोड़ की संपत्ति के साथ सबसे युवा भारतीय अरबपति हैं।

**हेल्थकेयर क्षेत्र से सर्वाधिक अमीर–** देश का हेल्थकेयर क्षेत्र 53 अरबपतियों के साथ सबसे आगे है। कैपिटल गुड्स में 35 व औद्योगिक उत्पादों में 32 अरबपति हैं।

**45 नए अरबपति बने, 175 की दौलत बढ़ी–** हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक, देश में बीते वर्ष 45 नए अरबपति बने हैं।इसके साथ ही, इनकी कुल संख्या बढ़कर 284 पहुंच गई। इस अवधि के दौरान 175 भारतीय अरबपतियों की दौलत में इजाफा हुआ है, जबकि 109 की संपत्ति में गिरावट आई है या स्थिर रही है। अरबपतियों की संख्या में बीते साल हुई बढ़ोतरी से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अमीरों के लिए तीसरे सबसे बड़े केंद्र के रूप में भारत की स्थिति मजबूत हुई है।

**मुंबई से छिना बिलेनियर कैपिटल का खिताब–** शहरों के लिहाज से मुंबई में सबसे ज्यादा 90 अरबपति हैं। बीते वर्ष इनकी संख्या 11 बढ़ी है। फिर भी 92 अरबपतियों के साथ शंघाई ने मुंबई से एशियाई बिलेनियर कैपिटल का खिताब छीन लिया है।

# एमएसएमई को 45 दिन में नहीं किया भुगतान तो बताना होगा देरी का कारण

## केंद्र सरकार ने जारी की अधिसूचना

**नईदिल्ली, एजेंसी।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम यानी एमएसएमई कंपनियों को अगर कोई खरीदार 45 दिनों में भुगतान नहीं करता है तो उसे इसका कारण बताना अनिवार्य होगा। साथ ही, देय भुगतान की रकम भी बतानी होगी। केंद्र सरकार ने एक अधिसूचना में यह जानकारी दी है। केंद्र सरकार ने कहा, सभी कंपनियां जो एमएसएमई से वस्तुओं या सेवाओं की आपूर्ति लेती हैं और जिनके आपूर्तिकर्ताओं को भुगतान तय तारीख या स्वीकृति तारीख से 45 दिनों से अधिक है तो उन पर यह नियम लागू होगा। गौरतलब है कि एमएसएमई से खरीदी करने वाली कंपनियों को 45 दिन में भुगतान करना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं होता है तो खरीदी करने वाली कंपनी के लिए यह भुगतान कमाई माना जाएगा और फिर इस पर टैक्स लगाया जाएगा। हालांकि, बाद में यह भुगतान करने पर इस टैक्स को वापस किया जा सकता है।





### एक अप्रैल से बढ़ जाएगी कारोबार सीमा

एक अप्रैल से इन कंपनियों के लिए निवेश और कारोबार सीमा का वर्गीकरण भी 2.5 और 2 गुना बढ़ जाएगा। सूक्ष्म उद्योग के लिए पहले एक करोड़ रुपये की निवेश सीमा थी जो अब 2.5 करोड़ और कारोबार 5 करोड़ से बढ़कर 10 करोड़ रुपये हो जाएगा। छोटे उद्योग के लिए निवेश सीमा 10 से बढ़कर 25 करोड़ और कारोबार 50 से बढ़कर 100 करोड़ रुपये होगा। मध्यम उद्योगों के लिए यह 50 से बढ़कर 125 करोड़ और 250 करोड़ से बढ़कर 500 करोड़ रुपये हो जाएगी।

## महारत्न कंपनी को मिला 11800 करोड़ रुपये का बड़ा ऑर्डर

# 220 रुपये के पार पहुंचे कंपनी के शेयर

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महारत्न कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयर शुक्रवार को बीएसई में 3 पर्सेंट से अधिक उछलकर 221.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह तेज उछाल एक बड़ा ऑर्डर मिलने से आया है। भेल ने शुक्रवार को अनाउंस किया है कि उसे 2×660 एमडब्ल्यू कोरबा वेस्ट सुपरक्रिटिकल थर्मल पावर प्लांट के इंजीनियरिंग, प्रेक्योरमेंट एंड कंस्ट्रक्शन पैकेज के लिए छत्तीसगढ़ स्टेट पावर जेनरेशन कंपनी से लेटर ऑफ इंटेंट मिला है।



**11800 करोड़ रुपये का है यह प्रोजेक्ट–** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) को मिले इस प्रोजेक्ट की वैल्यू करीब 11,800 करोड़ रुपये है। यह प्रोजेक्ट छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में हसदेव थर्मल पावर स्टेशन में स्थित है। इस प्रोजेक्ट में कंपनी को बायलर, टर्बाइन और जेनरेटर जैसे सुपरक्रिटिकल इक्विपमेंट की सप्लाई करनी है। इसके अलावा, इलेक्ट्रिकल, कंट्रोल एंड इंस्ट्रूमेंशन और बैलेंस ऑफ प्लांट पैकेज शामिल हैं। इस प्रोजेक्ट को 60 महीने में पूरा किया जाना है। पिछले हफ्ते भेल ने घोषणा की थी कि उसे गुजरात स्टेट इलेक्ट्रिसिटी कॉरपोरेशन लिमिटेड से 7500 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। भेल ने फरवरी में अनाउंस किया था कि उसे सिंगरेनी कोलियरीज से 6700 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला था।

**17 में से 7 एनालिस्ट ने शेयर खरीदने की दी सलाह–** भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) का कवरेज करने वाले 17 एनालिस्ट्स में से 8 ने कंपनी के शेयरों को सेल रेटिंग दी है। वहीं, सात एनालिस्ट्स ने महारत्न कंपनी के शेयर खरीदने की सलाह दी है। 2 एक्सपर्ट्स ने कंपनी के शेयरों को होल्ड रेटिंग दी है।

### पांच साल में 970 प्रतिशत से ज्यादा उछले कंपनी के शेयर

भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (भेल) के शेयर पिछले पांच साल में 970 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। महारत्न कंपनी के शेयर 27 मार्च 2020 को 20.40 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 28 मार्च 2025 को 221.25 रुपये पर पहुंच गए हैं। पिछले चार साल में कंपनी के शेयरों में 325 पर्सेंट से अधिक की तेजी देखने को मिली है। वहीं, पिछले दो साल में कंपनी के शेयर 210 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। भेल के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 335.40 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 176 रुपये है।

## विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार को लगाया 11,111 करोड़ का टीका

# कर दी इस साल की सबसे बड़ी खरीदारी



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विदेशी निवेशक पिछले कई महीनों से भारतीय बाजार में जमकर बिकवाली कर रहे थे लेकिन पिछले कुछ दिनों से स्थिति बदल गई है। विदेशी निवेशकों ने गुरुवार को भारतीय बाजार में जमकर खरीदारी की। उन्होंने 11,111 करोड़ रुपये की नेट खरीदारी की। यह इस साल विदेशी निवेशकों की एक दिन की सबसे बड़ी खरीदारी है। 27 मार्च को विदेशी निवेशकों ने 31,784 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे और 20,673 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। घरेलू निवेशकों ने 39,853 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे और 37,335 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। इस तरह वे 2517 करोड़ रुपये के नेट बायर्स रहे। आंकड़ों के मुताबिक इस साल अब तक विदेशी निवेशकों ने 1.44 लाख करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं जबकि घरेलू निवेशकों ने 1.89 लाख करोड़ रुपये के शेयर खरीदे हैं।

गुरुवार को ऑटो शेयरों में काफी गिरावट आई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इम्पोर्टेड कारों पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का फैसला किया है। इससे ऑटो और ऑटो पार्ट्स बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में काफी गिरावट आई। इससे व्यापार नीतियों को लेकर चिंता बढ़ गई। लेकिन पिछले सेशन में निफ्टी और सेंसेक्स शुरुआत में लड़खडाने के बाद फिर से ऊपर चढ़ने लगे। एचडीएफसी बैंक, आइसीआइसीआइ बैंक, बजाज फाइनेंस और बजाज फिनसर्व, रिलायंस इंडस्ट्रीज और लार्सन एंड टुब्रो जैसे दिग्गज शेयरों में खूब खरीदारी हुई। इससे बाजार को काफी सहारा मिला। सेंसेक्स 317.93 अंक बढ़कर 77,606.43 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी भी 105.10 अंक की तेजी के साथ 23,591.95 पर बंद हुआ।

### आज बाजार का हाल

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को शेयर मार्केट में गिरावट दिख रही है। 9.38 बजे सेंसेक्स 256 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 77,361 अंक पर है। निफ्टी 50 इंडेक्स भी 67 अंक की गिरावट के साथ 23,524 अंक पर आ गया। सेंसेक्स के शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, सन फार्मा, एचसीएल टेक और टीसीएस के शेयरों में 3.5 फीसदी तक गिरावट आई है जबकि हिंदुस्तान यूनिलीवर, नेस्ले इंडिया, कोटक बैंक, टाटा मोटर्स, एशियन पेंट्स और टाटा स्टील तेजी के साथ खुले।

# पहले दिन बेचे 1,000 करोड़ के फ्लैट !

## हैदराबाद के बाद गुरुग्राम में भी मचाया तहलका



**नईदिल्ली, एजेंसी।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज के शेयरों में आज तेजी दिख रही है। शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच इस शेयर में करीब 2 फीसदी तेजी आई।

बीएसई पर कारोबार के दौरान यह 2165 रुपये तक चढ़ा। कंपनी का कहना है कि उसने गुरुग्राम में अपने लग्जरी प्रोजेक्ट में पहले ही दिन यानी लॉन्च डे पर 1,000 करोड़ रुपये से ज्यादा कीमत के 90 फ्लैट्स बेचे हैं। कंपनी का यह प्रोजेक्ट गोल्फ कोर्स रोड पर है जिसे शहर का बहुत अच्छा इलाका माना जाता है। यह प्रोजेक्ट 2.76 एकड़ में फैला है। इसमें कई आधुनिक सुविधाएं हैं। इसमें तीन और चार बेडरूम के फ्लैट हैं। तीन बेडरूम के प्रोजेक्ट की कीमत 10 करोड़ रुपये से शुरू हो रही हैं।

कंपनी के एमडी और सीईओ गौरव पांडे का कहना है कि गुरुग्राम कंपनी के लिए बहुत ज़रूरी बाजार है। आने वाले वर्षों कंपनी इस बाजार में अपनी मौजूदगी और बढ़ाना चाहती है। गुरुग्राम के गोल्फ कोर्स रोड पर कंपनी का यह दूसरा प्रोजेक्ट है। हाल में कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज को बताया था कि उसने हैदराबाद में 1,000 करोड़ रुपये के फ्लैट्स बेचे हैं। 0.84 मिलियन वर्ग फीट में फैला यह प्रोजेक्ट हैदराबाद के कोकापेट में है। इसे जनवरी 2025 में शुरू किया गया था। यह कंपन का हैदराबाद में पहला प्रोजेक्ट है। इससे दक्षिण भारत में कंपनी और भी मजबूत होगी।

### शेयर का हाल

गोदरेज प्रॉपर्टीज ने हाल ही में बेंगलुरु के येलाहांका में भी 10 एकड़ जमीन खरीदी है। इस प्रोजेक्ट में 1.5 मिलियन वर्ग फीट का निर्माण किया जा सकता है। यहां प्रीमियम फ्लैट्स और दुकानें बनाने की योजना है। कंपनी का कहना है कि इस प्रोजेक्ट से उसे लगभग 2,500 करोड़ रुपये की कमाई हो सकती है। यह प्लॉट एनएच-44 पर स्थित है। 12.30 बजे कंपनी का शेयर 0.48 प्रतिशत तेजी के साथ 2137.05 रुपये पर ट्रेड कर रहा था। इस दौरान सेंसेक्स 233.74 अंक गिरावट के साथ 77,372.69 अंक पर आ गया।



# फिर बॉक्स ऑफिस हिलाने को तैयार हैं राजकुमार राव, इस दिन आ रही है भूल चुक माफ



राजकुमार राव और वामिका गब्बी पहली बार रोमांटिक कॉमेडी फिल्म भूल चुक माफ़ में साथ काम कर रहे हैं। निर्माताओं ने फरवरी में ही टीज़र रिलीज़ कर दिया था जो फैन्स को काफी पसंद आया था। अब इस फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी गई है। अब ये फिल्म 10 अप्रैल 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। राजकुमार राव ने रिलीज़ की तारीख की घोषणा करते हुए एक नया वीडियो भी रिलीज़ किया गया है। कैप्शन में लिखा है, स्त्री 2 में हंसने के बाद, राजकुमार राव एक गुदगुदाने वाली कॉमेडी के साथ वापस आ गए हैं! दिनेश विजान और मैडॉक फ़िल्म्स 2025 की सबसे मज़ेदार और भसड़वाली शादी लेकर आए हैं।

## रोमांटिक कॉमेडी में जमी दोनों की जोड़ी

करण शर्मा द्वारा निर्देशित और लिखित यह दिल को छू लेने वाली रोमांटिक कॉमेडी पहली बार राजकुमार राव और वामिका गब्बी की जोड़ी के साथ आई है, जो आकर्षण, अराजकता और छोटे शहर के रोमांस की एक नई खुराक का वादा करती है। वाराणसी की जीवंत गलियों में सेट की गई यह फिल्म रंजन नामक एक निराश रोमांटिक व्यक्ति की कहानी है, जो अपने प्यार तितली को पाने के लिए सरकारी नौकरी करता है। लेकिन शादी से ठीक पहले, किस्मत एक ऐसा मोड़ लेती है, जो उसकी दुनिया को सबसे अप्रत्याशित तरीकों से उलट देता है। इसके बाद प्यार, नियति और दूसरे मौकों की एक मजेदार लेकिन दिल को छू लेने वाली यात्रा शुरू होती है।

## बॉक्स ऑफिस पर हिट हो सकती है फिल्म?

लुका छुपी और जरा हटके जरा बचके के निर्माता दिनेश विजान अमेज़न एमजीएम स्टूडियो के साथ मिलकर भूल चुक माफ प्रस्तुत कर रहे हैं। करण शर्मा द्वारा निर्देशित और लिखित इस फिल्म में राजकुमार राव और वामिका गब्बी की जोड़ी दर्शकों को आकर्षित करने का वादा करती है। भूल चुक माफ मैडॉक फिल्म्स की इस साल की तीसरी बड़ी रिलीज़ है इससे पहले स्काई फ़ोर्स और हाल ही में हिट हुई छावा, जिसमें विक्की कौशल और रश्मिका मंदाना ने अभिनय किया है। राजकुमार राव की 2025 की स्लेट मालिक और नेटफ्लिक्स की टोस्टर के साथ मज़बूत दिख रही है।



# उतार-चढ़ाव से भरा रहा मेरा करियर

अभिनेत्री शरवरी अभिनय के क्षेत्र में पांच साल का समय बिता चुकी हैं। इस दौरान उन्होंने कई शानदार फिल्में दीं। वाघ ने बताया कि उनका सफर उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। शरवरी ने अपने अभिनय करियर की शुरुआत द फॉरगॉटन आर्मी - आजादी के लिए वेब सीरीज से की थी, जिसमें उनके साथ सनी कौशल मुख्य भूमिका में थे। इसके बाद वह बंटी और बबली 2 में नजर आईं। धीमी शुरुआत के बाद अभिनेत्री मुंज्या, महाराज और वेदा जैसी हिट फिल्मों में काम कीं, जिन्हें काफी पसंद किया गया। शरवरी ने बताया, मैं अपने सफर के लिए आभारी हूं, जो उतार-चढ़ाव से भरा रहा है। मैंने हर दिन कुछ नया सीखा है। मुझे लगता है कि यह शुरुआत है। मुझे लंबा सफर तय करना है। शिव रवैल के निर्देशन में तैयार अपकमिंग फिल्म 'अल्फा' में शरवरी वाघ अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ नजर आएंगी। कैट फूड शिबा के कैंपेन लॉन्च कार्यक्रम में हिस्सा लेने नई दिल्ली पहुंची शरवरी ने आलिया के साथ काम करने का अपना अनुभव भी साझा किया। शरवरी ने कहा, आलिया शानदार अभिनेत्री के साथ ही शानदार इंसान भी हैं और फिल्म में काम कर मुझे जो सबसे बड़ा फायदा मिला, यह था कि मुझे उनसे सीखने को मिला। उन्होंने कहा, मुझे हर दिन सेट पर उनके साथ रहना एक मास्टर क्लास की तरह लगता था। मैंने उनसे जो कुछ भी सीखा है, उसे मैं अपने अगले हर प्रोजेक्ट में लागू करूंगी। मैं आलिया के साथ काम करने का यह अवसर पाकर आभारी हूं। शरवरी की अपकमिंग फिल्म अल्फा के बारे में बता दें कि यह यशराज फिल्म्स की स्पाई यूनिवर्स की सातवीं फिल्म है। इसकी शुरुआत सलमान खान और कैटरीना कैफ की फिल्म टाइगर फ्रैंचाइज से हुई, पहले एक था टाइगर और उसके बाद टाइगर जिंदा है आई। इसके बाद वॉर, पठान और टाइगर 3 के साथ एक्शन और रोमांच का सफर जारी है। फ्रैंचाइज की आने वाली फिल्मों में अयान मुखर्जी के निर्देशन में तैयार वॉर 2, पठान 2 और टाइगर बनाम पठान शामिल हैं। 'अल्फा' क्रिसमस के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# रेड 2 में नेतागिरी करते नजर आएंगे रितेश देशमुख



**फिल्म रेड 2 से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आ गया है, जिसमें वह कई लोगों के बीच नेता की भूमिका में नजर आ रहे हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि वह किसी चीज के खिलाफ खड़े होकर नारा लगा रहे हैं।**

अजय देवगन की फिल्म रेड 2 की रिलीज की घोषणा के साथ उनका पहला लुक भी जारी किया गया था। आज फिल्म रेड 2 से रितेश देशमुख का पहला लुक सामने आया है। इस लुक को अजय देवगन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया और कैप्शन में लिखा, कानून का मोहताज नहीं, कानून का मालिक है दादा भाई। अजय के इस कैप्शन से लग रहा है कि रितेश इस फिल्म में दादा भाई की भूमिका में नजर आएंगे। आगे अजय ने लिखा, रेड 2 आपके नजदीकी सिनेमाघरों में 1 मई 2025। रेड 2 से अजय देवगन का लुक बीते सोमवार को अजय देवगन की फिल्म रेड 2 का पहला पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें फिल्म से अजय का पहला लुक और इसकी रिलीज डेट का एलान किया गया था। अजय के इस नए लुक के साथ कैप्शन में लिखा था, नया शहर, नई पाइल और अमय पटनायक की एक नई रेड।

## रेड 2 स्टार कास्ट

रेड 2 साल 2018 में आई फिल्म रेड का सीक्वल है। इसमें 1980 के दशक में सरदार इंदर सिंह के घर पर पड़े IT विभाग की छापेमारी की सच्ची कहानी दिखाया गया था। फिल्म का निर्देशन राजकुमार गुप्ता करेंगे। फिल्म रेड 2 में अजय देवगन और रितेश देशमुख के अलावा वाणी कपूर और सौरभ शुक्ला भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# फिल्म छोरी के सीक्वल में एक बार फिर नजर आएंगी नुसरत भरूचा

नुसरत भरूचा की फिल्म छोरी 26 नवंबर, 2021 को ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई थी। इस फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला, वहीं समीक्षकों ने भी फिल्म की कहानी को काफी सराहा। आखिरकार लगभग 4 साल बाद छोरी के सीक्वल का ऐलान हो गया है। इसके साथ फिल्म का पहला पोस्टर भी सामने आ गया है। इसकी जानकारी खुद नुसरत ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दी है। उन्होंने कैप्शन में लिखा... कुछ भयावहताएं दबी रहने से इनकार करती हैं, कुछ लौट रहा है। फिल्म में नुसरत एक बार फिर साक्षी के किरदार में दिखाई देंगी। उनके साथ एक्ट्रेस सोहा अली खान भी नजर आएंगी। छोरी 2 के निर्देशन की कमान विशाल फुरिया ने संभाली है। फिल्म की कहानी भी इन्होंने ही लिखी है। यह फिल्म जल्द ही प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी। इसके अलावा नुसरत जल्द ही डायरेक्टर अनुराग कश्यप की एक थ्रिलर फिल्म में नजर आएंगी। अक्षत अजय शर्मा फिल्म का निर्देशन करेंगे।



# ओडेला 2 में शिव शक्ति की भूमिका निभा रही हैं तमन्ना भाटिया

**तमन्ना भाटिया के फैंस उन्हें उनकी आगामी फिल्म ओडेला 2 में शिव शक्ति के रूप में देखने के लिए एक्साइटेड हैं। एक्ट्रेस ने थ्रिलर फिल्म में एक शिव भक्त का रोल प्ले किया है, जो अपने गांव को बुरी ताकतों से बचाती है। फिल्म की प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब तमन्ना से पूछा गया कि डायरेक्टर को कैसे लगा कि वह, जिन्हें अक्सर मिल्की ब्यूटी कहा जाता है, इस रोल के लिए परफेक्ट हैं तो उन्होंने इसका मजेदार जवाब दिया।**

एक महिला रिपोर्टर ने निर्देशक अशोक तेजा से पूछा, आपने मिल्की ब्यूटी को देखकर क्यों सोचा कि वह शिव शक्ति हो सकती है? तमन्ना ने इस सवाल का बहुत ही शालीनता से जवाब दिया। उन्होंने कहा, आपके सवाल का जवाब इसमें ही है। वह मिल्की ब्यूटी को किसी ऐसी चीज के तौर पर नहीं देखते जिसे शर्मिंदा किया जाए या जिसके बारे में बुरा महसूस किया जाए। तमन्ना ने आगे कहा, एक महिला में ग्लैमर का जश्न मनाया जाना चाहिए और हम महिलाओं को खुद को सेलिब्रेट करना चाहिए। फिर हम उम्मीद कर सकते हैं कि दूसरे लोग हमें सेलिब्रेट करें। अगर हम खुद को एक खास तरह से देखेंगे तो कोई भी हमारा सम्मान नहीं कर सकता। यहां हमारे पास एक शानदार इंसान हैं जो महिलाओं को उस तरह से नहीं देखते। वह महिलाओं को दिव्य की तरह देखते हैं और दिव्य ग्लैमरस, घातक और पावरफुल हो सकता है। एक महिला कई चीजें कर सकती है।

## औरतों के लिए करती हैं बात

तमन्ना हमेशा से ही एक महिला के तौर पर बहुत मजबूत राय रखती हैं। 8 मार्च को महिला दिवस के मौके पर उन्होंने अपनी फीमेल फैंस के लिए एक बोल्ड मैसेज दिया। उन्होंने बातचीत में कहा था, इस महिला दिवस पर आइए हर महिला की ताकत, लचीलापन और प्रतिभा का जश्न मनाएं। अपनी ताकत को अपनाएं, सामाजिक मानदंडों को चुनौती दें और अपनी आवाज बुलंद करें। सच्चा सशक्तिकरण तब शुरू होता है जब हम अपनी कीमत पहचानते हैं और समानता की दिशा में एक-दूसरे का सपोर्ट करती है। इस बीच, ओडेला 2 को आखिरकार रिलीज की तारीख मिल गई है। यह फिल्म ओडेला रेलवे स्टेशन (2022) का सीक्वल है, जो 17 अप्रैल को रिलीज होने वाली है।



# रात अकेली है 2 के बाद हॉलीवुड जाएंगे नवाजुद्दीन

बॉ लीवुड में लंबा वक्त बिता चुके नवाजुद्दीन सिद्दीकी अब हॉलीवुड की ओर बढ़ रहे हैं। उनके करीबी और ट्रेड जानकार इसकी पुष्टि कर रहे हैं। नवाज का इरादा दिवंगत इरफान खान की तरह ग्लोबल पहचान बनाने का है। ट्रेड सूत्रों के मुताबिक, हॉलीवुड में काम करना उनका पुराना सपना रहा है। करीब 10 साल पहले उन्हें बड़े बजट की फिल्म द मार्शियन का ऑफर मिला था। यह फिल्म एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की घर वापसी जैसी कहानी पर आधारित थी। सुनीता अंतरिक्ष में फंस गई थी, जबकि द मार्शियन का हीरो मंगल ग्रह पर अटक गया था। फिल्म की कहानी उसकी धरती वापसी पर केंद्रित थी।

## बजरंगी भाईजान के चलते छूटी थी फिल्म द मार्शियन

सूत्र बताते हैं कि नवाज जब भी हॉलीवुड के लिए कदम बढ़ाते हैं, कोई न कोई रुकावट आ जाती है। जब उन्हें द मार्शियन का ऑफर मिला था, तब वह बजरंगी भाईजान की शूटिंग में व्यस्त थे। दोनों फिल्मों की डेट क्लैश हो गई, जिससे वह हॉलीवुड प्रोजेक्ट का हिस्सा नहीं बन सके। बाद में कबीर खान ने उन्हें 83 में टीम इंडिया के मैनेजर मान सिंह का रोल ऑफर किया। हालांकि, तब उन्हें सिर्फ वर्बल नैरेशन दिया गया था, रिटेन स्क्रिप्ट नहीं।

## नवाज अगले महीने हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए रवाना होंगे


इस साल की शुरुआत में नवाज हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए लॉस एंजिल्स जाने वाले थे लेकिन तभी उनकी फिल्म रात अकेली है 2 की शूटिंग तय शेड्यूल से पहले शुरू हो गई। पहले पार्ट में वह इंस्पेक्टर जटिल यादव के रोल में थे। इस बार उनका किरदार थाना इंचार्ज बना है। फिल्म की शूटिंग मार्च में होनी थी लेकिन इसे जनवरी में ही शुरू कर दिया गया। नवाज जनवरी में अमेरिका जाने वाले थे लेकिन कहानी पूरी तरह उनके किरदार के इर्द-गिर्द घूमती है। इसलिए उन्होंने पहले इस फिल्म को पूरा करने का फैसला किया। अब शूटिंग लगभग खत्म हो चुकी है, जिससे वह अगले महीने हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए रवाना हो सकते हैं।

## रात अकेली है 2 में एक नए केस की जांच करता दिखेंगे नवाज का किरदार

ट्रेड सूत्रों के मुताबिक, रात अकेली है 2 भी मर्डर मिस्ट्री पर आधारित है। जटिल यादव इस बार एक नए केस की जांच कर रहे हैं। फिल्म में मौसम भी अहम भूमिका निभा रहा है। मेकर्स चाहते थे कि दर्शकों को कड़ाके की ठंड में किरदारों की एक्टिविटीज देखने को मिले। इसलिए मार्च में होने वाले सीन जनवरी में शूट कर लिए गए। इसी वजह से नवाज अमेरिका नहीं जा सके। इस बार फिल्म में नए कलाकार भी जुड़े हैं। चित्रांगदा सिंह, रजत कपूर और संजय कपूर अहम भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि चित्रांगदा ने पहले बाबूमोशाय बंदूकबाज में नवाज के साथ काम करने से मना कर दिया था। तब उनकी जगह बिदिता बाग को कास्ट किया गया था। अब आखिरकार दोनों साथ काम कर रहे हैं। नवाज ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता दी है। रात अकेली है 2 के बाद वह सिर्फ एक और हिंदी फिल्म चिंदी चोर करेंगे।

# जाट में विलेन के किरदार में दिखेंगे विनीत कुमार सिंह

गदर 2 के बाद से सनी देओल के पास लगातार बड़ी फिल्मों की लाइन अप हैं। उनमें से एक पुष्पा फेम वाले निर्माताओं और प्रभास के साथ काम करने वाले निर्माताओं के साथ वाली भी फिल्म है। उसका नाम जाट है। ये 10 अप्रैल को रिलीज होगी। वासेपुर और मुक्काबाज फेम विनीत कुमार सिंह भी जाट में हैं। यहां वह निर्दयी और क्रूर सोमुलु के रोल में हैं, जो मेन विलेन रणदीप के भाई है। विनीत की यह इस साल रिलीज होने वाली चौथी फिल्म है। छावा में कवि कलश से उन्हें भी काफी पॉपुलैरिटी हासिल हुई। विनीत ने कहा... मेरी कोई भी फिल्म करने की चार मुख्य वजहें होती हैं। रोल कैसा है, बैनर कौन सा है, फीस कितनी मिल रही, को एक्टर्स कौन हैं? यहां मैंने अपनी सारी शर्तें साइड करते हुए यह फिल्म साइन की, क्योंकि इसमें सनी सर के साथ काम करने का मौका था।





# पूरन ने अपनी छक्के मारने की क्षमता का राज खोला

## दो आईपीएल मैचों में लगा चुके हैं 13 सिक्स

**हैदराबाद (तेलंगाना), एजेंसी**


निकोलस पूरन छक्के मारने या अपनी बल्ले की गति पर काम करने की योजना नहीं बनाते हैं, उनके अनुसार, वे बस अविश्वसनीय प्रतिभा से संपन्न हैं। छक्के मारने की मशीन पूरन ने लगातार छक्के मारने जारी रखा और इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 के मौजूदा संस्करण में लखनऊ सुपर जायंट्स (एलएसजी) के लिए सिर्फ दो मैचों में 13 छक्के लगाए। 29 वर्षीय खिलाड़ी ने सनराइजर्स हैदराबाद पर लगातार हमला करते हुए मात्र 26 गेंदों पर 70 रन की पारी खेली और स्त्र को 191 रनों के लक्ष्य का आसानी से पीछा करने और कुछ ओवर शेष रहते पांच विकेट से जीत दर्ज करने में मदद की। पूरन ने अपने द्वारा अपनाए जाने वाले दृष्टिकोण की एक झलक दी, जिससे वह गेंद को आसानी से स्टैंड में पहुंचा सकते हैं और बाउंड्री की बौछार कर सकते हैं। कैरेबियाई स्टार के लिए उनकी सफलता की कुंजी ताकत में नहीं बल्कि उनके शॉट की टाइमिंग में निहित है। पूरन ने कहा, मैं छक्के मारने की योजना नहीं बनाता। मैं बस अच्छी स्थिति में आने की पूरी कोशिश करता हूं, और अगर वह सही स्थिति में है, तो मैं गेंद को सही समय पर मारता हूं। पिछले 9 वर्षों में, मैं अपने कौशल पर काम कर रहा हूं। जाहिर है, मुझे पावरप्ले में भी ऊपर बल्लेबाजी करने का मौका मिल रहा है। जब विकेट अच्छा हो, तो इसका फायदा उठाना वास्तव में महत्वपूर्ण है।

### कौशल का प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश

जाहिर है, जब मैच होता है, तो आप अपने कौशल का प्रदर्शन करने की पूरी कोशिश करते हैं। मोहम्मद शमी द्वारा एडेन मार्करम का विकेट लेकर मेहमान टीम को शुरुआत में ही झकझोरने के बाद पूरन स्त्र के 191 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 10वीं गेंद पर बल्लेबाजी करने के लिए उतरे। उन्होंने अपनी लय में आने में ज़्यादा समय बर्बाद नहीं किया और दूसरी गेंद पर ही चौका जड़ दिया। उन्होंने तीसरे ओवर में सिमरजीत सिंह पर हमला किया और दो शानदार छक्के लगाए जिसमें उन्होंने बिना किसी प्रयास के छक्के जड़ने की अपनी क्षमता का परिचय दिया।पावरप्ले के अंत में पूरन ने 16 गेंदों पर चार चौकों और इतने ही छक्कों की मदद से 44 रन बनाए। पूरन ने 18 गेंदों में अर्धशतक जड़ा, जो टूर्नामेंट में उनका तीसरा सबसे तेज अर्धशतक था, जबकि सनराइजर्स के गेंदबाज उनका विकेट लेने की कोशिश में एक के बाद एक विफल हो गए। उन्होंने कहा, मैंने कभी अपने बल्ले की गति पर काम नहीं किया। मैं अविश्वसनीय प्रतिभा से धन्य हूं। मैं वास्तव में खुश हूं कि मैंने वर्षों तक कड़ी मेहनत की है और मुझे क्रिकेट के मैदान पर इसका इनाम मिल रहा है और मैं अपनी टीम के लिए मैच भी जीत रहा हूं।

**मियामी ओपन**

## जोकोविच मास्टर्स के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी, दिमित्रोव से होगा सामना



**मियामी, एजेंसी।** पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया।नोवाक जोकोविच ने अमेरिका के सेबेस्टियन कोर्डा को सीधे सेटों में हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। वह एटीपी मास्टर्स 1000 टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सबसे उम्रदराज टेनिस खिलाड़ी बन गए। इस तरह 37 साल के जोकोविच ने मियामी ओपन टेनिस टूर्नामेंट में अपने सातवें खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए हैं। जोकोविच ने गुरुवार को खेले गए क्वार्टरफाइनल मैच में कोर्डा को एक घंटे 24 मिनट में 6-3, 7-6 (7-4) से हराया। सेमीफाइनल में अब उनका सामना बुल्गारिया के ग्रिगोर दिमित्रोव से होगा। जोकोविच ने 33 वर्षीय दिमित्रोव के खिलाफ जो 13 मैच खेले हैं उनमें से 12 में उन्होंने जीत दर्ज की है। पुरुष वर्ग के दिन के पहले क्वार्टर फाइनल में चेक गणराज्य के गैरवरीयता प्राप्त किशोर खिलाड़ी जैकब मेन्सिक ने फ्रांस के 17वीं वरीयता प्राप्त आर्थर फिल्स को 7-6 (7-5), 6-1 से हराया। 19 वर्षीय मेन्सिक पहली बार किसी एटीपी 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। फिल्स ने बुधवार को शीर्ष वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर ज्वेरेव को हराया था, लेकिन वह 19 वर्षीय मेनसिक के खिलाफ यह उपलब्धि नहीं दोहरा सके। विश्व रैंकिंग में 54वें स्थान पर काबिज मेनसिक का अगला मुकाबला सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज से होगा, जिन्होंने इटली के मातियो बैरेटिनी को 7-5, 6-7, 7-5 से शिकस्त दी। इस बीच महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आर्यना सबालेंका ने छठी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को 71 मिनट में 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार मियामी ओपन के फाइनल में प्रवेश किया। वहीं, चौथी वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला ने फिलीपींस की एलेक्जेंड्री इयाला को 7-6, 5-7, 6-3 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

## पेगुला ने सेमीफाइनल में इला का स्वप्निल सफर समाप्त किया, सबालेंका के साथ फाइनल में पहुंची



**मियामी, एजेंसी।** जेसिका पेगुला ने शुक्रवार को मियामी ओपन सेमीफाइनल में 7-6(3), 5-7, 6-3 से जीत के साथ फिलीपींस की किशोर वाइल्डकार्ड एलेक्जेंड्रा इला का सिंड्रेला सफर समाप्त कर दिया। मैच की शुरुआत में 5-2 से पिछड़ने के बाद, पेगुला ने शुरुआती सेट को पलट दिया, 5-3 पर इला द्वारा सेट प्वाइंट पर डबल-फॉल्ट करने के बाद महत्वपूर्ण रूप से सर्विस तोड़ दी, जिससे 2 घंटे और 26 मिनट में जीत दर्ज की गई। 140वें स्थान पर काबिज एला, जिनके इस पखवाड़े में जेलेना ओस्टापेंको और मैडिसन कीज तथा नंबर 2 वरीयता प्राप्त इगा स्वीयाटेक पर जीत शामिल है, विंबलडन 2023 में एलिना स्वितोलिना के बाद, एक ही टूर-स्तरीय इवेंट में तीन या अधिक ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने वाली दूसरी वाइल्ड कार्ड खिलाड़ी बन गई हैं। 19 वर्षीय खिलाड़ी गुरुवार को स्वीयाटेक पर अपनी बड़ी उलटफेर भरी जीत के बाद टूर-स्तरीय सेमीफाइनल में पहुंचने वाली फिलीपींस की पहली खिलाड़ी भी बन गई थीं। पेगुला का अगला मुकाबला दुनिया की नंबर 1 आर्यना सबालेंका से होगा। अमेरिकी खिलाड़ी को अब सबालेंका के खिलाफ पिछले आठ प्रयासों में केवल तीसरा मैच जीतने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा; शीर्ष वरीयता प्राप्त खिलाड़ी पर उनकी आखिरी जीत 2023 डब्ल्यूटीए फाइनल के दौरान कैनकन में हुई थी।

# पांड्या की वापसी से मुंबई को मिलेगी मजबूती, सिराज गुजरात के लिए चिंता का सबब

**आईपीएल 2025**



**अहमदाबाद, एजेंसी।** कप्तान हार्दिक पंड्या की एक मैच के प्रतिबंध के बाद बहुप्रतीक्षित वापसी शनिवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 में गुजरात टाइटंस के खिलाफ होने वाले मैच में मुंबई इंडियंस की टीम को जरूरी संतुलन प्रदान करेगी। दोनों टीमें मौजूदा सत्र में अपनी पहली जीत की तलाश में हैं। चेन्नई सुपरकिंग्स के खिलाफ मुंबई इंडियंस आईपीएल सत्र के शुरुआती मैच में हारने के अपने लंबे समय से चले आ रहे मिथक को नहीं तोड़ सकी। चेन्नई ने इस मैच को आसानी से चार विकेट से अपने नाम किया। दूसरी तरफ गुजरात टाइटंस ने पंजाब किंग्स के खिलाफ बड़े स्कोर वाला मैच को 11 रन से गंवा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहले और दूसरे मैच के बीच लगभग एक सप्ताह के अंतराल के दौरान रिलायंस की जामनगर स्थित सुविधा में कुछ दिन बिताए। टीम ने यहां आराम करने के साथ आपसी समझ बढ़ाने वाली गतिविधियों पर ध्यान दिया।

टूर्नामेंट अभी अपने शुरुआती दिनों में ही है लेकिन तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के बिना मुंबई की गेंदबाजी इकाई संघर्ष करते हुए दिखी। इस दौरान पहले मैच में नियमित कप्तान पंड्या की गैरमौजूदगी ने टीम के लिए चीजों को और मुश्किल कर दिया। हार्दिक भारतीय क्रिकेट में मौजूदा समय में इकलौते तेज गेंदबाजी हरफनमौला है। वह गेंद और बल्ले दोनों में किसी एक से भी मैच पर बड़ा प्रभाव डालने की क्षमता रखते हैं। उनकी वापसी का मतलब है कि रॉबिन मिंज को शायद बाहर बैठना होगा।

मिंज अपने पहले मैच में चेन्नई के खिलाफ चेपॉक मैदान की मुश्किल पिच पर संघर्ष करते दिखे। टीम को हालांकि शनिवार को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में मैच खेलना है जहां परिस्थितियां पूरी तरह से बल्लेबाजी के अनुकूल दिखी है। इस मैदान पर पंजाब किंग्स (243) और गुजरात टाइटंस (232) के बीच खेले गये पिछले मैच में 475 रन बने थे। बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर गुजरात के लिए तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज का प्रदर्शन अहम होगा। वह पिछले कुछ समय से लय में नहीं है और पंजाब के खिलाफ उन्होंने 54 रन लुटा दिये। प्रसिद्ध कृष्णा भी इस मैच में प्रभाव छोड़ने में नाकाम रहे। गुजरात की टीम में भारत के अनुभवी तेज गेंदबाजों की कमी है और मुख्य कोच आशीष नेहरा के लिए यह चिंता की बात होगी। कैगिसो रबाडा और राशिद खान जैसे दिग्गज विदेशी खिलाड़ियों पर रन रोकने के साथ-साथ विकेट लेने का दबाव पर बहुत अधिक है। मुंबई के लिए भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टेस्ट तथा एकदिवसीय कप्तान रोहित शर्मा की मौजूदा लय चिंता का सबब है। हार्दिक की वापसी से टीम की बल्लेबाजी को गहराई मिलेगी जबकि जरूरत पड़ने पर वह नयी गेंद से गेंदबाजी आक्रमण की शुरुआत भी कर सकते है।

मुंबई इंडियंस की एक और समस्या विकेटकीपर बल्लेबाज की है। टीम रयान रिकलेटन पर बहुत अधिक निर्भर है क्योंकि रॉबिन मिंज के पास इस स्तर के क्रिकेट का ज्यादा अनुभव नहीं है। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ स्पिनरों की मददगार पिच पर कलाई के वामहस्त स्पिनर विग्नेश पुथुर ने अपनी प्रतिभा से प्रभावित किया। लेकिन उनकी असली परीक्षा गुजरात टाइटंस के खिलाफ बल्लेबाजी के लिए आसान पिच पर होगी। गुजरात टाइटंस को अच्छी शुरुआत दिलाने की जिम्मेदारी कप्तान शुभमन गिल पर होगी। पिछले मैच में पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख ने जिस तरह से शेरफेन रदरफोर्ड को वाइड यॉर्कर या वाइड लो फुल-टॉस से परेशान किया उसे देखते हुए गुजरात की टीम ग्लेन फिलिप्स को मौका दे सकती है। फिलिप्स आक्रामक बल्लेबाजी के साथ ऑफ-स्पिन गेंदबाजी भी करते हैं। गिल के लिए गेंदबाजी चिंता का विषय होगी क्योंकि अधिकांश भारतीय गेंदबाज (सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और अनुभवी इशांत शर्मा) एक ही तरह की गेंदबाजी करते है।

### टीमें

**गुजरात टाइटंस:** जोस बटलर, शुभमन गिल, साई सुदर्शन, ग्लेन फिलिप्स, शाहरुख खान, वॉशिंगटन सुंदर, राहुल तेवतिया, राशिद खान, रविश्रीनिवासन साई किशोर, कागिसो रबाडा, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, इशांत शर्मा, जयंत यादव, महिपाल लोमरोर, करीम जनत, कुलवंत खेजरोलिया, अनुज रावत, गेराल्ड कोएट्जी, शेरफेन रदरफोर्ड, मानव सुथार, कुमार कुशाग्र, अरशद खान, गुरनूर बरार, निशांत सिंधु

**मुंबई इंडियंस:** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रयान रिकेलटन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह

समय: शाम 07:30 बजे।



## रोहित की फिटनेस पर युवराज के पिता योगराज सिंह का बयान

### मैं उन्हें 20 किमी दौड़ाऊंगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पूर्व भारतीय ऑलराउंडर युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने रोहित शर्मा की फिटनेस पर बात करते हुए बताया कि कैसे 38 की उम्र में भी वह उनकी फिटनेस को कैसे बदल सकते हैं। हालांकि इस दौरान उन्होंने रोहित और विराट कोहली की खराब फॉर्म पर उनका बचाव करते भी नजर आए। भारतीय ओपनर बल्लेबाज रोहित शर्मा की कप्तानी में भारत ने टी20 विश्व कप और इसके बाद अजय रहते हुए हाल ही में चैम्पियंस ट्रॉफी अपने नाम की। वह आईपीएल में भी सबसे सफल कप्तानों में से है और मुंबई इंडियंस ने उनके नेतृत्व में 5 खिताब जीते हैं।

योगराज ने एक पॉडकास्ट में कहा, अगर आप मुझे भारतीय टीम का कोच बनाते हैं, तो मैं इन्हीं खिलाड़ियों का इस्तेमाल करके टीम को ऐसी टीम में बदल दूंगा जो हमेशा अजेय रहेगी। लोग हमेशा उन्हें बाहर करने के लिए तैयार रहते हैं - रोहित शर्मा को बाहर करें या कोहली को बाहर करें - लेकिन क्यों? वे बुरे दौर से गुजर रहे हैं।

## शार्दुल ठाकुर के 100 विकेट पूरे, बोले- जिस दिन नीलामी हुई वो मेरा बुरा दिन था

**हैदराबाद, एजेंसी।** राजीव गांधी इंटरनेशनल स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए एक बार फिर से शार्दुल ठाकुर ने शानदार प्रदर्शन किया।




दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ सीजन के पहले मुकाबले में भी उन्होंने अपने पहले ही ओवर में जेक फ्रेजर और अभिषेक पेरोल के विकेट निकाल दिए थे। अब हैदराबाद के खिलाफ भी उन्होंने एक ही ओवर में अभिषेक शर्मा और ईशान किशन का विकेट निकालकर कमाल कर दिया। यह शार्दुल के चार विकेटों का ही जादू था कि हैदराबाद पहले खेलते हुए 190 रन ही बना पाई। इस मैच के साथ ही शार्दुल ने अपने आईपीएल करियर के 100 विकेट भी पूरे कर लिए। पहली पारी खत्म होने के बद शार्दुल ठाकुर ने कहा कि मुझे लगता है कि क्रिकेट में ये सब होता रहता है। नीलामी के वक्त वह मेरे लिए एक बुरा दिन था जब मुझे किसी भी फ्रैंचाइजी ने नहीं चुना।

## पैट कमिंस ने आईपीएल में बल्ले से रचा इतिहास

**हैदराबाद, एजेंसी।** सनराइजर्स हैदराबाद के लिए आईपीएल 2025 का 7वां मैच कुछ खास नहीं रहा. लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ 27 मार्च को उन्हें 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा. ये इस सीरीज में एसआरएच टीम की पहली हार थी.

इससे पहले शुरुआती मुकाबले में वह बाजी मारने में कामयाब रही थी. टीम को भले ही हार का सामना करना पड़ा, लेकिन कप्तान पैट कमिंस ने एक खास लिस्ट में अपनी जगह बना ली. पैट कमिंस ने आईपीएल में एक ऐसा कारनामा किया जो इससे पहले सिर्फ 3 बल्लेबाज कर सके थे. इस मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी कुछ खास नहीं रही. लेकिन पैट कमिंस ने अपनी बल्लेबाजी से हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया. कमिंस ने अपनी पारी की शुरुआती तीन गेंदों पर लगातार तीन छक्के जड़कर आईपीएल में यह कारनामा करने वाले चौथे खिलाड़ी बनने का गौरव हासिल किया.



उनसे पहले सुनील नरेन, निकोलस पूरन और एमएस धोनी इस अनोखे क्लब का हिस्सा बन चुके हैं.

लेकिन वह इस लिस्ट में शामिल होने वाले पहले गेंदबाज हैं. पैट कमिंस सनराइजर्स हैदराबाद की पारी के दौरान 17वें ओवर में बल्लेबाजी करने उतरे थे. उन्होंने लखनऊ के तेज गेंदबाज शार्दू ठाकुर के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाया और पहली ही गेंद पर पॉइंट के ऊपर से शानदार छक्का जड़ा, दूसरी गेंद फुलटॉस थी जिसे उन्होंने सीधे साइटस्क्रीन के पार भेजा. इसके बाद उन्होंने आवेश खास की गेंद पर भी छक्का लगाया और 3 गेंदों पर 18 रन बटोर लिए. हालांकि, अगली ही गेंद पर वह आउट हो गए. उनकी इस छोटी सी पारी ने टीम ने स्कोर में एक अहम योगदान दिया. जिसके चलते स्त्रा 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 190 रन बनाने में कामयाब रही.

पैट कमिंस की कप्तानी वाली सनराइजर्स हैदराबाद को भले ही इस मैच में हार का सामना करना पड़ा. लेकिन वह गेंद से भी अपनी टीम के सबसे सफल गेंदबाज रहे. उन्होंने 3 ओवर में 29 रन खर्च किए और 2 विकेट अपने नाम किए. हालांकि ये प्रदर्शन उनकी टीम की जीत के लिए काफी नहीं था, क्योंकि लखनऊ ने 191 रन के टारगेट को सिर्फ 16.1 ओवर में हासिल कर लिया.

## 6830 रन और 127 विकेट... स्टार खिलाड़ी ने अचानक किया संन्यास का ऐलान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** क्रिकेट जगत के लगभग सभी स्टार खिलाड़ी फिलहाल आईपीएल में खेल रहे हैं. वहीं, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमों के बीच इंटरनेशनल सीरीज खेली जा रही है. इसी बीच क्रिकेट के एक स्टार खिलाड़ी ने संन्यास का ऐलान कर दिया है. इस खिलाड़ी ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट छोड़ने का फैसला किया है. वह नवंबर 2024 से इस फॉर्मेट का हिस्सा नहीं बना है. हालांकि ये खिलाड़ी लिस्ट ए और टी20 क्रिकेट में खेलना जारी रखेगा.

38 साल के ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मोइसेस हेनरिक्स ने फर्स्ट क्लास क्रिकेट से संन्यास का ऐलान कर दिया है. हेनरिक्स ने ऑस्ट्रेलिया के लिए चार टेस्ट मैच खेले हैं, वन-डे कप में न्यू साउथ वेल्स के लिए उपलब्ध रहेंगे और सिडनी सिक्सर्स के साथ उनके मौजूदा अनुबंध में एक सीजन शेष है, जिसके वे कप्तान भी हैं. बता दें, हेनरिक्स ने नवंबर के शुरू से ही शेफील्ड शील्ड में न्यू साउथ वेल्स के लिए कोई मैच नहीं खेला था और अब इस फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है.मोइसेस हेनरिक्स ने संन्यास का ऐलान करते हुए कहा, 'मैंने इस साल क्रिसमस से पहले ही तय कर लिया था कि अब शेफील्ड शील्ड क्रिकेट खेलना बंद कर देना चाहिए. इतने लंबे समय तक इस राज्य के लिए खेलना और नेतृत्व करना सम्मान की बात थी, लेकिन न्यू साउथ वेल्स के लिए खेलना केवल शब्दों और तैयारी के माध्यम से ही नहीं बल्कि प्रदर्शन के माध्यम से भी नेतृत्व करना है. इस उम्र में भी मेरा शरीर अभी भी सक्षम है, लेकिन मैं खेल के लंबे फॉर्मेट में अपने राज्य के लिए मैच जीतकर नेतृत्व नहीं कर पा रहा था, जो मुझे लगता है कि इस उम्र में आपको करना ही चाहिए.'

### फर्स्ट क्लास क्रिकेट में ऐसा रहा प्रदर्शन

2013 में चेन्नई में भारत के खिलाफ अपने टेस्ट डेब्यू में 68 और नाबाद 81 रन बनाए थे, लेकिन अपने अगले तीन मैचों में दोहरे अंक तक नहीं पहुंच सके, जिनमें से दो भारत के खिलाफ और एक 2016 में श्रीलंका के खिलाफ था. उन्हें अपने करियर के दौरान कुल 131 लिस्ट ए मैच खेले, जिसमें उन्होंने 34.84 की औसत से 6830 रन बनाए. इस दौरान उनके बल्ले से 13 शतक देखने को मिले. इसके अलावा उन्होंने 30.75 की औसत से 127 विकेट भी चटकाए.

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली में देर रात अपराधियों के साथ पुलिस मुठभेड़, कांस्टेबल को लगी गोली; अस्पताल में भर्ती



**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाहरी दिल्ली के तिलक नगर इलाके में पुलिस और वांटेड अपराधियों के बीच देर रात मुठभेड़ हुई। इस दौरान एक पुलिस कांस्टेबल गोली लगने से घायल हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि मुठभेड़ गुरुवार और शुक्रवार की दरम्यानी रात को हुई, जब पुलिस की एक टीम ने सशस्त्र डकैती में शामिल संदिग्ध लोगों के ठिकाने पर छापा मारा। गुप्त सूचना के आधार पर स्पेशल स्टाफ ने सुल्तानपुरी थाने में दर्ज एक मामले में वांटेड अपराधियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया, आरोपी ने कथित तौर पर बंदूक की नोक पर एक व्यक्ति से लूटपाट की थी। उसने मोबाइल फोन और नकदी चुराई थी। संदिग्धों की मौजूदगी की पुष्टि के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची। आधी रात के आसपास, जब टीम वहां पहुंची तो अपराधियों ने भागने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि हेड कांस्टेबल विकास और कांस्टेबल संदीप ने दो संदिग्धों का करीब 400 मीटर तक पीछा किया, तभी उनमें से एक ने गोली चला दी। अधिकारी ने बताया, पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, लेकिन कांस्टेबल संदीप के पेट और बाएं हाथ में गोली लग गई। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है और उनका इलाज चल रहा है। उन्होंने कहा। पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया और उनके पास से दो लोडेड देसी पिस्तौल बरामद की। उन्होंने कहा कि आगे की जांच जारी है और गिरफ्तार संदिग्धों के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जा रही है। दूसरी तरफ पश्चिमी दिल्ली के विकासपुरी में शुक्रवार तड़के पुलिस के साथ हुई हल्की मुठभेड़ के बाद 25 साल के एक वांटेड अपराधी को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान आकाश झा उर्फ ??मोनू के रूप में हुई है। वह गोलीबारी में घायल हो गया और उसे नजदीकी अस्पताल ले जाया गया। उन्होंने बताया कि वह लूट, गोलीबारी और मारपीट के कई मामलों में शामिल है।

### यदि मस्जिद में जगह कम पड़ी तो सड़क पर भी नमाज होगी: असदुद्दीन ओवैसी



**नई दिल्ली, एजेंसी।** ईद की नमाज को लेकर एक बार फिर नेताओं के बीच जुबानी जंग तेज हो गई है। दिल्ली में भाजपा के कुछ नेताओं की ओर से सड़क पर नमाज के खिलाफ की गई बयानबाजी के बाद अब असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम भी कूद पड़ी है। एआईएमआईएम के प्रदेश अध्यक्ष शोएब जमई ने कहा कि यह संभल या मेरठ नहीं बल्कि सबकी दिल्ली है और यदि मस्जिद में जगह कम पड़ी तो सड़क पर भी नमाज होगी। उन्होंने इसके लिए कांवड़ यात्रा की भी दलील दी है। शोएब ने एक्स पर लिखा, भाजपा के कुछ बड़बोले नेता दिल्ली में ईद की नमाज को लेकर गलत बयानबाजी कर रहे हैं। उनको मालूम होना चाहिए कि यह संभल या मेरठ नहीं दिल्ली है, हां सबकी दिल्ली। यहां ईद की नमाज भी होगी और अगर मस्जिद में जगह कम पड़ जाए तो सड़क पर भी होगी। ईदगाहों और अपने घर के छत पर भी होगी। सड़क पर नमाज से लोगों को होने वाली परेशानी की दलीलों के काट में जमई ने कांवड़ यात्रा का जिक्र किया और कहा, कावड़ यात्रा के दौरान मुख्य सड़क को कई घंटे के लिए बंद किया जा सकता है तो नमाज के दौरान 15 मिनट के लिए भी किया जा सकता है।

# अगर हम महाकुंभ में जाते तो वहां वीआईपी व्यवस्थाओं से श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती थी: रॉबर्ट वाड्रा



**नईदिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा के पति रॉबर्ट वाड्रा ने उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ मेले में अमेठी के सांसद राहुल गांधी के न जाने के फैसले का बचाव किया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार धार्मिक आयोजनों का सार्वजनिक प्रदर्शन करने में विश्वास नहीं करता और राहुल गांधी जैसे सांसदों का ऐसे आयोजनों में भाग लेना श्रद्धालुओं के लिए परेशानी का कारण बन सकता था।

न्यूज एजेंसी आईएएनएस से बातचीत में वाड्रा ने कहा, अगर हम महाकुंभ में जाते तो वहां वीआईपी व्यवस्थाओं के कारण श्रद्धालुओं को परेशानी हो सकती थी। हम कभी भी वहां जा सकते हैं। हम कुछ भी सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए नहीं करते। हमें यह दिखाने की जरूरत नहीं है कि हम कितने सेक्युलर हैं।

उन्होंने आगे कहा, मेरा मानना है कि हमें धार्मिक क्रियाओं में सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए भाग नहीं लेना चाहिए और न ही शो ऑफ की राजनीति में शामिल होना चाहिए। इसलिए, मुझे विश्वास है कि राहुल गांधी सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए धार्मिक यात्रा नहीं करते। वे जब चाहें किसी भी पवित्र स्थल पर जा सकते हैं और इसका कोई परेशानी भी नहीं होनी चाहिए।

महाकुंभ मेला 45 दिनों का एक धार्मिक आयोजन था। यह उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में संपन्न हुआ। यह आयोजन 12 वर्षों के बाद हुआ और 26 फरवरी को समाप्त हुआ। सरकारी आंकड़े के मुताबिक, 66 करोड़ से अधिक लोगों ने पवित्र पानी में डुबकी लगाई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित कई बड़े नेता और विभिन्न क्षेत्रों के दिग्गजों ने भी स्नान किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को महाकुंभ मेला में न जाने के लिए आलोचनाओं का सामना करना पड़ा। भाजपा नेता अमित मालवीय ने तंज कसते हुए कहा, देश के विभिन्न हिस्सों और दुनिया भर से 66 करोड़ से अधिक लोग इस महान धार्मिक उत्सव में शामिल हुए, लेकिन कांग्रेस के 'वंशज' राहुल गांधी ने महाकुंभ में भाग नहीं लिया। यह स्वाभाविक है कि एक ईसाई मां और पारसी पिता के बेटे के लिए इस प्राचीन हिन्दू उत्सव में विश्वास नहीं होना चाहिए। राहुल गांधी ने तो रामलला मंदिर भी नहीं गए।

## इफ्तार की तरह दिल्ली में होगी फलाहार पार्टी, रेखा गुप्ता सरकार की नई शुरुआत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रमजान के महीनों में राजनीतिक दलों और सरकारों की ओर से दी जाने वाली इफ्तार पार्टी की तरह अब दिल्ली में रेखा गुप्ता सरकार एक नई शुरुआत करने जा रही है। दिल्ली सरकार ने पहली बार हिंदू नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा नव संवत्सर के लिए एक भव्य समारोह की घोषणा की है, जिसमें नवरात्रि के दौरान बड़े पैमाने पर फलाहार पार्टी समेत कई सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

समारोह की शुरुआत 30 मार्च को दिल्ली विधानसभा में एक कार्यक्रम के साथ होगी। दिल्ली विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में होने वाले इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता होंगी, जबकि कला और संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा भी मौजूद रहेंगे। कई मंत्रियों और विधायकों के भी इस कार्यक्रम में शामिल होने की उम्मीद है।

संस्कृति मंत्री कपिल मिश्रा ने इस पहल को लेकर कहा, यह पहली बार है जब दिल्ली सरकार हिंदू नव वर्ष को इतने व्यापक स्तर पर मना रही है। इस आयोजन की शुरुआत 30 मार्च को दिल्ली विधानसभा लॉन में एक भव्य कार्यक्रम से होगी, जिसमें संपूर्ण भवन को दीपों से सजाया जाएगा, ठीक उसी प्रकार जैसे दीपावली के अवसर पर किया जाता है। उन्होंने कहा कि नवरात्र का पहला दिन होने के कारण इस अवसर पर फलाहार कार्यक्रम का भी आयोजन आगंतुकों के लिए किया गया है, जिसमें व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार कर व्रत का पारण कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त नवरात्र के दौरान ही दिल्ली सरकार पहली बार अन्य जगहों पर भी फलाहार कार्यक्रमों का आयोजन भी करेगी, जिसमें व्रत रखने वाले श्रद्धालु फलाहार कर सकेंगे। यह आयोजन सप्तमी, अष्टमी और नवमी के दिन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें कन्या पूजन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।

## दिल्ली विधानसभा में आप का भारी हंगामा, एक-एक करके निकाले गए विधायक; एक ही बचे



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विधानसभा में बजट सत्र के पांचवा दिन भी काफी हंगामेदार रहा। प्रश्नकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के विधायकों ने काफी हंगामा किया जिसके बाद विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने एक-एक कर 21 विधायकों को निष्कासित कर दिया। उन्होंने कहा, जब भी सीएजी पर चर्चा होनी होती है, विपक्ष इसी तरह हंगामा कर बाहर चला जाता है।

21 विधायकों को निष्कासित करने के बाद केवल एक ही विधायक राम सिंह नेताजी सदन में बच गए हैं। हंगामा तब शुरू हुआ जब आप विधायक सुरेंद्र कुमार ने सरकार से पूछा कि महिला समृद्धि योजना के तहत 2500 रुपये कब दिए जाएंगे। कैबिनेट मंत्री प्रवेश वर्मा ने जवाब दिया कि योजना को लागू करने के लिए चार सदस्यीय समिति बनाई गई है। उन्होंने यह भी कहा कि समिति की अधिसूचना और पात्रता दिशा-निर्देश तैयार होने के तुरंत बाद मानदेय प्रदान किया जाएगा। हालांकि, आप विधायक संजीव झा ने इस समय एक पोस्टर निकाला और स्पीकर ने उन्हें बाहर निकालने का आदेश दिया। इसके बाद एक के बाद एक, आतिशी, मुकेश अहलावत, जरनैल सिंह, विशेष रवि और प्रेम चौहान सहित आप विधायकों को मार्शलबाहर निकाला गया। विजेंद्र गुप्ता ने कहा कि विपक्षी सदस्य सदन में सीएजी की चर्चा से बचने के लिए ऐसा हंगामा कर रहे हैं। इससे पहले विपक्ष का हंगामा मंत्री प्रवेश वर्मा के उस बयान के बाद भी शुरू हुआ था जिसमें उन्होंने कहा था कि आप के कुछ विधायकों ने उनसे मुलाकात में केजरीवाल की हाल पर खुशी जाहिर की है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने उनका नाम जानना चाहा तो प्रवेश वर्मा ने कहा कि उन्हें नाम ना बताने की कसम दी गई है।

## लुटियंस दिल्ली में मुगल शासकों के नाम पर पोती कालिख, बौद्ध संगठन ने सरकार से क्या की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में मुगल और दिल्ली सल्तनत के शासकों के साइनबोर्ड को तोड़कर माहौल बिगाड़ने की कोशिश की गई है। लुटियंस दिल्ली में एक बौद्ध संगठन के सदस्यों ने सड़क साइनबोर्ड पर लगे साइनबोर्ड को कथित तौर पर तोड़ दिया। भारतीय बौद्ध संघ के सदस्यों ने नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के अधिकार क्षेत्र में आने वाले साइनबोर्ड पर लिखे नाम को काले स्प्रे पेंट से ढक दिया।

संगठन के सदस्यों ने शाहजहां रोड के साइनबोर्ड पर वीर सावरकर मार्ग, तुगलक लेन पर अहिल्या बाई मार्ग, अकबर रोड पर महर्षि वाल्मीकि मार्ग और हुमायूं रोड पर बालासाहेब ठाकरे मार्ग लिखा पोस्टर चिपका दिया गया। एनडीएमसी की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। भारतीय बौद्ध संघ के अध्यक्ष संघप्रिय राहुल ने पीटीआई से बात करते हुए कहा, हम प्रधानमंत्री और गृह मंत्री से सार्वजनिक स्थानों से मुगल नामों को हटाने का आग्रह करते हैं, क्योंकि वे अत्याचारों के इतिहास का प्रतीक हैं। हमें ऐसे नामों की जरूरत नहीं है।

यह घटना 20 मार्च को कश्मीरी गेट आईएसबीटी पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा के साथ कथित तोड़फोड़ का विरोध कर रहे अज्ञात व्यक्तियों ने अकबर रोड के साइनबोर्ड को पर कालिख पोत दी थी। उन्होंने उसपर महाराणा प्रताप का पोस्टर चिपका दिया था। अमित राठौर नामक शख्स ने एएनआई से कहा था, महाराणा प्रताप का अपमान नहीं सहेगा हिन्दुस्तान। पुलिस प्रशासन और दिल्ली सरकार आईएसबीटी कश्मीरी गेट पर हुई घटना को दबाने की कोशिश कर रही है... जो भी दोषी हैं उन्हें गिरफ्तार किया जाना चाहिए, उनके खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जानी चाहिए।

अकबर रोड और हुमायूं रोड पर भी पिछले महीने साइनबोर्ड तोड़ दिए गए थे और उन पर छत्रपति शिवाजी के पोस्टर चिपका दिए गए थे। हाल ही में, भाजपा नेता दिनेश शर्मा और केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने तुगलक लेन स्थित अपने आवासों पर नेमप्लेट बदल दीं और 'स्वामी विवेकानंद मार्ग' ब्रैकेट में (तुगलक लेन) लिख दिया।

### केजरीवाल सरकार ने 20 हजार बनाने का किया था दावा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली सरकार के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने आम आदमी पार्टी (आप) सरकार के दौरान स्कूलों में हुए कामकाज को लेकर विधानसभा में आंकड़ों के साथ बड़ा प्रहार किया। बजट पर चर्चा के दौरान आशीष सूद ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सरकार के दौरान दिल्ली में 20 हजार क्लासरूम बनाने के दावे किए गए, लेकिन असल में ये 7 हजार ही निकले। उन्होंने कहा कि टॉयलेट, स्टोर रूम आदि को भी क्लास के रूप में गिन लिए गए थे। मंत्री ने कहा कि शिक्षा क्रांति और सपनों का स्कूल बनाने वालों ने टॉयलेट और स्टोररूम की भी गिनती क्लासरूम में ही की है। मंत्री ने कहा कि उनकी सरकार पीडब्ल्यूडी के इस चलन को बंद कर देगी कि कॉरिडोर, बाथरूम, स्टोररूम सबको कमरों के रूम में गिन दो। 20,000 कमरे जो आप दिखाते हैं समकक्ष कमरों के रूप में, शिक्षा क्रांति के रूप में, उसमें से केवल 7 हजार क्लासरूम हैं। सूद ने कहा, एक दिन तुम्हारे कर्म तुमसे मिलने आएंगे, बस तुम उस दिन हैरान मत होना। आशीष सूद ने आरोप लगाया कि केजरीवाल सरकार के दौरान काम से ज्यादा प्रचार पर खर्च किया गया। उन्होंने कहा, हैप्पीनेस करिकुलम पर 4 करोड़ रुपये खर्च किए और उसके प्रचार पर 20 करोड़ 87 लाख रुपये खर्च किए। देश भक्ति करिकुलम पर 49 लाख रुपये खर्च किए और उसके प्रचार पर खर्च 11 करोड़ 49 लाख रुपये।

## 16 करोड़ में खरीदा फ्लैट, लेकिन बाथरूम से गायब था बाथटब



**लंदन , एजेंसी।** लंदन में एक महिला अकाउंटेंट ने 16.6 करोड़ रुपए का वर्साचे डिजाइन वाला फ्लैट खरीदा था। फ्लैट खरीदते ही उसने डेवलपर्स पर मुकदमा दायर कर दिया है, महिला का कहना है कि बाथरूम में बाथटब नहीं है, ऐसे में उसके साथ धोखा हुआ है। महिला का दावा है कि उसे वर्साचे टॉवर नामक इमारत में एक अपार्टमेंट के लिए अल्टीमेट लग्जरी का वादा किया गया था, जिसके लिए डेवलपर्स और फैशन हाउस के बीच इंटीरियर डिजाइन करने के लिए एक हाई-प्रोफाइल कोलाबोरेशन किया गया था। बता दें कि डेवलपर, जर्सी की एक कंपनी है और दुबई की पैरेंट कंपनी के पास है।।

एक रिपोर्ट के अनुसार, मी सुक पार्क ने नाइन एल्म्स में 50 मंजिला आयकॉन लंदन वन टॉवर में दो बेडरूम वाले अपार्टमेंट और पार्किंग स्पेस के लिए 4.2 करोड़ रुपये (381,000 पाउंड) का डिपॉजिट दिया। उसने संपत्ति को अपने और अपने पति के लिए खरीदने का फैसला किया। महिला ने 2019 में अपना पिछला घर भी बेच दिया था, क्योंकि उनका नया फ्लैट उन्हें 2020 में मिलने वाला था। लेकिन उन्हें ये फ्लैट 2022 में मिला। मी सुक पार्क ने जब ये फ्लैट देखा तो उन्हें इसे देखते ही तुरंत झटका लगा और उन्होंने सेंट्रल लोनन काउंटी कोर्ट में शिकायत दर्ज कराई की, बेडरूम अपेक्षा से छोटा था और दो बाथरूम में से एक में बाथटब नहीं था। उन्होंने 7.7 करोड़ रुपये (700,000 पाउंड) से अधिक का मुकदमा दायर किया है, जिसमें शिकायत की गई है कि फ्लैट योजना और डिटेल में बताए गए अपार्टमेंट के लेआउट से अलग था जिसे उन्होंने जमा राशि का भुगतान करने से पहले देखा था।

## क्रिकेट जगत में शोक की लहर, दिग्गज खिलाड़ी पीटर लीवर का हुआ निधन

**लंदन , एजेंसी।** इंग्लैंड के पूर्व दिग्गज तेज–मध्यम गेंदबाज पीटर लीवर का 84 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है. इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (श्वष्टक्च) ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है. पीटर लीवर इंग्लैंड के बेहतरीन गेंदबाजों में गिने जाते थे और उन्होंने अपने करियर में कई यादगार प्रदर्शन किए. पीटर लीवर का क्रिकेट करियर बेहद खास रहा. उन्होंने इंग्लैंड के लिए 1970 से 1975 के बीच 17 टेस्ट और 10 वनडे मैच खेले. अपने घरेलू क्रिकेट करियर में उन्होंने लंकाशायर के लिए 301 प्रथम श्रेणी मैचों में शानदार 796 विकेट लिए. साथ ही, उन्होंने 3,534 रन भी बनाए. 1970 में रेस्ट ऑफ द वर्ल्ड एक्सआई के खिलाफ शानदार गेंदबाजी के लिए जाना जाता है. उन्होंने उस मुकाबले में 7 विकेट झटके थे और यह उनके करियर का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ. उन्होंने इस मुकाबले में गैरी सोबर्स, क्लाइव लॉयड और मुश्ताक मोहम्मद जैसे दिग्गज बल्लेबाजों को आउट किया था. बाद में लीवर ने कहा था, उन 7 विकेटों की बदौलत मुझे एशेज टीम में जगह मिली. पीटर लीवर ने 1970–71 एशेज सीरीज के दौरान इंग्लैंड के लिए टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण किया. उस सीरीज में इंग्लैंड ने शानदार जीत दर्ज की थी. इसके बाद, उन्होंने 1974–75 एशेज दौरे में भी बेहतरीन प्रदर्शन किया और मेलबर्न टेस्ट में 6 विकेट लेकर टीम को पारी और 4 रन से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई. हालांकि पीटर लीवर गेंदबाजी के लिए मशहूर थे, लेकिन उन्होंने 1971 में भारत के खिलाफ ओल्ड ट्रैफर्ड में 88 रनों की शानदार पारी खेली थी. उन्होंने रे इलिंगवर्थ के साथ मिलकर आठवें विकेट के लिए 168 रनों की साझेदारी की थी. यह उनके टेस्ट करियर की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक मानी जाती है. अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में पीटर लीवर ने 17 टेस्ट और 10 वनडे खेले. टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने 41 विकेट, जबकि वनडे में 11 विकेट अपने नाम किए. 1971 में उन्होंने अपना पहला वनडे मैच खेला था. संन्यास के बाद भी उन्होंने क्रिकेट से अपना जुड़ाव बनाए रखा. वह लंकाशायर टीम के साथ जुड़े रहे और इंग्लैंड के चयनकर्ताओं के अध्यक्ष रे इलिंगवर्थकी भी मदद की.

## मारिस्का दुनिया की सबसे महंगी एक्ट्रेस, कमाई के मामले में टॉम क्रूज को भी छोड़ा पीछे



**लास एंजिल्स , एजेंसी।** टीवी एंटरटेनमेंट आजकल दर्शकों के बीच सबसे लोकप्रिय और पसंदीदा माध्यम बन चुका है। टीवी शोज में काम करने वाले छोटे-छोटे सेलेब्स भी दर्शकों के दिलों में खास जगह बना लेते हैं। हालांकि, फिल्मी सितारों की तुलना में टीवी स्टार्स को पहले कम फीस मिलती थी। लेकिन अब वक्त बदल चुका है और टीवी स्टार्स को अब टॉप फिल्म स्टार्स से भी ज्यादा फीस मिलने लगी है। इसका सबसे ताजा उदाहरण एक रिपोर्ट है, जिसमें बताया गया है कि एक टीवी एक्ट्रेस ने ए-लिस्टर फिल्म स्टार टॉम क्रूज को भी अपनी कमाई के मामले में पछाड़ दिया है।

दुनिया के सबसे अमीर एक्टर ड्वेन जॉनसन हैं, जिनकी सालाना इनकम 88 मिलियन डॉलर (लगभग 700 करोड़ रुपये) बताई जा रही है। वहीं दुनिया की सबसे अमीर एक्ट्रेस निकोल किडमैन हैं, जिनकी उम्र 57 साल है और उनकी सलाना इनकम 31 मिलियन डॉलर (करीब 250 करोड़ रुपये) है।

अब बात करते हैं उस टीवी स्टार की, जिसने सभी को अपनी कमाई के मामले में पीछे छोड़ दिया है। यह कोई फिल्म स्टार नहीं, बल्कि 61 साल की मशहूर एक्ट्रेस मारिस्का हार्गिटे हैं। फोर्ब्स के मुताबिक, 2024 की सबसे महंगी एक्ट्रेस के रूप में मारिस्का ने एक साल में 25 मिलियन डॉलर (लगभग 2.48 करोड़ रुपये) कमाए हैं। इस सूची में वह 11वें स्थान पर हैं। मारिस्का की कमाई ने कई बड़े हॉलीवुड स्टार्स को पीछे छोड़ दिया है। यहां तक कि वे कुछ बहुत बड़े नामों से भी ज्यादा कमाई करने में सफल रही हैं।

मारिस्का हार्गिटे को अमेरिकी टीवी के सबसे लंबे समय तक चलने वाले प्राइमटाइम ड्रामा शो लॉ एंड ऑर्डर: स्पेशल विक्टिम्स यूनिट में ओलिविया बेन्सन के किरदार के लिए जाना जाता है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1980 के दशक में की थी और कई फिल्मों और टीवी शोज में काम किया है, लेकिन उन्हें सबसे बड़ी पहचान और सफलता लॉ एंड ऑर्डर: स्पेशल विक्टिम्स यूनिट से मिली। इस शो में उन्होंने 26 साल तक अपनी भूमिका निभाई और इसके जरिए उन्होंने एक लंबी और सफल यात्रा तय की।

### अब नेता करेंगे जजों का चयन, इजरायली संसद ने बदलाव को दी मंजूरी

यूरूसलम, एजेंसी। इजरायली संसद ने गुरुवार को एक अहम बिल को अंतिम मंजूरी दे दी है, जिसके तहत राजनेताओं को न्यायाधीशों की चयन प्रक्रिया में अधिक अधिकार मिलेगा। यह बिल प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की सरकार के खिलाफ जारी विरोध प्रदर्शनों की एक प्रमुख वजह बन चुका है। इस बिल के तहत न्यायाधीशों के चयन समिति के नौ सदस्य होंगे, जिनमें से पहले जो सदस्य इज़राइल बार एसोसिएशन द्वारा चुने जाते थे, उन्हें हटा दिया जाएगा और उनके स्थान पर सरकार और विपक्ष द्वारा चयनित प्रतिनिधि नियुक्त किए जाएंगे।

## पाकिस्तान की जेल में भारतीय मछुआरे की मौत

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के कराची स्थित मलीर जेल में भारतीय मछुआरे ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। एक जेल अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जेल अधीक्षक अरशद हुसैन ने 'पीटीआई' को बताया, ''गौरव राम आनंद ने मंगलवार रात उस बैरक के शौचालय में रस्सी से फंदा लगा लिया, जहां भारतीय मछुआरों को रखा जाता है।'' शवगृह में रखवाया है, जहां अन्य औपचारिकताएं पूरी की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर औपचारिकताएं पूरी होने के बाद शव उसके परिजन को सौंप दिया जाएगा। आनंद को पाकिस्तान के जलक्षेत्र में अवैध रूप से मछली पकड़ने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, जिसके बाद फरवरी 2022 से वह मलीर जेल में बंद था। पाकिस्तान और भारत की सरकारें सद्भावना के तौर पर नियमित रूप से कैदियों, ज़्यादातर ग़रीब मछुआरों की अदला-बदली करती रही हैं। फरवरी 2022 में मलीर जेल से रिहा होने के बाद भारतीय मछुआरों को वाघा सीमा पर भारतीय प्राधिकारियों को सौंप दिया गया था। हुसैन ने कहा कि जेल में सजा काट रहे अधिकांश भारतीय मछुआरे गुजरात के गिर सोमनाथ क्षेत्र के हैं।

# पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक

## सामान्य कचरे के साथ बायोमेडिकल अपशिष्ट की निकासी करना गंभीर विषय : उपायुक्त



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को पीसी एंड पीएनडीटी जिला सलाहकार समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान उपायुक्त ने शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एसएनएमएमसीएच), सदर अस्पताल तथा निजी अस्पतालों के बायोमेडिकल अपशिष्ट की निकासी पर चर्चा की। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन को ऐसी शिकायत मिली है कि बायोमेडिकल अपशिष्ट का नगर निगम के कचरा के साथ निकास किया जाता है। यह अति गंभीर विषय है। जबकि संबंधित एजेंसी को वैज्ञानिक तरीके से अपने प्लांट में इसका निपटारा करना चाहिए। उन्होंने सिविल सर्जन को इसकी जांच करके शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।

बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत दिनों विभिन्न अल्ट्रासाउंड सेंटर पर की गई कार्रवाई की समीक्षा की। जांच दल को हर कार्रवाई की वीडियोग्राफी करने, अल्ट्रासाउंड सेंटरों में औचक जांच करने, जिला सलाहकार समिति को पीसी एंड पीएनडीटी एक्ट के संबंध में जागरूकता लाने के लिए कार्यशाला का आयोजन करने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने अल्ट्रासाउंड सेंटरों के रिन्यूअल तथा नए सेंटरों के रजिस्ट्रेशन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा की। उन्होंने सदस्यों को सेंटर का भौतिक सत्यापन करने, बिल्डिंग नक्शे की जांच करने, अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित अन्य बिंदुओं की जांच करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ चंद्रभानु प्रतापन, कार्यपालक दंडाधिकारी रविन्द्र नाथ ठाकुर, डॉ विकास राणा, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ शम्स तबरेज खान, डॉ गायत्री सिंह, डॉ नितु सहाय, डॉ राकेश इंदर सिंह, निता सिन्हा, डीपीआरओ सुनिल कुमार सिंह के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

### उपायुक्त ने कंपोजिट कंट्रोल रूम का लिया जायजा



**बोकारो।** रमजान माह के अंतिम शुक्रवार को जमात-उल-विदा (अंतिम जुम्मा) पर विधि-व्यवस्था को लेकर उपायुक्त विजया जाधव ने समाहरणालय समीप स्थित कंपोजिट कंट्रोल रूम (सीसीआर) का जायजा लिया। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, ट्रैफिक डीएसपी विद्या सागर, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह आदि उपस्थित थे।

उन्होंने जिले के विभिन्न स्थानों पर अधिष्ठापित सीसीटीवी कैमरों का मास्टर मॉनिटर पर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। मौके पर उपस्थित पदाधिकारियों एवं प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी से जिले के विभिन्न स्थानों से प्राप्त सूचना की जानकारी ली। सभी स्थानों पर शांतिपूर्ण माहौल में नमाज अता की गई।

# डीइओ ने विद्यालय के प्राचार्यों से पूछा स्पष्टीकरण

## 5 अप्रैल तक जवाब समर्पित करने का निर्देश, स्पष्ट प्रतिवेदन नहीं होने पर होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) जगरनाथ लोहरा ने शुक्रवार को जिले में संचालित सभी सीबीएसई/आइसीएसई विद्यालय प्राचार्यों/संचालकों से अभिभावकों से लगातार प्राप्त हो रही शिकायतों पर उनसे स्पष्टीकरण पूछा है। उन्हें आगामी 05 अप्रैल तक अपना जवाब समर्पित करने को कहा है। इस बाबत जिला शिक्षा पदाधिकारी का कार्यालय द्वारा पत्र जारी किया गया है।

जारी पत्र में उल्लेख किया गया है कि सीबीएसई से मान्यता प्राप्त सिलेबस होने के बावजूद एनसीआरटी कि किताबों के अलावे कई अन्य प्रकाशन की किताबें अभिभावकों से खरीदवाई जा रही है। यहाँ तक कि किसी व्यक्ति विशेष अथवा उनसे सम्वद्ध दुकानों से ही किताबों की खरीदी करने के लिए प्रेषित की जा रही है।

इसके अतिरिक्त एक ही सिलेबस के अगल-अलग किताबों को भी खरीदने के लिए अभिभावकों को प्रेषित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष सिलेबस बदलने के नाम पर अलग-अलग किताबों की खरीदी के लिए अभिभावकों को सूची दी जा रही है, जिससे अभिभावकों के ऊपर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है इत्यादि।

मनमानी तरीके से विभिन्न मदों में अभिभावकों से शूल्क की वसूली की जा रही है। प्रतिवर्ष पोशाक भी बदल दिए जाते हैं तथा बदले हुए पोषाक को किसी व्यक्ति विशेष के दुकान अथवा चिन्हित दुकान से ही उसकी खरीदारी करने के लिए प्रेषित किया जाता है।

उपरोक्त बिन्दुओं पर जिला शिक्षा पदाधिकारी (डीईओ) ने 5 अप्रैल तक सभी विद्यालयों को विद्यालय प्रबंधन समिति से मान्यता प्राप्त किताबों/पोशाकों/शूल्कों के संबंध में स्पष्ट प्रतिवेदन उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। ताकि उपायुक्त, बोकारो की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति के समक्ष उक्त प्रतिवेदन को रखा जा सके। स्पष्ट प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने की स्थिति में झारखण्ड शिक्षा न्यायधिकरण (संशोधन) अधिनियम, 2027 की धारा-7 (अ) (1) (2) (3) में निहित प्रावधानों के तहत संबंधित विद्यालय के विरूद्ध आर्थिक दण्ड लगाया जायेगा।

# अवैध माइनिंग पर अंकुश को हो रही ताबड़तोड़ कार्रवाई



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** उपयुक्त विजया जाधव के निर्देश पर जिला प्रशासन बोकारो द्वारा लगातार अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को गठित कमेटी के सदस्यों द्वारा शुक्रवार को सीसीएल हजारीबाग क्षेत्र के केबीपी परियोजना के बोकारो जिला अंतर्गत गोमिया के बगरिया ग्राम में अवस्थित अवैध मुहानों (रैट हॉल्स) को ब्लास्ट कर ध्वस्त करने का अभियान चलाया गया।

प्रथम चरण में अवैध मुहानों को बंद करने हेतु ड्रिलिंग मशीन के माध्यम से 160 होल्स निर्मित कर कंट्रोल ब्लास्टिंग के माध्यम से ध्वस्त किया गया । उक्त अभियान में उपायुक्त द्वारा गठित संयुक्त जांच समिति के सदस्य वन प्रमंडल विभाग के संदीप कुमार, जिला खनन पदाधिकारी रवि कुमार सिंह, सीसीएल के अधिकारी, स्थानीय पुलिस बल एवं जिला बल के जवान आदि शामिल थे।

# नदियों, जल स्त्रोतों का हमारे जीवन में काफी महत्व : डीएफओ

## आमजनों में विभिन्न नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने को ले जागरूकता के लिए वाकथान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** नमामि गंगे अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा के तहत शुक्रवार को विभिन्न नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ रखने को लेकर जिला गंगा समिति द्वारा वाकाथान का आयोजन किया गया। वाकाथान का नेतृत्व जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार ने किया। मौके पर डीआरडीए निदेशक मनेका, अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास सुश्री प्रांजल ढ़ांडा आदि उपस्थित थे।

वाकाथान की शुरूआत बोकारो हवाई अड्डा से गुब्बारा उड़ाकर किया गया। वाकाथान हवाई अड्डा से शुरू होकर टाउन हाल होते हुए होकर गरगा नदी पहुंच समाप्त हुई। मौके पर अपने संबोधन में जिला वन प्रमंडल पदाधिकारी (डीएफओ) रजनीश कुमार ने कहा कि मानव जीवन में विभिन्न नदियों/जल श्रोतों का काफी अधिक महत्व है। सभी सभ्यताओं का विकास नदी तट के समीप हुआ है। अगर यह नदियां/जल श्रोत स्वच्छ है - सुरक्षित हैं, तभी हमारा जीवन भी सुरक्षित है। आमजनों में अपने आस - पास के नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए जन जागरूकता उद्देश्य से इस वाकाथान का आयोजन किया गया है। उन्होंने आम लोगों से नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने का अपील किया।

उपस्थित अनुमंडल पदाधिकारी (एसडीओ) चास प्रांजल ढ़ांडा ने कहा कि नमामि गंगे के तहत जागरूकता के उद्देश्य से वाकाथान का आयोजन किया गया। हमेशा से हमारा जीवन इन नदियों/जल श्रोतों पर निर्भर रहा है। उन्होंने आम जनों से अपने आस पास के नदियों/तालाबों एवं अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने को लेकर आगे आने का आह्वान किया। कहा कि हम सब अपना थोड़ा झ थोड़ा सहयोग करें तो नदियों/जल श्रोतों को स्वच्छ रखने का संकल्प पूरा होगा।

इससे पूर्व, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों/आम जनों/सिविल डिफेंस/विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों आदि के द्वारा चास स्थित गरगा नदी पुल घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर नमामि गंगे के नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार ने उपस्थित सभी को दामोदर/गरगा नदी समेत अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ बनाने के लिए स्वच्छता ही सेवा का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हम अपने क्षेत्र के दामोदर/गरगा समेत अन्य जल श्रोतों) तट को साफ झ सुथरा रखेंगे एवं यहां रहने वाले लोगों को भी दामोदर/गरगा समेत अन्य जल श्रोतों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित करेंगे। हम दामोदर/गरगा समेत अन्य जल श्रोतों में कूड़ा- कचरा व पालिथीन नहीं डालेंगे। हम हमेशा कपड़े के थैले का प्रयोग करेंगे। हम अपने घरों के गंदे पानी के निपटान के लिए सोख्ता गड्ढ़ा बनाएंगे। हम दामोदर/गरगा समेत अन्य जल श्रोतों में बची हुई पूजा सामग्री व केमिकल से बनी हुई मूर्तियां विसर्जित नहीं करेंगे। हम बची हुई पूजा सामग्री को मिट्टी में दबा देंगे। हम खुले में शौच के बजाय शौचालय का प्रयोग करेंगे। हम एक बार प्रयोग के बाद फेंक दी जाने वाली वस्तुओं को पुनः उपयोग नहीं करेंगे। उपस्थित सभी ने इन पंक्तियों का दोहराव किया।



### गरगा नदी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, जिला खेल पदाधिकारी हेमलता बुन, सहायक नगर आयुक्त प्रियंका कुमारी, सहायक नगर आयुक्त जयपाल मुंडा, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह, सिविल डिफेंस के डा. एस पी वर्मा, नमामि गंगे के परियोजना पदाधिकारी प्रितम कुमार समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# पुलिस फ्रेंडली बनाने में लगे हैं पुलिस कप्तान

## बच्चों के बीच किया पाठ्य सामग्री का वितरण



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** जहां कभी पुलिस और पब्लिक एक दूसरे से मुलाकात करने से डरते थे, आज वहां बोकारो के पुलिस कप्तान पहुंचकर कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत लोगों से मुलाकात कर उनको पुलिस फ्रेंडली बनाने में लगे हुए हैं। हम कह सकते हैं कि नक्सलियों के गढ़ में पुलिस अब आम लोगों के साथ मित्रवत व्यवहार कर रही है ।

इसके लिए लोग आगे भी आ रहे हैं ।

बोकारो पुलिस कप्तान मनोज स्वर्गियरी ने आज घोर नक्सल क्षेत्र चतरो चट्टी थाना क्षेत्र के चुट्टे फुटबॉल मैदान में कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया था।जहां क्रिकेट फुटबॉल सहित अन्य खेल कराकर बच्चों को खेल सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान बच्चों को स्कूल बैग कॉपी किताब पेंसिल भी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित महिलाओं को राज्य सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की भी जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में शामिल होने आई गांव की महिला ने कहा की पहले की अपेक्षा अब महिलाएं भी आगे आ रही हैं। हम लोग कई घटनाओं में पुलिस के साथ मिलकर लोगों को न्याय दिलाने का भी काम किए हैं। जिसका लाभ अब आम लोगों के साथ पुलिस को भी मिल रहा है।

पंचायत के मुखिया रियाज अंसारी ने बताया कि पहले इस इलाके का थाना गोमिया हुआ करता था लोगों को आने-जाने में काफी परेशानी होती थी। लेकिन आज दो थाना और एक आप बनाकर पूरे इलाके के लोगों के लिए सुविधा हुई है।

इस तरह के कार्यक्रम हमेशा होते रहने चाहिए क्योंकि इलाके में कई समस्या है जिसे दूर करना भी प्रशासन और पुलिस का कर्तव्य है।

एसपी मनोज स्वर्गियारी ने बताया कि कम्युनिटी पुलिसिंग के तहत हम लोग यहां आए थे। लोगों की भीड़ देखकर काफी अच्छा लगा ।हम कह सकते हैं कि नक्सलियों का डर अब खत्म हो रहा है ।पुलिस और पब्लिक एक दूसरे के सामने आ रहे हैं। इस कार्यक्रम के उद्देश्य से युवाओं में जो भटकाव नक्सली करना चाहते हैं उसे रोकना है और लोगों को सरकारी लाभ भी पहुंचना है। इस माध्यम से हम लोग नक्सलवाद से जाने से लोगों को रोक सकते हैं और विकास की रोशनी अंतिम इलाके तक पहुंच भी सकते हैं।

### रूबरू कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोकारो।** शुक्रवार को बीएसएल अधिकारियों का निदेशक प्रभारी बीरेंद्र कुमार तिवारी के साथ मानव संसाधन के ज्ञानार्जन एवं विकास केंद्र में रुबरु नामक संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 31 अधिकारी शामिल हुए। संवाद कार्यक्रम के आरम्भ में निदेशक प्रभारी की अगुवाई में सभी ने सुरक्षा शपथ ली। सहायक महाप्रबंधक अमित आनंद ने एक प्रस्तुतिकरण के माध्यम से बीएसएल द्वारा ज्ञानार्जन एवं विकास की दिशा में किए गए पहल यथा लिंकडइन, फ्यूचर प्राइम इत्यादि प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ एमओयू, ई -पाठशाला और अन्य ऐसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से बीएसएल द्वारा अपने कर्मियों को ज्ञानार्जन हेतु उपलब्ध कराये जा रहे नए अवसरों पर प्रकाश डाला। निदेशक प्रभारी ने अपने उद्बोधन में ज्ञानार्जन एवं विकास की अहमियत को रेखांकित करते हुए सभी को सीखने के इन अवसरों का भरपूर लाभ उठाने, ज्ञानार्जन द्वारा सेल्फ डेवलपमेंट, बेस्ट प्रैक्टिसेज को अपनाने तथा डिजिटलाइजेशन एवं ए आई के क्षेत्र में तेजी से हो रहे विकास से अवगत होने पर बल दिया।

# ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** लोयाबाद थाना परिसर में ईद व रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में कई तरह के मुद्दों पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी पिकू प्रसाद ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी और ईद के दिन पुलिस बल की मुकम्मल व्यवस्था रहेगी।असमाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की कोशिश करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि कोई भी विडियो बिना सत्यापित किए बगैर नहीं चलाएं। यदि किसी द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।लाइट और पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने शांति सदस्यों से कहा कि आखाडा दल जरा जरा-सी बात पर लड जाते हैं इस बात का ध्यान रखें ताकि लोग आपस न लडें। मौके पर मुस्लिम कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री मो असलम मंसूरी, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो , पुजा समिति के सचिव बिजेंद्र पासवान, जय प्रकाश पांडेय, नंदू दूलाल सेन गुप्ता, मो जहांगीर,संजय पांडेय, सुनील पांडे,मनोज चौहान, राजेंद्र प्रसाद, कृपा शंकर सिंह,गणेश साव अजीत पासवान एसआई रोहित कुमार,हीरा लाल दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे। लोयाबाद थाना परिसर में ईद व रामनवमी को लेकर शुक्रवार को शांति समिति की बैठक हुई।बैठक में कई तरह के मुद्दों पर चर्चा हुई। थाना प्रभारी पिकू प्रसाद ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि रामनवमी और ईद के दिन पुलिस बल की मुकम्मल व्यवस्था रहेगी।असमाजिक तत्वों द्वारा अशांति फैलाने की कोशिश करने वाले को बख्शा नहीं जाएगा। कहा कि कोई भी विडियो बिना सत्यापित किए बगैर नहीं चलाएं। यदि किसी द्वारा प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।लाइट और पानी की व्यवस्था कराई जाएगी। उन्होंने शांति सदस्यों से कहा कि आखाडा दल जरा जरा-सी बात पर लड जाते हैं इस बात का ध्यान रखें ताकि लोग आपस न लडें। मौके पर मुस्लिम कमिटी के अध्यक्ष इम्तियाज अहमद, महामंत्री मो असलम मंसूरी, चेंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष राजकुमार महतो , पुजा समिति के सचिव बिजेंद्र पासवान, जय प्रकाश पांडेय, नंदू दूलाल सेन गुप्ता, मो जहांगीर,संजय पांडेय, सुनील पांडे,मनोज चौहान, राजेंद्र प्रसाद, कृपा शंकर सिंह,गणेश साव अजीत पासवान एसआई रोहित कुमार,हीरा लाल दास सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



# ईश्वर से अनुराग के अलावा अन्य किसी की भी अति ठीक नहीं : राजन जी महाराज








**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

बोकारो। बोकारो इस्पात नगर के मजदूर मैदान में चल रहे नौ दिवसीय श्री राम कथा के आज दूसरे दिन राजन जी महराज ने शिव पार्वती विवाहोत्सव की चर्चा की। महाराज जी ने सुनाया की जब

मुनि भारद्वाज जी ने ऋषि याज्ञवल्क्य जी से श्री राम जी कौन है का प्रश्न किया तो याज्ञवल्कय जी ने भरद्वाज जी को कहा कि चलिए आपको त्रेतायुग मे लेकर चलते है जहाँ शंभु एकबार दंडकारण्य अगस्त्य ऋषि के आश्रम में सती जी के साथ गए और वहाँ श्रीराम कथा का वाचन हो रहा था जिसे सुनकर महेश अत्यन्त प्रसन्न हो गए।

इस प्रसंग से महाराज ने बाबा शंकर और सती के विछोह की कथा सुनाई और बताई की अगर मन मे कोई बात खटक गई है तो वो किसी के उपदेश से नही जाएगा ।जो समझ न आये और अपने समझाए तो उसे स्वीकार करना चाहिए।

कथा के माध्यम से महाराज ने विनाश काले विपरीत बुध्दि का भी उदाहरण दिया कि कैसे कुछ भी कर के भगवान शंकर माता सती को समझा नही पाए ।

महाराज जी ने बताया कि सबकुछ प्रभु लीला समझकर प्रभु के सहारे छोड़ देना चाहिए ऐसे अवसर पर।

अपने सरस कथा में राजन जी ने कहा कि संसार त्याग सकती है आपका लेकिन आपकी माँ आपका त्याग नही कर सकती।

महाराज जी ने बताया कि जब हिमाचल जी को नारद जी ने भगवान शंकर जी का वर्णन बताया तो हिमाचल जी ने उसे बदलने के उपाय पूछे ।उत्तर में नारद जी ने कहा जो लिखा है जो उसे कोई नही बदल सकता ।प्रसंग के माध्यम से महाराज जी ने बताया की जो लिखा है वो होगा उसे टालने नही स्वीकारने का स्वभाव बनाइये सब सरल हो जाएगा।

श्री राजन जी महाराज के हास्य विनोद के मेल से प्रस्तुत किये गए शिव पार्वती विवाहोत्सव का प्रसंग श्रोताओं को इतना भा गया कि कथा में जुटे भक्त खुद को खड़े होकर झूमने से नही रोक पाए।

कथा में झूमते भक्तों को देखकर कथावाचक राजन जी महाराज अत्यंत प्रश्न हो गए और उन्होंने सब को पिछले जन्म में शिव पार्वती विवाहोत्सव का बाराती बताया।

3 बजे ही पंडाल लगभग भर चुका था और भक्तों की उत्सुकता को आदर देते हुए उन्हें महाराज जी के मंडली गायकों के द्वारा सरस भजन सुनाए गए ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी.कॉर्प.लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादकः मनोज विशाल फोन नंबरः 9431145865, 8210783623, आर.एन.आई. पंजीकरण संख्याः JHAHIN/2017/72655, Email : bokaronbt@gmail.com